

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 114 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 02 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## "आ गया भाजपाई बजट का परिणाम, शेयर मार्केट हुआ धड़ाम।" अखिलेश यादव

समाज जागरण ब्यूरो, 01 फरवरी 2026, नोएडाः सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट कर कहा कि "आ गया भाजपाई बजट का परिणाम, शेयर मार्केट हुआ धड़ाम।" उनके अनुसार, 2026 का केंद्रीय बजट आम जनता और मध्यम वर्ग के लिए निराशाजनक है और केवल कुछ विशेष वर्गों के लिए ही फायदे वाला है।



2026 के बजट में मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और छोटे व्यवसायियों को कोई ठोस राहत नहीं मिली। महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है, लेकिन जनता के लिए टैक्स में कोई छूट नहीं है। वहीं अमीर वर्ग के कारोबार और यात्रा पर कई तरह की छूट दी गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बजट ने सामाजिक सुरक्षा को केवल औपचारिकता तक सीमित कर दिया है, जिससे गरीब और वंचित वर्ग की स्थिति पहले से और बिगड़ी हुई नजर आती है।

### अखिलेश यादव के ट्वीट में मुख्य बिंदुः

सवाल यह नहीं है कि शेयर बाजार रविवार को खुलेगा, बल्कि यह है कि और कितना गिरेगा।

भाजपा के हर बजट को केवल 1/20 (एक बँटे बीस) का माना जा सकता है क्योंकि यह केवल 5% लोगों के लिए होता है।

भाजपा का बजट अपने कमीशन और अपने समर्थकों को सेट करने का बजट होता है।

बजट, आम जनता और गरीब वर्ग की समस्याओं की अनदेखी करता है।

**शेयर मार्केट पर असरः**

बजट पेश होने के तुरंत बाद शेयर मार्केट में गिरावट दर्ज की गई। निवेशक और व्यापारी चिंतित हैं कि मध्यम वर्ग और छोटे उद्योगों के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। अखिलेश यादव ने इस ट्वीट के माध्यम से सरकार की नीतियों और बजट की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया है। उनका कहना है कि यह बजट केवल कुछ विशेष वर्गों के लिए लाभकारी है और आम जनता की अपेक्षाओं और जरूरतों से कोसों दूर है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोरः रक्षा बजट में 15% की बढ़ोतरी, आवंटन 7.8 लाख करोड़ रुपये



नई दिल्ली / समाज जागरण ब्यूरो केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2026-27 में देश के रक्षा क्षेत्र के लिए 7.8 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया है। यह पिछले वित्त वर्ष के 6.81 लाख करोड़ रुपए की तुलना में लगभग 15% अधिक है।

| मुख्य आंकड़ेः | | | |
|---|---|---|---|
| श्रेणी | बजट 2025-26 | बजट 2026-27 | बढ़ोतरी (%) |
| कुल रक्षा बजट | 6.81 लाख करोड़ | 7.8 लाख करोड़ | 15% |
| सैन्य उपकरणों की खरीद | 1.80 लाख करोड़ | 2.19 लाख करोड़ | 21.8% |

"यह बजट देश की रक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का संकल्प दशार्ता है। सुरक्षा, विकास और आत्मनिर्भरता के बीच संतुलन बनाए रखा गया है।"
– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

विमानों के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल में इस्तेमाल होने वाले पुर्जों के आयात पर बेसिक कस्टम ड्यूटी माफ।

**सरकारी और निजी कंपनियों को लाभः**
*HAL, मजगांव डॉक, BEL मिधानी, BEML, भारत डायनामिक्स, ड्रोन सेक्टर स्टार्टअप्स*

बजट सेना के आधुनिकीकरण, एयर डिफेंस सिस्टम और नई पीढ़ी के प्लेटफॉर्म पर केंद्रित। फाइटर जेट, युद्धपोत, मिसाइल, तोप और आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए अधिक बजट।

इस बढ़ोतरी से भारत में रक्षा उपकरणों की रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा, जो 'आत्मनिर्भर भारत' नीति के अनुरूप है। (इनपुटः IANS)

## बड़े नाम और जमीनी हकीकत पर ध्यान देने की अपील: मायावती

समाज जागरण / नई दिल्लीः देश की संसद में आज केंद्रीय बजट 2026 पेश किया गया। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी (BSP) की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने बजट के जमीनी प्रभाव और योजनाओं की वास्तविकता को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं।



बहन मायावती ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में योजनाओं, परियोजनाओं और वादों के नाम बड़े-बड़े हैं, लेकिन जनता के जीवन में इनके वास्तविक परिणाम छोटे न हों, यह सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि केवल बातें करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही नीयत और नीति पर वास्तविक अमल भी जरूरी है।

सुश्री मायावती ने आगे कहा कि बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह सरकार की नीति, नीयत और चरित्र का आईना है। इससे यह पता चलता है कि सरकार की सोच वास्तव में गरीब और बहुजन हितैषी है या फिर पूंजीवादी सोच की पोषक बड़े-बड़े पूंजीपति और उद्योगपतियों के हित में काम कर रही है।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है कि दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकारी क्षेत्र को कितना महत्व दिया गया और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के कल्याणकारी संविधान की पवित्र मंशा के अनुसार किस हद तक कार्य किया गया।

बहन मायावती ने यह सवाल भी उठाया कि पिछले वर्ष के बजट में किए गए वादे, योजनाएँ और आशायें कितनी पूरी हुई हैं और क्या इनके लागू होने से आम लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव आया है। उनका कहना है कि GDP से अधिक जरूरी है कि लोगों के जीवन में बहु-अपेक्षित और गुणात्मक परिवर्तन आए, जो सीधे देश और जनता के व्यापक हित से जुड़े हों।

अंत में उन्होंने सरकार से अपील की कि बजट की वास्तविकता और जमीनी प्रभाव पर रोशनी डाली जाए ताकि आम जनता यह समझ सके कि उनके "अच्छे दिन" के लिए कौन-से कदम उठाए जा रहे हैं।

## वर्ष 2026 का बजट ऐतिहासिक व सर्वसमावेशी, हर वर्ग को मिलेगा लाभ : सुरेन्द्र सिंह नाहटा

समाज जागरण

नोएडा। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 का ऐतिहासिक, शानदार एवं सर्वसमावेशी बजट प्रस्तुत किए जाने पर उद्यमियों ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे हर वर्ग के हित में बताया है। 1 फरवरी 2026 को माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में लगातार नवमी बार बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया।



एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा (रजि.) के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नाहटा ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट उद्यमियों, व्यापारियों, किसानों, मछुआरों, मजदूरों, कर्मचारियों, छात्रों, महिलाओं एवं युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने वाला है। बजट में कर निर्धारण में राहत, एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहन, चमड़ा उद्योग को बढ़ावा, आयुर्वेदिक शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि बजट में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण, नए जल मार्गों के विकास, कैंसर व गंभीर बीमारियों की दवाओं की कीमतों में कमी, सोलर पैनल पर विशेष छूट, ड्रायफ्रूट्स की खेती को बढ़ावा, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को प्रोत्साहन जैसे दूरदर्शी निर्णय शामिल हैं। इसके साथ ही अप्रैल 2026 से कर निर्धारण के लिए नई व सरल नीति लागू करने का निर्णय स्वागतयोग्य है।

बजट में नई सड़कों, गर्ल्स हॉस्टल, यूनिवर्सिटी टाउनशिप के निर्माण तथा शहरी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। एमएसएमई वर्ग के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान को उद्योग जगत के लिए बड़ी राहत बताते हुए श्री नाहटा ने कहा कि इससे रोजगार सृजन को भी गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट देश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देने वाला है और इससे हर वर्ग को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा। उद्यमियों की ओर से उन्होंने केंद्र सरकार और वित्त मंत्री को इस बेहतरीन बजट के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया।

## बलूचिस्तान हमलों पर पाकिस्तान ने भारत पर लगाया आरोप, एमईए ने किया खारिज

नई दिल्ली/समाज जागरण ब्यूरोः बलूचिस्तान में हालिया हमलों को लेकर पाकिस्तान ने भारत पर आरोप लगाया, जिसे भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान में कहा कि ये बेबुनियाद आरोप हैं और पाकिस्तान को अपने अंदरूनी मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली और इसे 'ऑपरेशन हीरो फेज 2' बताया। संगठन के मुताबिक, क्वेटा, नोश्की, मस्तुंग, दलबंदिन और कलात सहित कई जिलों में हुए हमलों में 80 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए, 18 बंदी बनाए गए और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया।



एमईए ने स्पष्ट किया कि भारत इन घटनाओं में शामिल नहीं है और पाकिस्तान को मानवाधिकार उल्लंघनों और दमनकारी नीतियों पर ध्यान देना चाहिए।

## संत रविदास जी के आशीर्वाद से साकार होगा विकसित भारत का सपनाः पीएम मोदी

जालंधर / समाज जागरण ब्यूरोः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के जालंधर में संत रविदास जी की 649वीं जयंती समारोह में कहा कि संत रविदास जी के आशीर्वाद से विकसित भारत का सपना जरूर साकार होगा। उन्होंने सभी देशवासियों को संत रविदास जयंती और माघ पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने डेरा सचखंड बल्लां द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की और संत निरंजन दास जी महाराज को हाल ही में पद्म पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का उल्लेख किया। इस अवसर पर उन्होंने आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलकर गुरु रविदास महाराज जी एयरपोर्ट करने और हलवारा एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने बजट 2026-27 का जिक्र करते हुए कहा कि यह गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाला बजट है। उन्होंने कैंसर की दवाओं की कीमत घटाने, आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने और पंजाब के टेक्सटाइल सेक्टर को यूरोप के 27 देशों के साथ व्यापार के नए अवसर मिलने की बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि संत रविदास जी की सेवा और प्रेरणा से देश का समाज और अर्थव्यवस्था दोनों मजबूत होंगे।



### व्यंग्यः

मोदी जी ने यूजीसी बिल लाकर सवर्ण बच्चों को "खेल में पीछे छोड़ने" का नया गेम शुरू कर दिया है। विरोध हो रहा है, लेकिन लगता है सरकार कह रही है – "अरे चिंता मत करो, ये तो सिर्फ रियलिटी शो है, अर्ली एलिमिनेशन के लिए।" सवर्ण छात्र पूछ रहे हैं – "सरकार जी, हम तो मेहनत कर रहे थे, ये क्या नई नियमावली है?" जवाब है – "मेहनत ठीक है, लेकिन अब क्वोटा क्विज खेलना जरूरी है।"

यानी, एक तरह से सवर्ण छात्र वही कर रहे हैं जो पहले से करते आए थे – पढ़ाई, तैयारी, मेहनत – लेकिन अब इसे "अतिरिक्त चुनौती" कहा जा रहा है। विरोध करने वाले छात्रों के लिए नियम बस यही हैः "सिर्फ आंखें मूंदो और देखो, किसका नाम कटता है और किसका नहीं।"

यूजीसी की नई योजना ने छात्रों को इतना उलझा दिया है कि अब वो सोच रहे हैं - क्या ये पढ़ाई है या सवर्णों के लिए नया टबुर्लेंस एरिया?

# टी20 वर्ल्ड कप 2026: भारत से मैच न खेला तो पाकिस्तान के लिए 'डेथ वारंट'

कोलंबो / समाज जागरण खेल ब्यूरोः टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले पाकिस्तान और भारत के बीच एक बार फिर क्रिकेटी ड्रामा शुरू हो गया है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार की धमकी दी थी, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय दबाव और आर्थिक संकट के चलते पाकिस्तान को 15 फरवरी को मैदान पर उतरना तय है।



आईसीसी के कड़े नियम, फंड रुकने का खतरा और सदस्यता निलंबन जैसी संभावित कार्रवाईयों के चलते यह बहिष्कार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के लिए 'डेथ वारंट' जैसा साबित हो सकता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान का बहिष्कार केवल राजनीतिक ड्रामा और जोर-शोर से धमकाने की रणनीति है, लेकिन धरातल पर यह असंभव है। ढउइ का लगभग 50% से अधिक खर्च आईसीसी से मिलने वाले रेवेन्यू पर निर्भर करता है और भारत-पाक मैच आईसीसी की कमाई का प्रमुख इंजन है। अगर पाकिस्तान इस मैच को बहिष्कार करता है, तो उसका सालाना फंड रुक सकता है, जिससे बोर्ड की वित्तीय स्थिति और खराब हो जाएगी।

पाकिस्तान में हाल की आर्थिक बदहाली और ढउइ की वित्तीय कमजोरियां इस बहिष्कार को और असंभव बनाती हैं। इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान अक्सर राजनीतिक दबाव और धमकियों के लिए ऐसे कदम उठाता है, लेकिन अंततः मजबूरी के चलते मैदान पर उतरता है।

### पाकिस्तान पर संभावित कार्रवाई की लिस्टः

आईसीसी फंड पर रोकः बहिष्कार करने पर ढउइ को सालाना फंड नहीं मिलेगा, जो बोर्ड के लिए भारी झटका साबित होगा।

सदस्यता निलंबनः क्ळउ के संविधान के अनुसार, वैश्विक टूनामेंट के कमर्शियल हितों को नुकसान पहुंचाने वाले सदस्य देश की सदस्यता निलंबित या रद्द की जा सकती है। इसका मतलब होगा कि पाकिस्तान भविष्य में किसी भी देश के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेल पाएगा।

भविष्य में इवेंट की मेजबानी से वंचितः अगर पाकिस्तान 2026 वर्ल्ड कप में बहिष्कार करता है, तो क्ळउ उसे भविष्य के किसी भी बड़े टूनामेंट की मेजबानी के योग्य नहीं मानेगी। पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी विवादों में है, ऐसे में यह कदम पाकिस्तान के लिए बड़ा नुकसान होगा।

विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह बहिष्कार कोई बहादुरी नहीं बल्कि आत्मघाती कदम साबित हो सकता है। 15 फरवरी को भारत के खिलाफ कोलंबो में होने वाला मैच आईसीसी और वित्तीय दबावों के चलते तय है, और मैदान पर उतरना पाकिस्तान के लिए अनिवार्य होगा।

### 'घर बचाने वाला कदम...दोगुना कर दो सरकार', बजट में शराब महंगी किए जाने से झूमा मिजार्पुर

मिजार्पुर. संसद में आज पेश हुए केंद्रीय बजट में मोदी सरकार ने शराब को और महंगी करने का फैसला किया है. शराब महंगी होने को लेकर आम लोगों की प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं. लोगों का कहना है कि शराब के दामों को 2 गुना देना चाहिए क्योंकि, सबसे ज्यादा घरों को प्रभावित शराब करता है. दाम ज्यादा रहेगा तो पीने वालों की संख्या में कमी आएगी. इससे कई घर बच जाएंगे. सरकार का ये फैसला सराहनीय है. लोकल 18 ने मिजार्पुर के लोगों से बात की. विशाल मालवीय कहते हैं कि सरकार को इस बजट के लिए धन्यवाद. नशीली चीजों के दामों में वृद्धि की गई है. इससे जो युवा वर्ग नशे की तरह जा रहे हैं, उनको बचाया जा सकेगा. नशामुक्त भारत के लिए अगर इसे महंगा किया जा रहा है तो सरकार का कदम सराहनीय है.

# UGC कानून पर भड़का सवर्ण समाज

## सरकार को खुली चुनौती, चुनावों में BJP के बहिष्कार की दे दी चेतावनी

जयपुर. राजस्थान की राजधानी जयपुर सोमवार को उस वक्त पूरी तरह तनाव के माहौल में आ गई, जब यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ सड़क पर उतरे करणी सेना और अन्य सवर्ण संगठनों के कार्यकताओं की पुलिस से जोरदार भिड़ंत हो गई. मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और हालात रणक्षेत्र जैसे बन गए.

यूजीसी के नए नियमों के विरोध में शहीद स्मारक पर करणी सेना सहित सवर्ण समाज के कई संगठनों ने बड़ी सभा और प्रदर्शन का आयोजन किया था. सभा के दौरान अचानक मंच से मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच का ऐलान कर दिया गया. जैसे ही प्रदर्शनकारी आगे बढ़े, पुलिस ने कई स्तर की बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता रोकने की कोशिश की. इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की और झड़प में बदल गई. हालात काबू में रखने के लिए पुलिस को बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाना पड़ा.

चुनावों में भाजपा के बहिष्कार का ऐलान

**सभा के दौरान सवर्ण संगठनों ने एक** अहम राजनीतिक फैसला लेते हुए सरकार पर दबाव बढ़ा दिया. संगठनों ने घोषणा की कि राजस्थान में होने वाले आगामी नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा का खुलकर विरोध किया जाएगा.

उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज से जुड़े लोग भाजपा के किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे और पार्टी का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा.

# ठंड के मौसम में बदलती जीवनशैली डायबिटीज का बड़ा कारण




01 फरवरीः बदलते खानपान और जीवनशैली के चलते डायबिटीज अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। सुस्ती, कम व्यायाम और अधिक कैलोरी वाले भोजन के कारण ब्लड शुगर तेजी से बढ़ सकता है। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि ठंड में शरीर की ऊर्जा खपत कम होने से ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा अधिक होता है। उन्होंने कहा कि नियमित जांच, संतुलित खानपान और अनुशासित दिनचर्या ही इसका सबसे प्रभावी उपाय है।

**संतुलित खानपान और नियमित दिनचर्या जरूरी**

डॉ. चौधरी के अनुसार, मधुमेह रोगियों को भोजन का समय न टालना चाहिए और हल्का पौष्टिक भोजन दिन में तीन-चार बार करना लाभकारी है। सुबह का नाश्ता सूर्योदय के बाद जल्द करना चाहिए, जिसमें दलिया, खिचड़ी, अंकुरित अनाज, दूध, फल और हरी सब्जियां शामिल हों। तली-भुनी और अधिक मीठी चीजों से परहेज जरूरी है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहा खतरा**

जिले में अधिकतर मरीज ग्रामीण इलाकों और मध्यम वर्ग से हैं। जागरूकता की कमी और समय पर जांच न होने से बीमारी देर से पकड़ में आती है। ठंड में लक्षणों को सामान्य कमजोरी मान लेना भी खतरे को बढ़ाता है।

**जिला स्वास्थ्य विभाग की पहल**

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की नियमित स्क्रीनिंग की जा रही है। सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की जांच और निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।

**सतर्कता ही बचाव का उपाय**

डॉ. चौधरी ने आम लोगों से अपील की कि ठंड में भी सक्रिय रहें, नियमित टहलें, धूप लें और खानपान का विशेष ध्यान रखें। समय-समय पर ब्लड शुगर जांच और चिकित्सकीय सलाह का पालन करना ही डायबिटीज से बचाव का सबसे सुरक्षित तरीका है।

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

# ठुकरा दो या प्यार करो

देव! तुम्हारे कई उपासक
कई ढंग से आते हैं
सेवा में बहुमूल्य भेंट वे
कई रंग की लाते हैं

धूमधाम से साज-बाज से
वे मंदिर में आते हैं
मुक्तामणि बहुमुल्य वस्तुऐं
लाकर तुम्हें चढ़ाते हैं

मैं ही हूँ गरीबिनी ऐसी जो
कुछ साथ नहीं लाई
फिर भी साहस कर मंदिर में
पूजा करने चली आई

धूप-दीप-नैवेद्य नहीं है झ-
ांकी का श्रृंगार नहीं
हाय! गले में पहनाने को
फूलों का भी हार नहीं

कैसे करूँ कीर्तन, मेरे स्वर
में है माधुर्य नहीं

मन का भाव प्रकट करने
को वाणी में चातुर्य नहीं

नहीं दान है, नहीं दक्षिणा
खाली हाथ चली आई
पूजा की विधि नहीं जानती,
फिर भी नाथ चली आई

पूजा और पुजापा प्रभुवर
इसी पुजारिन को समझो
दान-दक्षिणा और निछावर
इसी भिखारिन को समझो

मैं उनमत्त प्रेम की प्यासी
हृदय दिखाने आई हूँ
जो कुछ है, वह यही पास
है, इसे चढ़ाने आई हूँ

चरणों पर अर्पित है, इसको
चाहो तो स्वीकार करो
यह तो वस्तु तुम्हारी ही है
ठुकरा दो या प्यार करो

# बजट 2026: विकास, समावेशन और स्थिरता के बीच संतुलन की तलाश

भारत का केंद्रीय बजट 2026-27 ऐसे समय में प्रस्तुत किया गया है, जब देश एक ओर तेज आर्थिक विकास की आकांक्षा रखता है और दूसरी ओर वैश्विक अनिश्चितताओं, जलवायु संकट तथा सामाजिक विषमताओं से जूझ रहा है। 1 फरवरी 2026 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश यह बजट केवल वार्षिक आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की ठोस रूपरेखा के रूप में सामने आता है। विकास, समावेशिता और स्थिरता के त्रिस्तंभ पर आधारित यह बजट पिछले वर्षों की तुलना में अधिक व्यावहारिक, निवेशोन्मुख और रोजगार-केंद्रित दिखाई देता है। इसमें बड़े वादों के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है, जो सीधे आम नागरिक के जीवन, आजीविका और भविष्य से जुड़े हैं।

इस बजट का सबसे सशक्त पक्ष पूंजीगत व्यय में की गई उल्लेखनीय वृद्धि है। सरकार ने कैपेक्स को 11.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया है, जो स्पष्ट संकेत देता है कि आर्थिक वृद्धि का रास्ता बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक निवेश से होकर गुजरता है। राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखना इस बात का प्रमाण है कि सरकार विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन साधने का प्रयास कर रही है। यही संतुलन इस बजट को राजनीतिक घोषणाओं से ऊपर उठाकर नीति-आधारित दस्तावेज बनाता है।

बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बजट 2026 ने भविष्य की भारत-कल्पना को मूर्त रूप दिया है। सात पर्यावरण-अनुकूल हाई-स्पीड रेल कॉरिडोरों की घोषणा केवल यात्रा समय कम करने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह शहरीकरण, औद्योगिक विस्तार और क्षेत्रीय संतुलन को भी गति देगा। मुंबई-पुणे, दिल्ली-वाराणसी और चेन्नई-मैसूर जैसे मार्ग न केवल आर्थिक गतिविधियों को तेज करेंगे, बल्कि पर्यटन, शिक्षा और श्रम बाजार को भी नया आयाम देंगे। शहरी परिवहन के लिए 4000 ई-बसों की योजना और 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों की घोषणा भारत को हरित और टिकाऊ परिवहन प्रणाली की ओर ले जाती है।

रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रेयर अर्थ मिनरल्स कॉरिडोर की स्थापना भारत की औद्योगिक आत्मनिर्भरता के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। इलेक्ट्रिक वाहन, रक्षा उपकरण और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में इन खनिजों की भूमिका अहम है। इसके साथ ही रासायनिक पार्कों और परमाणु ऊर्जा मिशन की घोषणाएं यह संकेत देती हैं कि सरकार ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विविधीकरण को दीर्घकालिक नजरिए से देख रही है। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर जोर भारत को स्वच्छ ऊर्जा के वैश्विक मानचित्र पर एक मजबूत स्थान दिला सकता है।

भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई क्षेत्र को इस बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। 10,000 करोड़ रुपये का नया फंड ऑफ फंड्स, चैंपियन एमएसएमई योजना और वर्गीकरण सीमा में वृद्धि से छोटे और मध्यम उद्यमों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जुड़ने का अवसर मिलेगा। माइक्रो एंटरप्राइजेज के लिए क्रेडिट कार्ड योजना उस तबके के लिए राहत है, जो अब तक बैंकिंग प्रणाली से दूरी बनाए हुए था। विनिर्माण क्षेत्र के लिए टेक्सटाइल मेगा पार्क, विरासत औद्योगिक क्षेत्रों का पुनरुद्धार और पीएलआई योजना का विस्तार मेक इन इंडियाह्न को नई ऊर्जा देता है। सरकार का यह लक्ष्य कि 2026-27 तक विनिर्माण का योगदान जीडीपी में 25 प्रतिशत हो, महत्वाकांक्षी जरूर है, लेकिन सही क्रियान्वयन से संभव भी।

कृषि और ग्रामीण विकास को लेकर बजट में दिखाई देने वाला दृष्टिकोण यह दशार्ता है कि सरकार अब केवल सब्सिडी आधारित नीति से आगे बढ़कर उत्पादकता और बाजार-समेकन पर ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का विस्तार, दाल आत्मनिर्भरता मिशन और किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा में वृद्धि छोटे और सीमांत किसानों के लिए राहत का संकेत है। डिजिटल कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के माध्यम से मंडियों का डिजिटलीकरण किसानों को बिचौलियों की निर्भरता से मुक्त कर सकता है। ग्रामीण भारत, जहां आज भी देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी निर्भर है, इस बजट से नई संभावनाओं की ओर बढ़ता दिखता है।

स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे सामाजिक क्षेत्रों में बजट का रुख अपेक्षाकृत संतुलित रहा है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं पर सीमा शुल्क में कटौती आम मरीजों के लिए राहत है, खासकर तब जब इलाज की लागत लगातार बढ़ रही है। बायो-फार्मा मिशन और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने से भारत वैश्विक स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में उभर सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में कंटेंट लैब, गर्ल्स हॉस्टल और आयुर्वेदिक संस्थानों की घोषणा सामाजिक समावेशन और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक संदर्भ में जोड़ने का प्रयास है।

रक्षा और ऊर्जा सुरक्षा पर बढ़ा हुआ जोर भारत की रणनीतिक सोच को दशार्ता है। रक्षा बजट में वृद्धि और स्वदेशी हथियार उत्पादन पर प्राथमिकता आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम है। ऊर्जा क्षेत्र में सौर, पवन और ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का विस्तार यह स्पष्ट करता है कि भारत आने वाले दशकों में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना चाहता है। यह न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा राजनीति में भारत की स्थिति को भी मजबूत करता है।



**– महेन्द्र तिवारी**
**मोबाइलः 9989703240,**

# अमेरिका द्वारा ईरान का भया दोहन, ट्रंप ईरान में वेनेजुएला की तरह नियंत्रण चाहते हैं।

अमेरिका और ईरान के बीच गत कुछ महीनों में तनाव एक नए शिखर पर पहुँच गया है। जिसमें न केवल कूटनीतिक, वाणिज्यिक दबाव बल्कि विस्तृत सैन्य तैयारियों और खुले रूप से युद्ध की धमकियाँ भी शामिल हैं। पिछले कई महीनों की घटनाओं से यह स्पष्ट नजरिया सामने आया है कि यह केवल रीजनल तनाव नहीं रहा बल्कि वैश्विक राजनीति का एक प्रमुख केन्द्र बन गया है। अमेरिका अभी भी आर्थिक,सामरिक एवं राजनीतिक तौर पर शक्तिशाली राष्ट्र है और आर्थिक रूप से अमेरिका ने ईरान पर बड़े प्रतिबंध लगाए हुए हैं, जिसमें तेल निर्यात और वित्तीय लेन-देन को रोकने के साथ-साथ ईरान के सहयोगी देशों और संस्थाओं पर भी अतिरिक्त टैक्स तथा दंडात्मक कार्रवाई शामिल है। जिससे एजेंसी डेटा बताते हैं कि ईरान की निर्यात-आय सीमित हो रही है, जिससे व्यापक आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह प्रतिबंध और दबाव ईरान के न्यूक्लियर कार्यक्रम और क्षेत्रीय समर्थित आतंकवाद को रोकने के उद्देश्य से हैं, लेकिन ईरानी नेतृत्व इसे अपने संप्रभुत अधिकारों पर आक्रमण मानता है।

सैन्य दृष्टि से, अमेरिका ने मध्य पूर्व में अपनी मौजूदगी बढ़ा दी है और तैनात नौसेना बलों को बड़ा आकार दे दिया है ट्रंप ने बयान दिया है कि यह बेड़ा उस से भी बड़ा है जो उसने वेनेजुएला पर उसकी कार्रवाई से पहले तैनात किया था, और यह बल अब्राहम लिंकन जैसे युद्धपोतों के साथ समुद्री और वायु समूहों को शामिल करता है। अमेरिका का यह बल ह्यनिर्दिष्ट मिशन के लिये तैयार, इच्छुक और सक्षमह्न बताया जा रहा है और ट्रंप इसे ईरान को बातचीत की मेज पर लाने के लिये दबाव का हिस्सा मानते हैं, यह कहते हुए कि हम उम्मीद करते हैं कि ईरान सौदा करना चाहेगा। अमेरिका के सभी विकल्प खुले रहने की बात करने से यह संकेत भी मिलता है कि सैन्य हमले की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा रहा है।

ईरान ने जवाब में अपनी सैन्य तैयारियाँ तेज कर रखी हैं, जिसमें रिपोर्टें बताती हैं कि उसने हजारों बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात की हैं और अपनी क्षमता को बढ़ाया है, साथ ही यह कहा है कि किसी भी हमले का उत्तर तुरंत और अप्रत्याशित रूप से दिया जाएगा। इरानी नेतृत्व ने युद्ध नहीं चाहने का दावा किया है, लेकिन सजग चेतावनी दी है कि हम देश को युद्ध की राह पर नहीं ले जाना चाहते और आरोप लगाया है कि अमेरिका ईरान को निगल जाना चाहता है, जो तनाव को भावनात्मक रूप से और बढ़ाता है।

हालांकि कुछ विश्लेषक और अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारी यह मानते हैं कि सैन्य हमले की संभावना एक बार तय जैसे दृष्टिकोण में पहुँच चुकी है और यह समय की बात है कि हमला कब होगा, न कि क्या होगा, जिससे युद्ध की तैयारी का माहौल और गहराता जा रहा है। इसी बीच ईरान के भीतर भी व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों की मौत की खबरें आईं हैं और यह स्थिति आंतरिक असंतोष तथा अमेरिका-के खिलाफ रुख को एक साथ बढ़ा रही कूटनीतिक रूप से, ताजा सूचनाओं के अनुसार ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि वे अमेरिका के साथ एक ह्यन्यायसंगतह्न बातचीत के लिये तैयार हैं, बशर्ते वह धमकियों के साये में न हो।,

शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने संकेत दिया है कि बातचीत के आयोजन के लिये प्रगति हो रही है। यह दशार्ता है कि खुले युद्ध के साथ-साथ कूटनीतिक प्रयास भी चल रहे हैं। अरब देश, तुर्की और अन्य क्षेत्रीय शक्तियाँ भी संघर्ष को रोकने के लिये सक्रिय मध्यस्थता कर रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि किसी भी बड़े खुला युद्ध का प्रभाव केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहेगा।

यदि हम अमेरिका के सैन्य तैनाती और आर्थिक दबाव की तुलना वेनेजुएला से करें, तो स्पष्ट रूप से अमेरिका ने पहले वेनेजुएला के खिलाफ ऑपरेशन सदर्न स्पियर जैसे अभियान में नौसेना तथा सैन्य बल का इस्तेमाल किया था, जिसमें राष्ट्रपति मादुरो को पकड़ने और शासन को बदलने की कोशिश की गई थी, जिसमें कूटनीतिक विवाद और अंतरराष्ट्रीय आलोचना भी उत्पन्न हुई थी। ट्रंप के बयान के अनुसार, ईरान के लिये जो सैन्य समूह भेजा जा रहा है वह उससे भी बड़ा है, जो संकेत देता है कि अमेरिकी प्रशासन इसे वेनेजुएला की तरह एक सीमित राजनैतिक,सैन्य ऑपरेशन से भी आगे देख रहा है।

लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य है कि ट्रंप ने खुले तौर पर कहा है कि वे चाहते हैं ईरान बातचीत करे और यह कि ह्लहम युद्ध नहीं चाहतेह्न, जैसा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों ने उद्धृत किया है। ट्रंप की इस दोहरे रणनीति को कुछ विश्लेषक ह्यब्रिंकमैनशिपह्न नीति कह रहे हैं, जहां खुला युद्ध अंतिम विकल्प रखा जाता है पर बातचीत को भी कायम रखा जाता है।

यहाँ यह समझना जरूरी है कि ईरान जैसे क्षेत्रीय शक्ति पर अमेरिका का दबाव केवल सीधा सैन्य संघर्ष नहीं बल्कि व्यापक आर्थिक प्रतिबंध, वैश्विक कठोर राजनैतिक दबाव तथा सैन्य रणनीतिक तैयारियों का संयोजन है। ईरान भी केवल कूटनीतिक रूप से नहीं बल्कि सामरिक रूप से भी तैयार दिख रहा है। मिसाइल कार्यक्रम, बलों की तैनाती, और अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया रूस और चीन जैसे देशों द्वारा कभी-कभी समर्थन का संकेत – यह संकेत देते हैं कि– यानी बातचीत को युद्ध की कगार पर ले जाकर समझौता करने की ईरान अकेला नहीं है, और एक सीधा युद्ध बहुत खतरनाक और व्यापक बन सकता है।

वेनेजुएला की तुलना में ईरान अन्तरराष्ट्रीय महत्व और रणनीतिक स्थितियों की वजह से कहीं बड़ा मामला है। वेनेजुएला में अमेरिका ने मुख्यतः दक्षिण अमेरिका में राजनीतिक नियंत्रण और ऊर्जा साधनों पर प्रभाव के लिये कदम उठाये, जबकि ईरान मध्य पूर्व में तेल मार्ग, न्यूक्लियर कार्यक्रम तथा सामरिक प्रभाव के केन्द्र में है। अगर ट्रंप ईरान को वेनेजुएला की तरह कब्जे या शासन परिवर्तन के लिये ले जाने की कोशिश करे, तो यह केवल एक राष्ट्र का सैनिक अधिपत्य नहीं बल्कि एक वैश्विक प्रतिद्वंदी शक्ति को नियंत्रित करने का प्रयास होगा, जिसका परिणाम क्षेत्रीय युद्ध, तेल की वैश्विक कीमतों में उछाल, और विश्व राजनीति में और गहरी विभाजन की स्थिति हो सकता है।

इस समय ताजा हालात यह संकेत देते हैं कि अमेरिका पूरी सैन्य तैयारी के साथ खड़ा है, ईरान भी कठोर प्रतिक्रिया के लिये तैयार है, और कूटनीतिक प्रयास संघर्ष को नियंत्रण में रखने के लिये जारी हैं ।लेकिन खुला युद्ध अभी टल नहीं पाया है और दोनों पक्षों की कठिन स्थिति वैश्विक राजनीति के लिये बेहद महत्वपूर्ण है।

क्या ट्रंप ईरान को वेनेजुएला की तरह अपने अधिपत्य में ले सकता है? वर्तमान संकेत यह दिखाते हैं कि सैन्य नियंत्रण के बजाय अमेरिका अधिकतर दबाव और बातचीत के द्वारा ही परिणाम चाहता है, पर यह भी स्पष्ट है कि अगर ईरान बातचीत में मुख्य शर्तें नहीं मानता तो सैन्य विकल्पों को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है और यह सम्भावना वैश्विक राजनीति के लिये गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

**संजीव ठाकुर ,वरिष्ठ पत्रकार,लेखक**



**चिंतक, स्तंभकार,रायपुर छत्तीसगढ़,**
**9009 415 415,**

# प्राचीन भारत में मानव बंधुत्व की अवधारणा

भारतीय परंपरा में मानव बंधुत्व को एक आध्यात्मिक और सामाजिक अनिवार्यता माना गया है, जिसमें मानवता को एक ही मूल से उत्पन्न और एक ही लक्ष्य की ओर अग्रसर माना गया है। ऋग्वेद संहिता के अनुसार सभी मनुष्यों का उद्गम एक ही परमतत्त्व से है। इसलिए संपूर्ण पृथ्वी ही एक परिवार है। इसीलिए संगठन सूक्त के नाम से विख्यात ऋग्वेद 10/191 में सामाजिक एकता और सामंजस्य का संदेश देते हुए कहा गया है-

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते।।- ऋग्वेद 10/191/2

अर्थात- आपस में मिलो, एक साथ बोलो, और अपने मन को समान जानो, जैसे प्राचीन देवता सर्वसम्मति से अपने हिस्से का भोजन करते थे। ऋग्वेद का यह मंत्र सहयोग, संवाद और एकाग्रता के महत्व पर जोर देता है, ताकि लोग एक लक्ष्य के लिए मिलकर काम कर सकें। यह मंत्र बताता है कि व्यक्ति को अलग-अलग गुटों में बटने के बजाय एक समुदाय के रूप में एकजुट होना चाहिए, ताकि वे एक-दूसरे को समझ सकें और एक ही उद्देश्य के लिए काम कर सकें, ठीक वैसे ही जैसे प्राचीन ऋषि और देवता एकजुट होकर कार्य करते थे और सुख प्राप्त करते थे। यह सामूहिकता, सद्भाव और साझा लक्ष्यों के लिए एकता का प्रतीक है, जिसे सांस्कृतिक संवाद जैसे स्रोतों में समझाया गया है। वेद सभी मनुष्यों के समान अधिकार का उपदेश देते हैं। अथर्ववेद 3/30/1 में कहा गया है-

समानी प्रपा सह वोऽन्नभागः।
अर्थात- सबका जल पीने का स्थान एक हो और भोजन में सबका समान भाग हो।

यह मंत्र सामाजिक समरसता और संसाधनों पर सबके समान अधिकार का प्राचीनतम प्रमाण है। इसी प्रकार यजुर्वेद 36/18 का मंत्र मित्रता का भाव अर्थात विश्व बंधुत्व की नींव रखता है-

मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।
अर्थात- सभी प्राणी मुझे मित्र की दृष्टि से देखें।

यह विचारधारा संकुचित सीमाओं को तोड़कर संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में पिरोती है। बिना भेदभाव के एकता की प्राचीनतम अवधारणा को ऋग्वेद 5/60/5 स्पष्ट करता है-

अज्येष्ठासो अकनिष्ठास एते सं भ्रातरो वावृधुः सौभगाय।
अर्थात- इनमें कोई बड़ा (ज्येष्ठ) नहीं है और कोई छोटा (कनिष्ठ) नहीं है, ये सभी भाई हैं जो सौभाग्य के लिए मिलकर प्रयास करते हैं।

यजुर्वेद में अंकित यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्- का अर्थ है कि यह संपूर्ण विश्व एक ही घोंसले के समान है, वैश्विक घोंसला है, जहां सभी मनुष्य एक ही परिवार के सदस्यों की तरह सुरक्षित और प्रेमपूर्वक रहते हैं। वैदिक वसुधैव कुटुम्बकम्- का संदेश आज भी संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार सिद्धांतों और वैश्विक शांति के प्रयासों का आध्यात्मिक आधार माना जा सकता है।

वेदों के ये मंत्र मानव एकता के सबसे प्राचीन और शक्तिशाली घोषणापत्र हैं। ऋग्वेद का अंतिम सूक्त संगठन सूक्त सामूहिक शक्ति और वैचारिक एकता का आधार है। यह मंत्र सिखाता है कि समाज की उन्नति तभी संभव है, जब लोगों के संकल्प और हृदय एक दिशा में हों। ऋग्वेद का यह संदेश किसी एक धर्म के लिए नहीं, बल्कि पूरी मनुष्य जाति के लिए टीम वर्क और सामूहिक सहयोग का पहला पाठ है। अथर्ववेद का साममनस्य सूक्त 3/30 में सामाजिक और पारिवारिक एकता का पाठ पढाता है। मानवीय संबंधों में ईर्ष्या और द्वेष को मिटाने की सीख देता है। द्वेष की समाप्ति की शिक्षा देते हुए इसमें कहा गया है-

अहृदयं साम्मनस्यमविद्वेषं कृणोमि वः। -अथर्ववेद 3/30/1
अर्थात- ईश्वर कहते हैं कि मैं तुम्हारे हृदयों को एकता, समान मन और द्वेषरहित बनाता हूं।

गाय के अपने नवजात बछड़े से प्रेम करने की भांति ही तुम एक-दूसरे से प्रेम करो। समान भोजन और जल की शिक्षा देते हुए वेद में स्पष्ट कहा गया है कि मानव बंधुत्व के लिए संसाधनों का साझा होना अनिवार्य है। इस प्रकार वेद में दिए गए समानता के उपदेश के अनुसार कोई जन्म से ऊँचा या नीचा नहीं है। सच्चे लोकतंत्र की यह पहचान है कि वैचारिक मतभेद होने पर भी लक्ष्य जन-कल्याण होना चाहिए। जब हम दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखते हैं, तो संघर्ष की गुंजाइश खत्म हो जाती है। इन वैदिक सिद्धांतों को आधुनिक युग में महर्षि दयानंद सरस्वती, संत रामदास जैसे समाज सुधारकों ने सामाजिक एकता के लिए प्रमुख हथियार बनाया।

वैदिक ऋषियों ने मानव एकता के जो बीज बोए, उन्हें बौद्ध दर्शन ने भी करुणा और मैत्री के माध्यम से वैश्विक स्तर पर फलित किया। वेदों के प्रमुख एकता मंत्र- समान संकल्प -ऋग्वेद 10/191/4, अद्वेष और प्रेम -अथर्ववेद 3/30/3 आदि में परमात्मा के द्वारा दिए गए उपदेश ही बौद्ध दर्शन के बंधुत्व का व्यावहारिक विस्तार है। महात्मा बुद्ध ने वैदिक बंधुत्व की अवधारणा को अप्प दीपो भव अर्थात अपना दीपक स्वयं बनो और धम्म के माध्यम से जाति-पाति से मुक्त कर व्यावहारिक बनाया। मैत्री भाव का उपदेश देते हुए बुद्ध ने सिखाया कि जैसे माता अपने इकलौते पुत्र की रक्षा करती है, वैसे ही हमें सभी प्राणियों के प्रति असीम प्रेम (मैत्री) रखना चाहिए। यह करणीय मेत्त सुत्त का मूल आधार है। बंधुत्व का अर्थ केवल साथ रहना नहीं, बल्कि दूसरों के दुःख को अपना समझना है। बुद्ध के अनुसार सभी जीव सुख की कामना करते हैं, इसलिए किसी को कष्ट न दें। बुद्ध ने संघ के द्वार सभी के लिए खोलकर वैदिक काल की सामाजिक समता की उस मूल भावना को पुनर्जीवित किया, जहां मनुष्य की पहचान उसके गुणों से होती थी, जन्म से नहीं। उनके इस दर्शन को सम्राट अशोक ने अशोक के शिलालेखों के माध्यम से पूरे विश्व में फैलाया। जहां वेदों ने वैचारिक एकता का सिद्धांत दिया, वहीं बौद्ध दर्शन ने उसे हृदय की करुणा से जोड़कर एक वैश्विक स्वरूप प्रदान किया।

इस प्रकार प्राचीन भारत में मानव बंधुत्व की अवधारणा केवल सामाजिक एकता तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह ब्रह्मांडीय एकता और आध्यात्मिक समानता पर आधारित थी। भारतीय ऋषियों ने मनुष्य को एक भौतिक शरीर के बजाय एक ईश्वरीय चेतना के रूप में देखा, जिससे मानवता स्वतः ही एक सूत्र में बंध गई। ऋग्वेद में अंकित मनुर्भव अर्थात मनुष्य बनो का संदेश सभी को गुणों और कर्मों के आधार पर श्रेष्ठ मनुष्य बनने के लिए प्रेरित करता है। यजुर्वेद 36/18 के अनुसार जो व्यक्ति सभी प्राणियों को अपनी आत्मा के समान और स्वयं को सबमें देखता है, वह कभी घृणा नहीं करता। प्राचीन भारतीय समाज पुमान् पुमांसं परि पातु विश्वतः के उपदेश पर विश्वास करता है, जिसका अर्थ है कि सभी मनुष्य एक-दूसरे की रक्षा करें। वेदों में समाज के सभी वर्गों के लिए संगठन (एकता) और सहभोज (साथ मिलकर खाना) पर बल दिया गया है, ताकि सामाजिक भेदभाव समाप्त हो सके। समरसता बनी रहे। जातिगत भेदभाव का पूर्णतः निषेध करते हुए महाभारत के शांतिपर्व में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जाति का कोई भेद नहीं है, यह सारा संसार ईश्वरीय चेतना (ब्रह्म) से व्याप्त है। वहां वर्णों का विभाजन जन्म के बजाय कर्म के आधार पर माना गया था, ताकि मानवीय गरिमा अक्षुण्ण रहे। मैत्री और अहिंसा का पाठ पढाते हुए यजुर्वेद 36/18 में दिया गया सभी प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखने संबंधी उपदेश, मानव बंधुत्व की पराकाष्ठा है। यह विचार सिखाता है कि शत्रुता का त्याग कर प्रेम और सह-अस्तित्व को अपनाना ही मानव का धर्म है। वसुधैव कुटुम्बकम का विस्तार केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक गहरी सांस्कृतिक संचेतना थी, जिसे उपनिषद में उदार हृदय वालों का लक्षण बताया गया है। यह विचारधारा आज भी वैश्विक स्तर पर शांति और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए भारत के सांस्कृतिक योगदान के रूप में भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सराही जाती है।

इस प्रकार प्राचीन भारत में विश्व बंधुत्व की अवधारणा केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक मार्ग रही है, जो संपूर्ण पृथ्वी के एक परिवार होने के मूल मंत्र पर आधारित है। महोपनिषद 6/ 72 में इसे वसुधैव कुटुम्बकम्- कहा गया है-

अयं बन्धुरयं नेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

अर्थात- यह मेरा है, वह पराया है, ऐसी गणना संकुचित बुद्धि वाले करते हैं। उदार हृदय वालों के लिए तो पूरी पृथ्वी ही एक परिवार है।

ऋग्वेद और यजुर्वेद जैसे प्राचीन ग्रंथों में मानवता की एकता पर बल दिया गया है। सर्वे भवन्तु सुखिनः, अर्थात सभी सुखी हों- आदि प्राचीन भारतीय प्रार्थनाएं किसी विशेष धर्म या राष्ट्र के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए थीं। प्राचीन भारत की यह संस्कृति सहिष्णुता, करुणा और सेवा की भावना पर आधारित थी, जो वर्तमान युग में भी वैश्विक शांति के लिए अत्यंत प्रासंगिक मानी जाती है।

**-अशोक प्रवृद्ध**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सूरजपुर वेटलैंड में भव्य प्रकृति एवं पक्षी महोत्सव, 02 फरवरी को होगा आयोजन

गौतमबुद्धनगर / समाज जागरण ब्यूरोः जैव विविधता का स्वर्ग माने जाने वाले सूरजपुर वेटलैंड में 02 फरवरी 2026 को प्रकृति एवं पक्षी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के मध्य स्थित यह वेटलैंड अपनी समृद्ध जैव विविधता, दुर्लभ वनस्पतियों और पक्षियों के लिए जाना जाता है।

प्रभागीय वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल ने बताया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वेटलैंड की प्राकृतिक विरासत को आमजन के सामने प्रस्तुत करना है।
प्रभागीय वन अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम सभी आयु वर्ग के लिए निःशुल्क रहेगा। अधिक जानकारी के लिए उत्तर प्रदेश वन विभाग की वेबसाइट https://upforest-gov-in/ देखी जा सकती है।
सूरजपुर वेटलैंड, जो लगभग 0.60 वर्ग किलोमीटर में फैला अंतरराष्ट्रीय महत्व का रामसर वेटलैंड है, अनेक निवासी और प्रवासी पक्षियों का महत्वपूर्ण आवास स्थल है और प्रकृति एवं पक्षी प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

**महोत्सव में प्रतिभागियों के लिए विशेष आकर्षण होंगेः**

*निर्देशित बर्डवॉचिंग टूरः विशेषज्ञ प्रकृतिवादियों के नेतृत्व में स्वदेशी और प्रवासी पक्षियों को नजदीक से देखने का अवसर।
*गाइडेड नेचर वॉक और ट्रेल्सः पौधों, कीटों और छोटे स्तनधारियों की पारिस्थितिक भूमिका पर जानकारी।
*सांस्कृतिक प्रस्तुतियांः पारंपरिक संगीत और नृत्य के माध्यम से प्रकृति और संस्कृति का संगम।
*पर्यावरण संरक्षण पहलः वेटलैंड की सुरक्षा और पारिस्थितिक महत्व को समझाने वाली गतिविधियां।

# ह्यूमन्स फॉर ह्यूमैनिटी ने उत्तर प्रदेश में विस्तार की घोषणा, शालिनी सिंह बनीं राज्य की चेयरपर्सन

## स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता को मिलेगी सर्वोच्च प्राथमिकता

समाज जागरण
ह्यूमन्स फॉर ह्यूमैनिटी पिछले 11 वर्षों से देशभर में स्वच्छता और मासिक धर्म स्वच्छता के क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर रहा है। संगठन के वाश प्रोजेक्ट के अंतर्गत अब तक 7 राज्यों में 50 लाख से अधिक महिलाओं और किशोरियों को जागरूकता, प्रशिक्षण एवं स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। संस्था ने उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियों को और सशक्त करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रसिद्ध शिक्षा कार्यकर्ता एवं नोएडा की एनसीएफ की अध्यक्षा शालिनी सिंह को राज्य की चेयरपर्सन नियुक्त किया



है। उनके नेतृत्व में प्रदेशभर में मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़े जागरूकता, वितरण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का व्यापक विस्तार किया जाएगा।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा सेनेटरी पैड वितरण, कपड़ा पैड निर्माण प्रशिक्षण, स्कूल एवं सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य जांच अभियानों के माध्यम से मासिक धर्म से जुड़ी सामाजिक झिझक और गलत धारणाओं को दूर करने का निरंतर प्रयास किया गया है। इस अभियान में स्कूलों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, क्योंकि मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी और सुविधाओं के अभाव में आज भी बड़ी संख्या में किशोरियाँ पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यही कारण आगे चलकर उन्हें उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसरों से भी वंचित कर देता है। संगठन का उद्देश्य है कि कोई भी बच्ची केवल मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं के कारण शिक्षा से दूर न हो।
उन्होंने यह भी कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि शिक्षा, आत्मसम्मान और समान अवसरों से जुड़ा अधिकार है। यदि हम स्कूल स्तर पर सही जानकारी, संसाधन और संवेदनशील वातावरण सुनिश्चित करें, तो लाखों लड़कियों का भविष्य बदला जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस दिशा में ठोस और सतत प्रयास किए जाएंगे।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने माघ मेला प्रयागराज का किया निरीक्षण, सुरक्षा व सुविधाओं की समीक्षा

प्रयागराज / समाज जागरण ब्यूरोः अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उत्तर प्रदेश श्री अमिताभ यश ने 31 जनवरी 2026 को मेला प्रयागराज क्षेत्र में कैम्प कर माघ मेला प्रयागराज का भ्रमण एवं निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने माघ पूर्णिमा के मौके पर मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि मेला क्षेत्र में सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

# IGL गैस कॉल के नाम पर साइबर ठगी, रुइक क्रेडिट कार्ड से 2.61 लाख की अवैध निकासी

नोएडा / समाज जागरण ब्यूरोः नोएडा के सेक्टर 82 में रहने वाले रितेश कुमार मिश्रा के साथ IGL गैस के नाम पर गंभीर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को गैस कंपनी का प्रतिनिधि बताकर फोन किया और कनेक्शन बंद करने की धमकी देकर रुइक क्रेडिट कार्ड से 2,61,174 रुपये की अवैध निकासी कर ली। यह घटना 30 जनवरी 2026 को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे के बीच हुई।

पीड़ित ने बताया कि कॉल के दौरान मोबाइल हैंग हो गया और उसी समय बैंक से कई संदिग्ध ट्रांजैक्शन किए गए। उन्होंने तुरंत रुइक क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराया और सभी ट्रांजैक्शन विवरण बैंक को उपलब्ध कराए। इसके साथ ही साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। इस मामले में FIR नंबर 33101260022891 जारी किया गया है।

पुलिस जांचः नोएडा फेस-2 थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने मामले का संज्ञान लिया और बैंक से समन्वय के साथ जांच शुरू कर दी। पुलिस कॉल डिटेल, डिजिटल ट्रेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

**साइबर सुरक्षा की चेतावनीः**
साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, गैस, बिजली, पानी और टेलीकॉम सेवाओं के नाम पर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। ठग अक्सर कनेक्शन बंद करने या सेवा रोकने की धमकी देकर लोगों को घबराहट में डालते हैं और तकनीकी तरीकों से बैंकिंग सिस्टम तक पहुंच जाते हैं।
प्रशासन और साइबर क्राइम विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर भरोसा न करें, भुगतान संबंधी जानकारी साझा करने से पहले कंपनी के आधिकारिक नंबर से पुष्टि करें, और किसी भी साइबर ठगी की घटना तुरंत बैंक, पुलिस और साइबर क्राइम पोर्टल को सूचित करें।
पीड़ित को उम्मीद है कि शिकायत और पुलिस की सक्रियता के चलते ठगी की राशि की रिकवरी और दोषियों की गिरफ्तारी जल्द हो सकेगी।

# नित्यानन्द त्रयोदशी को इस्कॉन नोएडा मन्दिर का भव्य उद्घाटन एवं लोकार्पण.

समाज जागरण
संदीप गर्ग / नोएडाः इस वर्ष इस्कॉन नोएडा मन्दिर अपनी बारहवीं वर्षगांठ मना रहा है। आज से बारह वर्ष पूर्व भगवान नित्यानन्द के अवतरण दिवस - नित्यानन्द त्रयोदशी को इस्कॉन नोएडा मन्दिर का भव्य उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया था। नित्यानन्द प्रभु भगवान बलराम के अवतार हैं। जिस प्रकार द्वापर युग के अन्त में कृष्ण बलराम धर्म की स्थापना के लिए अवतरित हुए थे, उसी प्रकार वर्तमान कलियुग में आज से लगभग 500 वर्ष पूर्व धर्म की स्थापना हेतु कृष्ण बलराम - चैतन्य



महाप्रभु तथा नित्यानन्द प्रभु के रूप में अवतरित हुए। नित्यानन्द प्रभु घर-घर जाकर सभी से भगवान के पवित्र नाम का जप करने का निवेदन किया करते थे। इसी उपलक्ष्य में आज रविवार 01 फरवरी 2026 को कीर्तन मेले का आयोजन किया गया। इस कीर्तन मेले में इस्कॉन के विश्व प्रसिद्ध कीर्तनियों ने आज प्रातः 10 बजे से सांय 10 बजे तक अखण्ड कीर्तन किया। और जैसा कि इस्कॉन के संस्थापकाचार्य कृष्णकृपामूर्ति श्री श्रीमद ए. सी. भक्तिवेदान्त स्वामी श्रील प्रभुपाद कहते थे कि हरे कृष्ण का जप कीजिए और प्रसन्न रहिए, हरे कृष्ण महामंत्र के सुमधुर कीर्तन पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया और आनन्द लिया। इस अवसर पर देश विदेश के अनेकों भक्तों के साथ साथ श्रील प्रभुपाद के निजी शिष्यों - श्रीमान श्रुतकीर्ति प्रभु एवं श्रीधाम प्रभु ने भाग लिया। अपने संवादात्मक सत्र के माध्यम से भक्तों को सम्बोधित करते हुए प्रभुजी ने श्रील प्रभुपाद की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने पर बल दिया तथा इस्कॉन के घर घर में भक्ति पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। पूरे दिन भर में 5000 से अधिक भक्तों ने इस कीर्तन मेले में भाग लिया। पूरे दिन भर सभी भक्तों ने कीर्तन के साथ साथ स्वादिष्ट प्रसादम ग्रहण किया। कुल मिलाकर कीर्तन मेला बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

# नोएडा सेक्टर-39 में विशाल हिंदुत्व जागरण सम्मेलन आयोजित

समाज जागरण
नोएडा / संदीप गर्ग : संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सेक्टर-39, नोएडा में विशाल हिंदुत्व जागरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में नागरिकों और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू धर्म, संस्कृति और समाज में परस्पर प्रेम, सहयोग और स्वाभिमान का



संरक्षण करना बताया गया। बच्चों ने देशभक्ति और सनातन धर्म के गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। वरिष्ठ अतिथि महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी बालकानंदगिरी जी ने उपस्थित जनसमूह को सनातन धर्म के लिए जागृत किया। मुख्य वक्ता महेश बाबू गुप्ता ने संघ द्वारा 100 वर्ष में देश और हिंदू धर्म के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक वार्ष्णेय ने सभी को सामाजिक दायित्व निर्वाह और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

# बिसरख पुलिस ने अवैध गांजे की बिक्री करने वाले 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण
नोएडा / संदीप गर्ग : थाना बिसरख पुलिस ने न्यू हैबतपुर टी-पॉइंट से दो अभियुक्तों को अवैध गांजा और स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सत्ते पुत्र जोगराज (24 वर्ष) और सुशील उर्फ सूखे पुत्र सोहनलाल (26 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों न्यू हैबतपुर मंडेहया, थाना बिसरख, जनपद गौतमबुद्धनगर के निवासी हैं।



पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के पास से 2 किलो 650 ग्राम अवैध गांजा और एक स्कूटी बरामद की गई है। इनके खिलाफ पुराना आपराधिक इतिहास भी दर्ज है। थाना बिसरख पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और आगे की जांच जारी है।

# भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर-116 में केंद्रीय बजट 2025 का सजीव प्रसारण, कार्यकताओं में उत्साह

नोएडा / समाज जागरण ब्यूरोः भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय नोएडा, सेक्टर-116 में जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में केंद्रीय बजट 2025 का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद विजय पाल तोमर और प्रदेश उपाध्यक्ष/नोएडा विधायक पंकज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।
कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने वाले बजट को उत्साहपूर्वक सुना।
**विजय पाल तोमर** ने कहा कि यह बजट देश को आर्थिक मजबूती, रोजगार और समग्र विकास की दिशा में नई गति देगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से बजट की योजनाओं



को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।
**विधायक पंकज सिंह** ने कहा कि बजट गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देता है और भारत की विकास दर को 7% से अधिक बनाए रखने में योगदान देगा। उन्होंने बताया कि बजट इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर खोलेगा।
कार्यक्रम में अर्पित मिश्रा ने संचालन किया और संयोजक के रूप में अमित त्यागी, अर्पित मिश्रा, सुनीता शर्मा, विकास जैन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, योगेंद्र चौधरी, राकेश शर्मा, और अन्य अनेक सम्मानित नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने बजट को जनकल्याणकारी, विकासोन्मुख और आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देने वाला बताया।
कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए और ह्वविकसित भारतह्व के संकल्प को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के साथ किया गया।

# वैश्विक अस्थिरता के दौर में नए विकसित आत्म निर्भर निर्यातक भारत के संकल्प का सराहनीय बजट......अशोक कुमार गोयल

समाज जागरण
संदीप गर्ग / नोएडाः 50 लाख करोड़ का मात्र 4 प्रतिशत राजकोषीय घाटे वाला इन्फ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय विकास वाला शानदार बजट आज वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में प्रस्तुत किया। संतुलित बजट में देश के आयात एवं निर्यात को संतुलित करते हुए कस्टम में सरलीकरण, ओ डी ओ पी, मेघा टेक्सटाइल पार्क,20 नए जलमार्गों के माध्यम से कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास,छोटे उत्पादक एवं एम सी एम



ई सेक्टर को मदद, कैंसर एवं शुगर सहित 7 दवाएं सस्ता होना,नए एम्स हॉस्पिटल 5 नए मेडिकल कॉलेज के साथ 2000 करोड़ आत्मनिर्भर भारत योजनाओ के लिए व्यवस्था की गई है। आयुर्वेदिक दवाओ के निर्यात को बढ़ावा,बायोफार्मा के लिए 1000करोड़, में केमिकल पार्कों को बढ़ावा,7 नए हाई स्पीड रेल सेक्टर, 200नए अमृत बोंड ,नॉर्थ ईस्ट में 4000 नई बसे, बौद्ध सर्किट, हस्तिनापुर सहित 15 सांस्कृतिक क्षेत्रों का विकास, 10000 ट्रेंड टूरिस्ट गाइड , डिजाइनिंग के नए इंस्टीट्यूशन,मत्स्य पालन हेतु 500 जलाशय, पशुधन चिकित्सा एवं गभार्धान,आयुर्वेदिक चिकित्सा वाले एम्स ,विदेश यात्रा एवं मोबाइल बैटरी पर टैक्स में कमी, आयकर प्रावधानों में सरलीकरण, महात्मा गांधी खादी विकास योजना सहित रोजगार को बढ़ावा हेतु सघन प्रयास। बिना कोई नया कर लगाए 50 लाख करोड़ का बजट ,टैरिफ धमकियों से निपटते हुए स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरक वाला बजट देश में स्वदेशी को बढ़ावा देने वाला हैं। बजट संतुलित है। नए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में बढ़ने वाला है। अक के माध्यम से खेती का विकास , आने वाले समय के लिए मूलभूत आधार बनने वाला रोजगार परक आई टी क्षेत्र में युवाओं को बढ़ावा देने वाला बजट सामयिक परिस्थिति में शानदार बजट है। निर्यात एवं राजस्व बढ़ेगा ।
चतुमुर्खी विकास से भारत देश नया भारत बनेगा। माननीय प्रधान मंत्री जी, वित्त मंत्री निर्मलासीता रमन जी एवं वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी जी को हार्दिक बधाई।

# नोएडा में 8 फरवरी को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन

नोएडा/संदीप गर्ग/ समाज जागरणः नोएडा में 8 फरवरी 2026 को सेक्टर-61 स्थित कम्युनिटी सेंटर में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सामाजिक आयोजन हिंदू समाज को एक मंच पर लाने और आपसी एकता मजबूत करने का उद्देश्य रखता है।
सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. मनोरंजन मोहंती करेंगे, जो आयोजन की दिशा, उद्देश्य और संदेश को स्पष्ट रूप से सामने रख रहे हैं। डॉ. मोहंती ने कहा कि समाज में विचार भले अलग हों, लेकिन एकता सबसे जरूरी है, और यह सम्मेलन सभी हिंदुओं के लिए है, जो समाज को संगठित और जागरूक देखना चाहते हैं। यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। देश भर में एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाने की योजना है, जिनका उद्देश्य समाज को संगठित करना और राष्ट्रीय चेतना को सशक्त बनाना है।
मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथिः
श्री सत्येंद्र नारायण सिंह, नोएडा




महानगर कार्यबाह, RSS
गुरुजी गौतम ऋषि
आचार्य शैलेश तिवारी
कार्यक्रम में धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, विचार साझा करने वाले बौद्धिक सत्र और समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी होगी। सम्मेलन के अंत में सामूहिक भोजन का आयोजन भी किया जाएगा, जो एकता का प्रतीक है।

**सम्मेलन समिति के सदस्यः**
नैवैद्य शर्मा, आर. के. शर्मा, मर जैशवाल, हरपाल सिंह चौहान, बी. एस. तोमर, भरतेंदु शर्मा, नीरू शर्मा, हीरा सिंह बिष्ट, नमित गौतम, नरेंद्र जोशी, मोहन लाल सुप्याल, सुभाष सिंह, नीखिल गुप्ता, राजेश बंसल, दिनेश बिष्ट, अनुज अग्रवाल, असीत गोयल, भवानी शंकर प्रजापति, ए. एस. भंडारी, नरेंद्र राज, रिषी जोशी, ममता अग्रवाल, विवेक, देव राज, अमित उपमन्यु, राणा प्रताप सिंह, सुरेंद्र कौशिक, संदीप भट्ट, राकेश अरोड़ा, शैलेन्द्र के. शर्मा, अनिल कौशिक और व्रेश त्यागी।

आयोजकों के अनुसार यह सम्मेलन समाज में संवाद, समरसता और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक गंभीर पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# ऑनलाइन सट्टा और साइबर ठगी के गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार, लाखों की बरामदगी

आगरा / समाज जागरण ब्यूरोः आगरा पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा




और साइबर ठगी में संलिप्त चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 72 एटीएम कार्ड, 18 सिमकार्ड, ₹2,16,000 नकद और 4 फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रलोभन देकर अन्य लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाते और उनके एटीएम व पासबुक का उपयोग साइबर अपराध में करते थे। इसके अलावा, सिम कार्ड जारी कराकर ऑनलाइन ठगी और सट्टा में इनका इस्तेमाल किया जाता था।

बरामद दस्तावेजों और रिकॉर्ड के आधार पर अब तक लगभग ₹10 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने कहा कि आरोपी गिरोह के खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है और जांच जारी है।

# रील्स का जानलेवा जुनून! थार के लिए चचेरे भाई के घर में कर दी सेंधमारी, 18 घंटे में पुलिस किया खुलासा

समाज जागरण
संदीप गर्ग / नोएडाः आज के दौर में युवा सोशल मीडिया की 'वर्चुअल लाइफ' को हकीकत मानकर अपराध के दलदल में धंस रहे हैं। लेकिन क्या कोई 'रील्स' बनाने और 'काली थार' खरीदने के लिए अपनों को ही लूट सकता है? जी हां, ग्रेटर नोएडा के जेवर में एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक नाबालिग ने अपने ही चचेरे भाई के घर से 20 लाख रुपये उड़ा दिए। वजह? सिर्फ एक काली थार गाड़ी और उस पर बनने वाली रील्स।"
पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से वापस मिले 20 लाख, के बाद किसान के चेहरे पर तो मुस्कान लौट आई है, लेकिन इस बात का सदमा भी लगा कि घर का भेदी ही चोर निकला. जेवर की बनी इजराइल कॉलोनी में रहने वाले एक परिवार



ने हाल ही में अपनी जमीन बेची थी। अलमारी में रखे 20 लाख रुपये पर चचेरे भाई की नीयत डोल गई। उसे पता था कि भाई कब जिम जाता है और पैसे कहाँ रखे हैं। उसने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर इस बड़ी चोरी की साजिश रची।
एडिशनल डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में जो खुलासा हुआ, उसने सबको दंग कर दिया। आरोपी नाबालिग अक्सर सोशल मीडिया पर दूसरों को 'ब्लैक थार' के साथ रील्स बनाते देखता था। उसी टशन और दिखावे की होड़ में उसने तय किया कि वह भी थार खरीदेगा, और इसके लिए उसने चोरी का रास्ता चुना। शुक्रवार शाम जैसे ही भाई जिम गया, पीछे से नाबालिग चचेरे भाई ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर हाथ साफ कर दिया।



पीडित की शिकायत पर कोतवाली इंस्पेक्टर संजय सिंह और सीनियर सब-इंस्पेक्टर संसार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने फौरन एक्शन लिया। इलाके के CCTV फुटेज खंगाले गए, जिसमें नाबालिग चचेरे भाई की गतिविधि संदिग्ध पाई गई। जेवर पुलिस ने महज 18 घंटे के भीतर चारों नाबालिगों को देवी मंदिर रोड से धर दबोचा। पुलिस ने उनके पास से पूरे 20 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। चोरी की गई रकम बरामद होने के बाद सभी आरोपियों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

# साइबर ठगी में ऑनलाइन निकासी की ₹73,285/- की रकम पीड़ित को वापस कराई गई

कानपुर देहात / समाज जागरण ब्यूरोः कानपुर देहात पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में पीड़ित से ऑनलाइन निकाले गए ₹73,285/- की राशि सफलतापूर्वक वापस कराई।
जानकारी के अनुसार, अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित का मोबाइल फोन चोरी कर उसे साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल किया था।





पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अगर उनके खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकाला जाए, तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या http://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

साइबर अपराध की तुरंत सूचना और सतर्कता से नागरिकों को नुकसान से बचाया जा सकता है।

# अखिलेश यादव ने SIR फॉर्म 7 के माध्यम से वोट कटाने की साजिश का लगाया गंभीर आरोप

लखनऊ / समाज जागरण ब्यूरोः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल ही में SIR (Systematic Identification & Registration) के तहत गाँवों में छपे-छपाये फॉर्म 7 के माध्यम से विपक्षी वोट कटाने की गंभीर साजिश का आरोप लगाया है। ट्विटर पर साझा किए गए अपने संदेश में उन्होंने कहा कि फॉर्म 7 का उपयोग करके फर्जी हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं और शिकायतकताओं का कोई पता नहीं है, जबकि उनके माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति का नाम काटा जा रहा है।
अखिलेश यादव ने विशेष रूप से कहा कि इस प्रक्रिया में अल्पसंख्यक समुदाय के नाम बड़े पैमाने पर प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों के नामों के



खिलाफ आपत्ति दर्ज की जा रही है, उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है, और इसके बावजूद उनके नाम काट दिए जा रहे हैं।
उन्होंने माननीय न्यायालय, निर्वाचन आयोग और सभी पत्रकारों से अपील की कि इस महाघोटाले का संज्ञान लिया जाए और इसके पीछे की साजिश का पदार्फाश किया जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र के हित में स्थानीय यूट्यूबर्स और न्यूज कर्मियों को भी इस मामले को उजागर करने और प्रसारित करने का आह्वान किया गया है।
सपा अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि यह मामला केवल राजनीतिक विवाद नहीं, बल्कि जनतांत्रिक प्रक्रिया में गड़बड़ी से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जनता को सत्य की जानकारी देना और ईमानदार पत्रकारिता को बढ़ावा देना इस घोटाले को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
अखिलेश यादव ने आश्वस्त किया कि इस पूरे मामले को देश-प्रदेश के सामने रखा जाएगा और सभी नागरिकों के लिए इसे खुला किया जाएगा, ताकि लोकतंत्र में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के प्रयास तेज किए जा सकें।

# विकसित भारत के लक्ष्य को संकल्पित करने वाला है ये बजट: राजेश यादव

**समाज जागरण संवाददाता प्रवेश यादव**



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा एवं जनपद मुरादाबाद भाजपा के जिला प्रभारी राजेश यादव जी ने आज प्रस्तुत किया गया 2026 के बजट को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी आम बजट 2026-27 एक लोक-कल्याणकारी और विकसित भारत के लक्ष्य को संकल्पित देश के आर्थिक विकास की गति को नई दिशा देने वाला दूरदर्शी बजट है।
उन्होंने बताया कि यह बजट किसान युवा महिला एवं गरीब लोगों के हितों को देखकर बनाया गया है।

# नए बजट से किसानों ने जताई निराशा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर चौधरी महेंद्र सिंह भारतीय किसान यूनियन मंडल उपाध्यक्ष आज के बजट में किसानों को निराशा ही मिली किसान आस लगाए बैठा था कि किसानों का इस बजट में कर्ज माफ होगा और एस एसपी गारंटी कानून लागू होना चाहिए था नए किसान सम्मन निधि बड़ी और यूरिया का कट्टा 50 से 45 45 से 40 किलो का कर दिया गया है दुर्भाग्य है भारत के देश के किसानों का जो की सरकार पूंजी पतियों को लाभ देती है किसानों को कुछ नहीं मिला इस बजट से किसानों को निराशा ही मिली

# बजट से आम जनता निराश : विजय शर्मा

**दैनिक समाज जागरण**



बजट से आम जनता निराश हुई है। यह बजट गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने वाला है और किसानों तथा गरीब मजदूर वर्ग को रुलाने वाला है। सरकार केवल पूंजीपतियों की है और मिडिल क्लास के लिए भी कुछ नहीं है। कर्मचारी को कुछ नहीं मिला व महिला शक्ति महंगाई से दुःखी है। समाज को जाति धर्म पर बाँटने वाले अब बजट से गरीब और अमीर के बीच की खाई को और बड़ा करने में लगे हैं।
विजय शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस सम्भल

# निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर कैम्प का हुआ आयोजन

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

1/2/26 को अग्रवाल मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा खुजौली चौराहा पुलिस चौकी पेट्रोल पंप के सामने नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर कैम्प निःशुल्क लगाया गया जिसमें डायबिटिक,हृदय से संबंधित , महिला रोग, दंत रोग,और आंखों से संबंधित सभी बीमारियों का डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क जांच की गई और




हड्डियों की मशीन द्वारा बीएमडी टेस्ट भी निशुल्क किया गया।डॉ पी के गुप्ता, डॉक्टर आंचल केसरी, डॉक्टर अबू तलाह, डॉक्टर नोशाबा, डॉक्टर अंशी गुप्ता और सरिता सिंह द्वारा सभी मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया और अग्रवाल माड़वाड़ी सेवा समिति द्वारा निशुल्क बच्चों को किड़ो की दवा महिलाओं को आयरन, कैल्शियम और विटामिन डी 3 बांटा गया। क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने कैंप का लाभ प्राप्त किया। कैंप की अध्यक्षता डॉक्टर पीके अग्रवाल और शैलेंद्र अग्रवाल जी द्वारा की गई. इस अवसर पर समाजसेवी एडवोकेट सुशील रावत, अग्रवाल मारवाड़ी सभा के अध्यक्ष श्री दुर्गेश बंसल कोषाध्यक्ष जे के अग्रवाल और महामंत्री महेश गोयल जी तथा कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे. समिति द्वारा नेत्र जांच मशीन के 130000 रुपए डॉक्टर अंशी गुप्ता को चेक द्वारा प्रदान किए गए। डॉ पीके अग्रवाल द्वारा बताया गया कि यह कैंप जी एस धर्मार्थ पॉलीक्लिनिक पर साल में एक बार लगाया जाएगा।

# नगराम में जानलेवा हमले का अभियुक्त आरोपी हुआ गिरफ्तार

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

नगराम पुलिस ने जानलेवा हमले के एक मामले में वांछित अभियुक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई एसीपी विकास पाण्डेय के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते मंगलवार को सलेमपुर अचाका, थाना नगराम निवासी श्रीकांत मिश्रा द्वारा नगराम पुलिस




को तहरीर देकर अवगत कराया गया था कि बीते सोमवार की देर रात उनके पुत्र गोविन्द मिश्रा पर गांव के ही युवक द्वारा जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि आरोपी ने हथौड़ी से सिर पर वार कर गोविन्द मिश्रा को गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना में घायल गोविन्द मिश्रा को परिजनों द्वारा तत्काल इलाज के लिए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।
इस संबंध में नगराम थाने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई।पुलिस विवेचना के दौरान आरोपी की पहचान दीपक पुत्र श्रीपाल निवासी सलेमपुर अचाका, थाना नगराम लखनऊ के रूप में हुई। साक्ष्य संकलन एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर नगराम पुलिस ने आरोपी को बीते शनिवार को घटना में प्रयुक्त ईंट सहित गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं पाया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।इस गिरफ्तारी में नगराम थाने की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही, जिसमें उपनिरीक्षक चन्द्र बहादुर यादव,उपनिरीक्षक रंजीत कुमार एवंकांस्टेबल आकाश कुमार शामिल रहे।

# बजट को देखकर लगता है सरकार दिव्यांग विरोधी: एम आर पाशा

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर : पिछले कई दशकों से दिव्यांगों के हकों की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रांड एंबेसडर निर्वाचन आयोग सदस्य जिला स्तरीय समिति बिजनौर सरकार के पेश किए गए बजट से बेहद आहत हैं। हर बार की तरह एम आर पाशा को पूरी उम्मीद थी कि इस बार सरकार के बजट में दिव्यांगों का बजट जरूर होगा लेकिन बजट में दिव्यांगों की अनदेखी कर इस सरकार ने भी यह साबित कर दिया है कि यह दिव्यांग विरोधी है। जबकि पूरे भारत में दिव्यांग जनों की संख्या 11 करोड़ से भी अधिक है। सरकार द्वारा पेश किए बजट में धनराशि बहुत ही कम है। दिव्यांगजन को उत्थान के लिए जो धनराशि दिव्यांग जनों को बजट में दी गई है वह दुगनी होनी चाहिए।
राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से आहत होकर कहा की पूरे भारत देश में दिव्यांग जनों की संख्या 11 करोड़ से अधिक है लेकिन उनको आज तक कोई भी सरकारी सुविधा नहीं मिल पा रही है दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 अभी तक लागू नहीं हो पाया है और ना ही दिव्यांग आयोग का गठन किया गया है और ना ही दिव्यांगजनों की पेंशन 5000 हो पाई है जो दिव्यांगों के हकों का हनन है। पूरे देश में दिव्यांग जनों के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोई भी योजना लागू नहीं की गई है, ऋण का आवेदन करते हैं तो उनको रोजगार के लिए ऋण नहीं मिल पाता है ना ही उनको सरकारी नौकरी मिल पाती है 4% आरक्षण के मुताबिक सरकारी बैक लॉक में उनको आरक्षण नहीं दिया जाता उन्होंने यह भी कहा कि आगामी चुनाव 2027 विधानसभा की तैयारी के रूप में भाजपा सरकार की हर फ्लेक्सी बैनर या सरकारी दफ्तरों के बाहर खड़े बड़े-बड़े होडिंगों पर साफ बड़े-बड़े शब्दों में लिखा हुआ है कि मोदी यानी गारंटी लेकिन दिव्यांग उत्थान के लिए किए गए मोदी सरकार द्वारा सभी वादे धनाशाह है और बजट में दिव्यांगों का बजट का बजट ना रखने से यह सब जग जाहिर है कि मोदी सरकार भी दिव्यांग विरोधी सरकार है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा भारत वर्ष के सभी दिव्यांगों को आश्वासन देते हुए कहां है कि भले ही सरकार उनके उज्जवल भविष्य के लिए कुछ भी ना कर रही हो, लेकिन ये एम आर पाशा सभी दिव्यांगों के हकों की लड़ाई अकेले ही हमेशा लड़ते रहेंगे।

# संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई, सामाजिक एकता का दिया संदेश

**समाज जागरण**



सम्भल। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति उत्तर प्रदेश द्वारा अपने विचारों से सम्पूर्ण जगत में सामाजिक एकता व समरसता का सन्देश देने वाले सामाजिक परिवर्तन के महानायक दर्शनशास्त्री व परमज्ञानी संत शिरोमणी रविदास को जयंती बड़े उत्साह उमंग और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से बनाई गई।
नगर के आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज में कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ निरंकार सिंह, विशिष्ट अतिथि विजय पाल सिंह, प्रदेशाध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, प्रदेश महासचिव कुसुम व महाप्रबंधक रूबी, सचिव चिंकी दिवाकर, मन्जू सक्सेना, चांदनी खान, मन्तशा तौफिक, प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण करके की।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि व एमजीएम कॉलेज के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ निरंकार सिंह ने संत रविदास जी के साम्यवादी विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह समाज ही आगे बढ़ सकता है जो आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय को अपने नागरिकों को प्राप्त कराएगा। सभी मनुष्य एक परमपिता की संतान है सभी में उसी का अस्तित्व है इसलिए सभी यहां पर समान है सभी को सामाजिक सोहार्द, समानता,बंधुत्व वाले विचारों का पालन करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विजयपाल सिंह प्राथमिक शिक्षक प्राइमरी पाठशाला शहबाजपुर ने समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही उन्होंने कहा वह समाज ही आगे बढ़ सकता है जो समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाए और अंधविश्वास, जातिवाद जैसे रूढी वादी विचारों से दूर रहे। उन्होंने कहा प्रत्येक भारतीय को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का अक्षरशः पालन करना चाहिए क्योंकि यह क्योंकि यह संत रविदास के विचारों का प्रतिबिंब है। समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम ने बताया कि संत रविदास जी ने सम्पूर्ण जगत में सामाजिक परिवर्तन एकता और समरसता का सन्देश देकर समाज में फैली सामाजिक कुरूतियो को जीवन भर दूर करने का प्रयास करते रहे। संत रविदास जी ने समाज को एकता के सूत्र में बांधने का जीवन भर प्रयास किया। इसके साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।प्रदेश महासचिव कुसुम ने कहा कि संत रविदास जी ने लोगों को बताया कि वाहय आडंबर और भक्ति में अंतर है। ईश्वर एक है। यह सबकों समान भाव से प्यार करता है। यदि ईश्वर से मिलना है तो आचरण को पवित्र करो और मन मन में भक्ति भाव जाग्रत करना चाहिए। तथा संत रविदास जी ने समाज में अंधविश्वास, धार्मिक आडंबर व छुआछूत जैसी फैली सामाजिक बुराईयों को दूर करने का प्रयास किया। प्रदेश महाप्रबंधक रूबी ने कहा कि रविदास कर्म को ही ईश्वर भक्ति मानते थे। रविदास जीवनभर कर्म करते और भजन गाते थे। सचिव चिंकी दिवाकर ने संत रविदास के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास जी का जन्म माघ पूर्णिमा को काशी में हुआ था। इनके पिता रग्यू व माता का नाम धुरबिनिया या। संत रविदास का जन्म ऐसे समय में हुआ था जब समाज में अनेक बुराईयां फैली हुई थी। चांदनी खान ने कहा कि संत रविदास जी अपने उच्च विचारों के कारण ही समाज एवं हिन्दी साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। मन्जू सक्सेना ने कहा कि संत रविदास के सीधे साधे तथा मन को स्पर्श कर लेने वाले विचार लोगों पर सटीक प्रभाव डालते थे।
इस दौरान मुख्य अतिथि व एमजीएम कॉलेज के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ निरंकार सिंह, विशिष्ट अतिथि विजय पाल सिंह, विशिष्ट अतिथि व आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य यतीन्द्र कुमार भाटी, सागर सिंह , प्रदीप कुमार गुप्ता, मन्तशा तौफिक , चांदनी खान, मन्जू सक्सेना,शाने आलम, गगन दीप गौतम, कुसुम, भारती ठाकुर, चिंकी दिवाकर, डॉ यूसी सक्सेना, डॉ आनन्द कुमार सिंह, सुशील कुमार भगत जी, रजनी कान्ता चौहान, डॉ मौ इरफान खान, नाहिद रजा, भारती, शशि बाला गौतम, लोकेश गौतम गगन दीप गौतम आदि ने विचार व्यक्त किए।

# किसान क्रांति पदयात्रा का हुआ भव्य शुभारंभ,......

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



मोहनलालगंज लखनऊ भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के तत्वावधान में रविवार को किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई को लेकर किसान क्रांति पदयात्रा का भव्य शुभारंभ गोसाईगंज ब्लॉक से हुआ। पदयात्रा की अगुवाई प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने की, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किसानों को रवाना किया।रविवार सुबह करीब 11 बजे जैसे ही पदयात्रा शुरू हुई, पूरा गोसाईगंज क्षेत्र जय जवानझजय किसान और किसान एकता जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। हाथों में झंडे, बैनर और तख्तियां लिए हजारों किसानों का सैलाब सड़कों पर उमड़ पड़ा।
पदयात्रा गोसाईगंज से प्रारंभ होकर अमेठी, गंगागंज, बहरौली, हरदोईया बाजार होते हुए नगराम पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। इसके बाद यात्रा आगे बढ़ते हुए 10 फरवरी को पीजीआई क्षेत्र स्थित वृंदावन योजना मैदान में आयोजित विशाल किसान महापंचायत के साथ संपन्न होगी। यात्रा के दौरान किसान नेता व कार्यकर्ता लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर रहे हैं।यात्रा मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और किसान समर्थकों द्वारा पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। किसानों के उत्साह और एकजुटता ने साफ संकेत दे दिया कि यह आंदोलन आने वाले दिनों में और व्यापक रूप ले सकता है।
इस मौके पर प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने कहा कि ह्यह पदयात्रा केवल आंदोलन नहीं, बल्कि किसानों के अस्तित्व, सम्मान और अधिकारों की निर्णायक लड़ाई है।उन्होंने सरकार से किसान आयोग के तत्काल गठन, समस्त किसानों के कर्ज माफ करने और बिजली को पूरी तरह मुफ्त किए जाने की मांग की। किसान नेता ऋषि मिश्रा ने कहा कि वर्षों से गांवों में बसे गरीब व बेसहारा परिवारों को उजाड़ने की कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए उन्होंने निजी स्कूलों में हो रही मनमानी व धन उगाही पर रोक लगाने और सरकारी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता सुधारने की मांग की।
स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने निजी अस्पतालों की मनमानी पर प्रभावी नियंत्रण और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से आम मरीजों तक पहुंचाने की बात कही। साथ ही राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार समाप्त करने तथा पुलिस-प्रशासन के व्यवहार में गरीब किसानों के प्रति संवेदनशीलता लाने की मांग भी रखी।किसानों की समस्याओं को गिनाते हुए उन्होंने सिंचाई की समुचित व्यवस्था, खाद की समय पर उपलब्धता, माइनरों की नियमित सफाई और रिक्त सरकारी पदों पर शीघ्र भर्तियां किए जाने की मांग की। इसके अलावा तहसीलों में किसानों की भूमि को असंक्रमणीय से संक्रमणीय भूमिधर घोषित किए जाने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।पदयात्रा में प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के साथ मंडल महासचिव जगदीश द्विवेदी, मंडल मीडिया प्रभारी मुकेश द्विवेदी, लखनऊ जिलाध्यक्ष अनुरेन्द्र कुमार अन्नू, प्रदेश प्रवक्ता अनिल वर्मा, मंडल अध्यक्ष मोनिष खान, पंकज बाजपेई सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व हजारों किसान शामिल रहे।किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों और आमजन की समस्याओं पर शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। 10 फरवरी को वृंदावन योजना मैदान में होने वाली महापंचायत में प्रदेशभर से किसानों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है, जहां आगे की रणनीति तय की जाएगी।
किसान क्रांति पदयात्रा का रूट व कार्यक्रम भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की किसान क्रांति पदयात्रा एक फरवरी से दस फरवरी तक गोसाईगंज नगराम निगोहां मोहनलालगंज पीजीआई बिजनौर सरोजनी नगर बंथरा काकोरी मलिहाबाद माल बीकेटी सदर तहसील शहीद पथ मार्ग से वृंदावन योजना मैदान, जहां विशाल किसान महापंचायत आयोजित होगी।

# कुपवाड़ा में कोर्ट मार्शल कार्यवाही के सफल समापन पर मेजर जनरल राजेश नायर ने मेजर दानिश फारूकी को किया सम्मानित

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौरनजीबाबाद उत्तर कश्मीर के संवेदनशील कुपवाड़ा सेक्टर में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और भीषण शीतलहर के बीच संपन्न हुई एक महत्वपूर्ण कोर्ट मार्शल कार्यवाही के सफल समापन पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मेजर जनरल राजेश नायर ने नजीबाबाद के मेजर दानिश फारूकी को विशेष रूप से सम्मानित किया।
भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल शाखा से जुड़े मेजर दानिश फारूकी ने पूरी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान उच्च स्तर की सैन्य विधिक सेवाएँ प्रदान कीं। उनके द्वारा दिए गए सटीक, संतुलित और प्रभावी कानूनी परामर्श ने कार्यवाही को समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रक्रिया-सम्मत तरीके से पूरा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
सूत्रों के अनुसार, चुनौतीपूर्ण मौसम, सीमित संसाधनों और ऑपरेशनल दबाव के बावजूद मेजर दानिश फारूकी ने पेशेवर दक्षता, विधिक स्पष्टता और न्याय केंद्रित दृष्टिकोण का परिचय दिया। उनकी कार्यशैली को सैन्य न्याय प्रणाली के मानकों के अनुरूप और उदाहरणीय बताया गया। मेजर दानिश फारूकी एक विधि परास्नातक और अनुभवी सैन्य विधि अधिकारी हैं, जो विभिन्न फील्ड और स्टाफ नियुक्तियों पर सेवाएँ दे चुके हैं। वे सैन्य सेवा मामलों, अनुशासनात्मक कार्यवाहियों तथा आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल से संबंधित विधिक विषयों में विशेषज्ञता रखते हैं।
सम्मान समारोह के दौरान मेजर जनरल राजेश नायर ने उन्हें मोमेंटो प्रदान करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित, कर्मठ और सुदृढ़ सैन्य अधिकारी को भारतीय सेना की न्यायिक व्यवस्था की मजबूती के स्तंभ हैं। उन्होंने मेजर दानिश फारूकी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी व्यक्त कीं।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ ने बजट को लेकर सरकार की सराहना की

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर आज का बजट सरकार का सामान्य रहा अच्छाई यह रही कि छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने पर जोर है उन्हें उद्यमी बनाने का मन है तथा बुजुर्गों की देखभाल सरकार करेगी। यह महत्वपूर्ण कदम जूते बैटरी दवाएं आदि चीजें सस्ती होंगी यह भी सराहना का विषय है हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे जलमार्ग बनेंगे यह भी अच्छाई है। शिक्षा के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी पर खर्चा करना अच्छी बात है। परंतु मिडिल क्लास को किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी गई है। उसका ख्याल रखना जरूरी था।कुल मिलाकर के बजट सामान्य है

# हुमायूँपुर में ग्राम चौपाल आयोजित, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**समाज जागरण**



बहजोई/संभल। विकासखण्ड जुनावई के ग्राम हुमायूँपुर मजरा हैदराबाद में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्राम चौपाल गाँव की समस्या गाँव में समाधान का आयोजन जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ. प्र. धर्मवीर प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत प्रभारी मंत्री द्वारा गोद भराई एवं अन्न प्राशन कराया।ग्राम प्रधान कल्लो देवी द्वारा प्रभारी मंत्री का पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू का पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया गया तथा भाजपा के मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव का भी पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया गया।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित प्रमुख बिंदुओं के विषय में जानकारी दी उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर हाइपरटेंशन डायबिटीज सर्वाइकल कैंसर 102 एम्बुलेंस 108 एंबुलेंस एवं एएलएस एम्बुलेंस के विषय में भी बताया।
मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल की संक्षिप्त रूप रेखा के विषय में जानकारी दी उन्होंने आज से प्रारंभ हुए संपूर्णता अभियान 2.0 के शुभारंभ के विषय में भी बताया उन्होंने कहा कि लखपति दीदी छोटे-छोटे व्यापार करें विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दें उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिक्षा और विकास में सभी को संतृप्त करना है ।सरकारी अस्पतालों में ही प्रसव करायें एवं लखपति दीदी के माध्यम से हमें प्रत्येक परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। शासन की समस्त योजनाओं को ग्रामवासी जाने इसके लिए भी अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए।
प्रभारी मंत्री द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का उद्देश्य ही ग्राम चौपाल का उद्देश्य है उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों को घर की चिंता से मुक्त किया है । शौचालय, पढ़ाई लिखाई ,राशन ,गोल्डन कार्ड आदि पर सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाया जा रही हैं इसके माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार बेटियों की शिक्षा के साथ-साथ उनकी शादी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कार्य कर रही है। प्रभारी मंत्री द्वारा ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों से कहा कि बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें बेटे एवं बेटियों में कोई भेद न करें और उन्होंने कहा कि गांव की साफ सफाई पर भी ध्यान दिया जाए।
ग्राम चौपाल के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक सुरक्षाओं से जुड़े लाभार्थियों को मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।
इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष,डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग एवं खंड विकास अधिकारी जुनावई अखिलेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का स्वागत कार्यक्रम आयोजित प्रमोद शर्मा बने उत्तर प्रदेश के प्रदेश संरक्षक

**समाज जागरण संवाददाता**




पीजीआई, लखनऊ।राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित एक भव्य स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम में प्रमोद शर्मा को परिषद का प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति की विधिवत घोषणा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा द्वारा की गई। कार्यक्रम का आयोजन मानवता मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज, राम बिहार कॉलोनी, पारा, लखनऊ में किया गया।नवनियुक्त प्रदेश संरक्षक प्रमोद शर्मा वर्तमान में छावनी परिषद, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के नामित सदस्य हैं तथा वे लखनऊ छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके संगठन में शामिल होने से परिषद को नई मजबूती मिलने की बात कही गई।कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप श्रीवास्तव, गोंडा मंडल अध्यक्ष शिवाकांत दुबे, महिला मंडल अध्यक्ष निशी तिवारी, लखनऊ जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भारत भूषण, जिला आईटी सेल प्रभारी गौरव शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पृथ्वीपाल व अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक आलोक कुमार पाल ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।
अपने संबोधन में प्रदेश संरक्षक प्रमोद शर्मा ने कहा कि वे पत्रकारों की समस्याओं, उत्पीड़न और सुरक्षा से जुड़े मामलों में कंधे से कंधा मिलाकर पत्रकारों के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के आगामी अधिवेशन में माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आमंत्रित करने हेतु पत्राचार किया गया है। साथ ही उन्होंने विभिन्न जिलों से आए संगठन के सदस्यों का आभार प्रकट किया।
इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद वर्तमान में देश के 17 राज्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संगठन पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए 24 घंटे संघर्षरत है। उन्होंने परिषद का मूलमंत्र दोहराते हुए कहा कलम रुके नहीं, हम बिके नहीं।कार्यक्रम का सफल संचालन लखनऊ जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# पत्नी ओर दो बेटियों के हत्यारे पर पुलिस ने लगाई रासुका

-गांव के व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने की थी फांसी की मांग

-गांव गढ़ी दौलत में ग्रामीणों ने निकाला था कैंडल मार्च

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। आरोपी की जमानत डालने के विरोध में सैकड़ों लोगों ने निकाला कैंडल मार्च निकालकर फांसी की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी पर रासुका की कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर




नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली की आवाज सुनकर 14 वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी, जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी। आरोप है कि फारूक ने सहरीन की भी गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की थी। फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोत वाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है। फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला था। देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जानकारी देकर फारुख को हिरासत में ले लिया था और कड़ाई से पूछताछ की तो फारुख टूट गया था। फारूक ने पुलिस को बताया था कि उसने पत्नी सहित दो बेटियों की हत्या कर घर के आंगन में बने सेफ्टी टैंक में दबा रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सेफ्टी टैंक की खुदाई कराई थी। सेफ्टी टैंक के अंदर से पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। मौके पर मृतक महिला के परिजन भी आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर एसपी एनपी सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा कारतूस और सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने मृतक महिला ताहिरा के पिता आमिर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी गांव नरा थाना मंसूरपुर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया था। घटना को लेकर महिलाओं तथा लड़कियों में भय व आतंक तथा पुरुषों में आक्रोश की भावना पैदा हो गई थी। परिजनों ने आरोपी की जमानत के लिए याचिका दायर की थी। मृतका के परिजनों गांव व क्षेत्र के सैकड़ों लोग गांव गढ़ी दौलत में आरोपी फारुख की जमानत डालने के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई तथा आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग करते हुए पुलिस को ज्ञापन सौंपा था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए रासुका की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि हत्यारोपी फारूख पर रासुका की कार्रवाई की गई है। ऐसे लोगों पर हुई कड़ी कार्रवाई से समाज के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

# अपनों पर करम गैरों पर सितम, कब्जाधारियों पर पालिका मेहरबान

-बाईपास पर सरकारी नाले पर दबंगों का कब्जा, जाम से जनता बेहाल

-शिकायतों के बाद भी पालिका प्रशासन मौन, अध्यक्ष पर पक्षपात के आरोप



**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे के बाईपास मार्ग पर दबंगों द्वारा सरकारी नाले पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। अवैध कब्जेधारियों ने नाले पर अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया है, जिसके चलते बाइपास मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार पालिका प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि पालिका प्रशासन जानबूझकर इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहा है। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम की कार्यशैली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पालिका अध्यक्ष गैरों पर कर्म और अपनों पर सितम की नीति पर काम कर रहे हैं। नियम-कानून केवल चुनिंदा लोगों पर ही लागू किए जा रहे हैं, जबकि दबंगों के अवैध कब्जों पर कार्रवाई से प्रशासन बचता नजर आ रहा है। कस्बे में पालिका प्रशासन ने पुलिस की मदद से कई स्थानों पर से अवैध कब्जे ओर अतिक्रमण को हटवा दिया गया है, लेकिन पालिका प्रशासन बाइपास मार्ग पर अवैध कब्जाधारियों पर मेहरबान है। क्षेत्रवासियों ने जिला धिकारी से मामले का संज्ञान लेकर सरकारी नाले से अवैध कब्जा हटवाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# मामूली विवाद में छात्र की चाकूओं से गोदने के बाद गोली मारकर हत्या

-दो दिन पहले गांव के ही छात्र से हुआ था मृतक का विवाद, पुलिस जाच मे जुटी

**समाज जागरण**
**कांधला। (फुरकान जंग)**

गांव इस्सोपुरटील में दिनदहाडे कक्षा 12 के छात्र की चाकुओं से गोदंने के बाद गोली मारकर हत्या की दी। सूचना पर मौके पर सीओ कैराना व एएसपी के साथ अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का दौरा करने के बाद परिजनों से पूछताछ की है। सूचना पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मौके पर खून के नमूने लिए। पुलिस ने मौके से एक 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया है। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव इस्सोपुर टील निवासी सलीम का 18 वर्षीय पुत्र अशरद गांव के ही मुरली मनोहर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। परिजनों के अनुसार रविवार को अरशद अपनी माता इमराना के साथ कैराना कार्य से गया हुआ था, और कैराना से खरीददारी करने के बाद लगभग 02:30 बजे वह गांव लौटा था। इसी दौरान उसके फोन पर उसके दोस्त विराट का फोन आया, जिससे बात करते हुए वह कुछ समय बाद लौटने की बात कहते हुए घर से निकल गया। जिसके बाद परिजनों को सूचना मिली कि अरशद की गांव के बस स्टैंड पर चाकुओं से हमला करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, आनन फानन में परिजन घटना स्थल पर पहुंचे तो हत्यारोपी मौके से फरार हो चुके थे। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के साथ - साथ भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा पुलिस ने तत्काल मौके से घायल अरशद को पीवीआर 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अरशद को मृत घोषित करने के साथ ही परिजनों में कोहराम मच गया।मामले की सूचना सीओ कैराना हेमंत कुमार व एएसपी सुमित शुक्ल ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का दौरा कर आस पास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त एक तंमचा बरामद किया है। पुलिस परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। वही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**दोस्त ने घर से बुलाकर कराई हत्या**

कांधला परिजनों ने दोस्त पर घर से बुलाकर हत्या करने का संदेह व्यक्त किया है। मृतक अरशद के परिजनों के अनुसार अरशद का शनिवार को विद्यालय में हिमांशु के साथ किसी बाद को लेकर विवाद हो गया था। जिसे उस समय वहां मौजूद अन्य छात्रों ने निपटवा दिया था। परिजनों को संदेह है कि अरशद के दोस्त विराट ने रविवार को फोन के माध्यम से अरशद को बस स्टैंड पर बुलाया, ओर वहां पहले से ही मौजूद हिमांशु, रितिक व उसके दो अन्य साथियों ने चाकुओं से हमला करने के बाद गोली मारकर अरशद की हत्या कर दी।



## मृतक के परिवार की आर्थिक हालत कमजोर

**समाज जागरण कांधला**
गांव इस्सोपुरटील निवासी मृतक अरशद के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। मृतक के दो बड़े भाई शाहरुख और आरिफ मजदूरी करते हैं, और अरशद को पढ़ा लिखा कर काबिल बनना चाहते थे। कभी-कभी अरशद भी मजदूरी में अपने भाइयों का हाथ बंटवाता था। अरशद की मौत की सूचना से अरशद की मां इमराना व बहन मेहविश बार-बार बेहोश हो रही थी।

## हत्यारो के नाम बताने की हिम्मत नहीं जुटा पाए ग्रामीण

**समाज जागरण कांधला**
गांव इस्सोपुरटील में छात्र अरशद की हत्या के बाद सन्नाटा पसर गया। छात्र की हत्या के बाद कोई भी ग्रामीण हत्यारो के नाम बताने को तैयार नहीं हुआ। पुलिस में मौके से पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया और थाने ले आई।

**इनका है कहना**
थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मौके से एक तमंचा बरामद दुआ है मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है आरोपियों की तलाश की जा रही है,तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस नगदी बरामद

**समाज जागरण**
**झिंझाना। (फुरकान जंग)**

पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा चोरी किए गए 20 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। रविवार को पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के तहत पुलिस चेकिंग के दौरान जंगल गांव सींगरा से अभियुक्त सनी शर्मा पुत्र ब्रह्मपाल, निवासी ग्राम गाजीवाला श्यामपुर, थाना श्यामपुर, हरिद्वार (उत्तरा खंड), हाल निवासी ग्राम खोक्सा, थाना झिंझाना, जनपद शामली को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस तथा चोरी के 20 हजार



रुपये बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर दिनांक 22 दिसंबर 2025 को कस्बा बड़ौत में बैंक से पैदल लौट रही एक महिला के बैग से 50 हजार रुपये चोरी किए थे। इस मामले में थाना बड़ौत, जनपद बागपत में पहले से ही मुकदमा पंजीकृत है।अभियुक्त ने बताया कि चोरी की रकम दोनों ने आपस में बराबर बांट ली थी, जिसमें से कुछ रुपये खर्च हो गए थे, जबकि शेष 20 हजार रुपये व तमंचा-कारतूस को ग्राम सींगरा के पास एक खंडहरनुमा मकान के मलबे में छिपा दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया चोरी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से नकदी व तमंचा कारतूस बरामद किया। जिसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गयी है।

# प्रत्येक भारतीय को अपनी सनातन परंपराओं करना चाहिए गर्व

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में रविवार को महाराणा प्रताप, सरदार पटेल एवं शिवाजी बस्ती, शामली के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र के समक्ष सामूहिक पुष्पार्चन के साथ हुआ।
सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में कर्नल तेजिन्द्र पाल त्यागी, विशिष्ट अतिथि के रूप में वेदपाल सह प्रान्त सम्पर्क प्रमुख, आरएसएस तथा मुख्य अतिथि के रूप में ओमवीर शास्त्री मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आकाश गुप्ता एवं रमेश चन्द्रा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ओमवीर शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक भारतीय को अपनी सनातन परंपराओं पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की विजय के लिए संघर्ष आवश्यक




है और समाज को आत्मबल से सशक्त होना होगा। मुख्य वक्ता कर्नल तेजिन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि संकट के समय में सामाजिक संगठनों ने सेवा कार्य किए हैं और वर्तमान समय में भी समाज को सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने जातिगत भेदभाव समाप्त कर एकजुट होकर संस्कृति संरक्षण की बात कही। विशिष्ट अतिथि वेदपाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना समाज में व्याप्त विभाजन को समाप्त कर समरसता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कारों से युक्त शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त किया जा रहा है। अमित बंसल ने कहा कि संगठन द्वारा देशभर में हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है, उसी क्रम में शामली में यह सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामअवतार तायल, संजीव कुमार, निखिल ऐरन, अंकित गुप्ता, राहुल तायल, पंकज गुप्ता, अमित मित्तल, कपिल काम्बोज, सतीश तायल, रितेश जैन, मधुसूदन गौड मौजूद रहे।

# एसपी ने किया सदर कोतवाली का औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) रविवार को एसपी एनपी सिंह ने शहर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा को कई खामियां गिनाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि कोतवाली परिसर में लगभग 500 माल मुकदमती वाहन खड़े हैं, जिनका शीघ्र निस्तारण कराया जाना आवश्यक है।
एसपी एनपी सिंह ने निर्देश दिए कि जिन वाहनों के स्वामियों से संपर्क नहीं हो पा रहा है, उनके पते पर सिपाही भेजकर नोटिस तामील कराया जाए, ताकि वाहन स्वामी अपना वाहन छुड़ा सकें। यदि इसके बावजूद वाहन नहीं छुड़ाए जाते हैं तो नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई कर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोतवाली परिसर में निमार्णाधीन नए मैस का भी जायजा लिया। मैस की दीवारों में सीलन पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी



जताई। साथ ही मैस के बाहर इंटरलॉक टाइल्स लगवाने को लेकर उन्होंने फोन पर नगर पालिका अध्यक्ष शामली से वार्ता कर शीघ्र कार्य कराने को कहा। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई पीड़ित या फरियादी पढ़ा-लिखा नहीं है तो ड्यूटी पर तैनात अधिकारी स्वयं उसकी प्रार्थना पत्र लिखें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों ने बताया कि कोतवाली के दो प्रिंटर खराब हैं तथा प्रिंटिंग के लिए कागज भी उपलब्ध नहीं है। इस पर एसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 300 रिम कागज उपलब्ध कराने और दोनों प्रिंटर शीघ्र ठीक कराने के आदेश दिए। एसपी ने निर्देश दिए कि कोई भी फरियादी पीली पर्ची के बिना वापस न जाए। साथ ही कंप्यूटर में लगे दो इन्वर्टर बैटरियों को कवर करने के आदेश भी दिए गए।

## कंटेनर पलटा, चालक ने कूदकर बचाई जान

**समाज जागरण**
कैराना। हाईवे पर ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में एक कंटेनर सड़क किनारे पलट गया। इस दौरान चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। रविवार की दोपहर करीब एक बजे गांव मन्नामाजरा के निकट से हाईवे पर एक कंटेनर गुजर रहा था। तभी ओवरटेक के दौरान ट्रैक्टर चालक ने कट मार दिया, जिस पर ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में कंटेनर चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिसके बाद कंटेनर सड़क किनारे खेत में पलट गया। इस दौरान चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। बाद में कई क्रेन मशीनों को मौके पर बुलाया गया, जिस पर कंटेनर को खेत से बाहर निकाला गया। इस दौरान हाईवे पर आवागमन में भी राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## दो डग्गामार वाहन किए जब्त

**समाज जागरण**
कैराना। पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी कर दौड़ रहे दो डग्गामार वाहन जब्त किए। कैराना-पानीपत रूट पर डग्गामार वाहन चलते हैं, जिनमें यातायात नियमों की अनदेखी की जाती है। रविवार दोपहर करीब 12 बजे डग्गामार वाहनों पर पुलिस का चाबुक चला। इस दौरान पुलिस ने कांधला तिराहे के निकट से दो डग्गामार वाहनों को पकड़ लिया और उन्हें कोतवाली ले जाया गया है। इस कार्रवाई से डग्गामार वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा। उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने किया संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण

**समाज जागरण**
शामली। संत रविदास की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भैंसवाल रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर एकत्र होकर संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को स्मरण किया। प्रो. सुधीर पंवार ने कहा कि संत रविदास निर्गुण भक्ति परंपरा के प्रमुख संत थे, जिन्होंने धार्मिक आडंबरों का विरोध करते हुए मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश दिया। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सलेक चंद ने कहा कि मोची जाति में जन्म लेने के बावजूद संत रविदास की भक्ति और विचारों



ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया। मौके पर भूपेन्द्र सैनी, बिट्टू ताना, देवेंद्र वालिया, सतबीर गोहरनी, राकेश कुमार, मास्टर सतीश चंद, अभिषेक शर्मा, नरेंद्र प्रधान मस्तगढ़, धर्मवीर प्रधान अहमदपुर, भूपेंद्र, योगेंद्र चौधरी, अनिल कुमार उपस्थित रहे।

# निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। लायंस क्लब शामली सिनेर्जी द्वारा फरवरी माह को सिनेर्जी डेंटल मंथ के रूप में मनाते हुए प्रथम रविवार को निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला, जिसमें कुल 42 मरीजों की निशुल्क दंत जांच की गई।
शिविर के दौरान मरीजों को दांतों की साफ-सफाई, मसूड़ों की देखभाल



एवं दंत रोगों से बचाव संबंधी परामर्श दिया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में सचिव रुचिर सांगल, कोषाध्यक्ष निशांत गर्ग सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

## छेड़छाड़ व जान से मारने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। छेड़छाड़ और जान से मारने के प्रयास के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला पट्टोवाला निवासी व्यक्ति ने कोत वाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप लगाया कि मोहल्ले का ही पप्पू उर्फ सुशील मंदिर की छत पर बैठकर नशा करता है और अश्लील इशारे करता है। शनिवार सुबह करीब सवा नौ बजे उसकी पत्नी बेटी को स्कूल की वैन में छोड़कर वापस घर आ रही थी। इस दौरान अपने घर के आगे बैठे पप्पू उर्फ सुशील ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील कमेंट किया। उसकी पत्नी ने घर वापस आकर घटना बताई। इसके बाद वह आरोपी के घर पहुंचा और विरोध जताया। इस पर आरोपी पप्पू उर्फ सुशील, राजा, पारस व अनमोल ने उसके साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की।

आरोपियों ने उसका गला हाथों से दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। अन्य लोगों के आ जाने पर आरोपी उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि रविदास की जयंती

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) जिलेभर में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में संत रविदास मंदिरों में हवन-पूजन भंडारों का आयोजन किया। इस मौके पर विचार गोष्ठियों के माध्यम से संत रविदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। उनके जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कई स्थानों से शोभा यात्राऐं भी निकाली गई।
रविवार को शहर के टंकी रोड स्थित संत रविदास मंदिर में श्री गुरू रविदास समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में 649वीं जयंती पर्व धूमधाम



से मनाया गया। सुबह हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके मुख्य यज्ञमान मंदिर समिति के अध्यक्ष सतेंद्र धीरयान, कंवरपाल जयंत व राजेश कुमार रहे। यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान की। यज्ञ के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व सभासद संदीप कुमार रहे। उन्होने कहा कि संत रविदास समाज सुधारक, महान कवि एवं दार्शनिक के रूप में विख्यात है। उनके विचार सम्पूर्ण मानव जगत का कल्याण करने वाले है। उन्होंने ऊंच-नीच की भावना तथा ईश्वर भक्ति के नाम पर किये जाने वाले विवाद को सारहीन तथा निरर्थक बताया और सबको परस्पर मिलजुल कर प्रेमपूर्वक रहने का उपदेश दिया। उन्होने सभी से आपसी भाईचारा कायम करने की अपील की। इस अवसर पर राजबहादुर, सभासद संदीप कुमार, नरेन्द्र कुमार ठेकेदार, देवेन्द्र कुमार, सतपाल, डा. राजेश कुमार, बीरपाल, गजेन्द्र निर्वालख, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गांव खेडीकरमू स्थित रविदास मंदिर में संत रविदास जयंजी धूमधाम के साथ मनाई गई। सवेरे हवन यज्ञ हुआ। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बाद में मंदिर समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज सुधार के लिए अनेकों झांकिया दिखाई गई। शोभायात्रा का अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोकेन्द्र कुमार, सचिन कुमार, रोबिन, प्रेम प्रधान, तुषार, अनुज, संदीप कुमार, महात्मा चंद्र दास, गोली, डा. कृष्णपाल आदि मौजूद रहे। शहर के मौहल्ला पंसारियान में भी गुरू रविदास जयंती मनाई गई। कई स्थानों पर हवन पूजन के बाद प्रसाद भी वितरित किया गया। बनत से निकाली गई शोभायात्रा में निकाली गई।

## ट्यूबवेलों पर चोरी का आरोपी चाकू समेत दबोचा

**समाज जागरण**
कैराना। ट्यूबवेलों पर तार चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को चाकू समेत गिरफ्तार किया। गांव तितरवाड़ा–बुच्चाखेड़ी मार्ग पर पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक को रोककर तलाशी ली, जिसके कब्जे से एक चाकू और 700 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ निवासी गांव तितरवाड़ा बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने गांव झाड़खेड़ी के जंगल में पिछले दिनों कई ट्यूबवेलों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जहां से केबिल व फावड़ा चोरी किया था। इसके बाद सामान 1500 में कबाड़ी को बेच दिया था। उसके पास 700 रुपये बच गए और बाकी खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

# वन विभाग बागपत को मिली बड़ी सफलता

**समाज जागरण बागपत।**
वन क्षेत्र में वन्य जीवों के अवैध शिकार और तस्करी का बड़ा खुलासा हुआ हैं। वन विभाग की टीम ने अंतर्राज्यीय गिरोह के सात शिकारियों/तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से जंगली बिल्ली, सियार, जल मुर्गी, खरगोश सहित कई वन्यजीवों के शव बरामद हुए हैं। वन्य जीवों के शिकार में इस्तेमाल होने वाले खटके, रस्से, जाल और धारदार हथियार भी जब्त किए गए हैं। दरअसल, वन्य जीवों के लगातार हो रहे शिकार को देखते हुए वन विभाग की टीम काफी समय से शिकारियों की तलाश में जुटी हुई थी।



विभाग की टीम ने अंतर्राज्यीय गिरोह के 7 शिकारियों/तस्करों को गिरफ्तार किया है। वन विभाग की जांच में सामने आया है कि आरोपी बागपत के जंगलों में अवैध शिकार करते थे और बाद में इन वन्यजीवों की तस्करी सोनीपत (हरियाणा) में की जाती थी। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिले में अवैध शिकार और तस्करी पर रोक लगाने के लिए जंगलों में निगरानी और गश्त और तेज की जाएगी। डीएफओ विनोद कुमार ने बताया कि वन्यजीवों के शिकार और तस्करी की लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने सटीक सूचना पर घेराबंदी कर सातों शिकारियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने शिकार कर हरियाणा में बेचने की बात स्वीकार की है। इनके कब्जे से वन्य जीवों का शिकार करने के औजार, हथियार भी बरामद हुए हैं। विभाग ने बरामद वन्य जीवों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए विभाग की ही नर्सरी में भेज दिया है। वन विभाग की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप इस कार्रवाई में डीएफओ विनोद कुमार के नेतृत्व में वन क्षेत्राधिकारी सुनेंद्र कुमार, वनरक्षक संजय, वन दरोगा उमेश और वन दरोगा राहुल भाटी सहित पूरी टीम शामिल रही। टीम की सतर्कता और रणनीतिक घेराबंदी से वन्यजीव तस्करी के इस नेटवर्क को ध्वस्त करने में बड़ी सफलता मिली है।

# ईदगाह बागपत में प्रोजेक्ट राहत के तहत कंबल वितरण

### ठंड से जूझते जरूरतमंदों के लिए एसबीएफ ने बढ़ाया सहयोग

### मानवीय सेवा की मिसाल बना एसबीएफ का राहत अभियान

**समाज जागरण बागपत।**
रविवार को बागपत शहर स्थित ईदगाह परिसर में सामाजिक संस्था एसबीएफ द्वारा प्रोजेक्ट राहत के अंतर्गत कंबल वितरण कार्यक्रम का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इससे पूर्व इस कार्यक्रम का प्रथम चरण 11 जनवरी को संपन्न हुआ था। प्रथम चरण के बाद संस्था द्वारा किए गए सर्वे में यह तथ्य सामने आया कि समाज में अभी भी कई जरूरतमंद लोग राहत से वंचित रह गए हैं। साथ ही ठंड की तीव्रता को देखते हुए अतिरिक्त मानवीय सहयोग की आवश्यकता महसूस की गई जिसके चलते द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोहिनूर अहमद द्वारा किया गया। इस अवसर पर राशीद अहमद, डॉ नाज़िम, दिलशाद, अमीर ए मुकामी इरशाद खान, शब्बीर अहमद, एडवोकेट आरिफ बेग, इस्तियाक डॉक्टर मुबीन एवं जहूर की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। एसबीएफ के स्वयंसेवको उवैस और फाज़िल सहित पूरी टीम ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचाए। कड़ाके की ठंड में यह राहत सामग्री पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ दिखाई दी। एसबीएफ एक समर्पित सामाजिक संस्था है जो आपदा और संकट के समय बिना किसी भेदभाव के मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना और मानवता की सेवा को सशक्त बनाना है।



# चौधरी सर्वखाप ब्राह्मण समाज नरेश शर्मा का हुआ ऐतिहासिक सम्मान

**समाज जागरण बागपत।**
खेकड़ा नगर स्थित शिव फार्म हाउस में चौरासी देशखाप के चौधरी पंडित सुभाष शर्मा की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज की सर्वखाप व्यवस्था के अंतर्गत एक भव्य, ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि ब्राह्मण सिर्फ जन्म से ही नहीं, कर्म के आधार पर ब्राह्मण होता है। प्राचीन समय में विश्वामित्र जी को ब्रह्मर्षि की उपाधि उनके जन्म के आधार पर नहीं कर्म के आधार पर मिली थी। डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि सर्व समाज ही मिलकर समाज से कुरीतियों को दूर कर सकता है, कोई एक अकेला नहीं। उन्होंने कन्या हत्या, बालिका शिक्षा एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक



कुरीतियों का एकजुट होकर सामना करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि गत 24 जनवरी को खेकड़ा स्थित मारुति मण्डप में ब्राह्मण समाज की सर्वखाप के चौधरी नरेश शर्मा एवं पुनीत भारद्वाज (चौधरी थंबा, पट्टी रामपुर, खेकड़ा देशखाप) को समाज के सभी चौधरी, थंबेदार चौधरी, मुखिया, लंबरदार एवं ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से चौधरी सर्वखाप के दायित्व पर सक्रिय रूप से पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया था। उसी ऐतिहासिक निर्णय की कड़ी में आज इस कार्यक्रम में चौधरी नरेश शर्मा का पुनः भव्य सार्वजनिक सम्मान किया गया तथा उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए समाज की ओर से शुभकामनाएँ दी गई। इस मौके पर खेकड़ा चेयरमैन नीलम धामा, चौरासी देशखाप के चौधरी पंडित सुभाष शर्मा, राजपाल शर्मा वात्सायन वाले, ब्रिजेश शर्मा प्रबंधक ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल मवीकला, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चंद्र कौशिक, थांबा चौधरी पट्टी बारू ओमकार भारद्वाज, थांबा चौधरी बामडोली हरिओम शर्मा, देशखाप ब्लॉक अध्यक्ष राममेहर शर्मा (बीडीसी), थांबा चौधरी बावली सुभाष शर्मा, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा, चौधरी चौरासी देशखाप पंडित सुभाष शर्मा, गठवाल खाप बत्तीससा पंडित जय भगवान शास्त्री, उप-चौधरी पंडित वेद प्रकाश शर्मा, थांबा चौधरी पट्टी मेहर हरि भजन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बिनौली जगदीश शर्मा, चौधरी थांबा बावली नीतिश शर्मा, चौधरी थांबा किशनपुर बिराल ऋषिपाल शर्मा, चौधरी थांबा मलकपुर त्रिलोकी नाथ शर्मा, चौधरी थांबा हलवाड़ी ब्रह्मपाल शर्मा, चौधरी थांबा बामडोली हरिओम शर्मा, चौधरी थांबा बिजरोल पंडित शिवकुमार शर्मा, छपरौली चौबीस चौधरी अनिल शर्मा, बृजेश शर्मा, चौधरी चौगामा खाप कृष्ण कुमार शर्मा, आदेश निरपदा, चौधरी चौहान खाप पंडित महेंद्र दत्त शर्मा, चौधरी उज्ज्वल खाप पंडित ओंकार शर्मा, चौधरी पंडित बारू दत्त शर्मा, दागी खाप से धर्मवीर शर्मा, नरेश कुमार, पंडित जय किशन शर्मा, पंडित ओमदत्त शर्मा, एडवोकेट राकेश कौशिक, अनुज शर्मा, अश्वनी कौशिक, बृजपाल शर्मा, जय कुमार शर्मा , जयंत शर्मा, गुरुदत्त शर्मा, नीरज धामा, मनोज धामा, राहुल धामा, राजा शर्मा, पीयूष शर्मा,अरुण धामा, एडवोकेट हर्ष शर्मा, नितिन जैन, संदीप जैन टीटू, संदीप बिंदल, डॉ अभिषेक शर्मा, रमाकांत शर्मा, शैंकी शर्मा, दीपक शर्मा, मुकेश शर्मा ,परवेश शर्मा , तरुण गुप्ता , बिट्टू ठेकेदार , प्रदीप धामा , मनोज जैन आदि थे।

# एलईडी पर बजट देखकर भाजपाइयों ने बताया इसे ऐतिहासिक जनहितकारी कदम महत्वपूर्ण

### मोदी सरकार के बजट में विकास गरीब कल्याण को प्राथमिकता देने का

**समाज जागरण बागपत।**
भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भाजपा कार्यकताओं ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट को एलईडी के माध्यम से देखा। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बजट को लेकर उपस्थित भाजपाइयों ने इसे सभी वर्गों के लोगों के लिए ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी बताया। प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी डॉ चन्द्रमोहन ने कहा कि यह बजट देश के विकास और गरीबों के कल्याण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं जिससे आम आदमी को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे देशहित में एक मजबूत और दूरदर्शी बजट बताया।



जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के अनुरूप यह बजट प्रस्तुत किया गया है जिसमें गरीब किसान युवा और मध्यम वर्ग सभी को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान भाजपाइयों ने बजट की सराहना करते हुए इसे देश को प्रगति की दिशा में आगे ले जाने वाला बताया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर जिला पंचायत सदस्य मनूपाल बंसल मंडल प्रभारी डॉ विनय त्यागी ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुन्दर धामा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष आत्मा राम मौर्य मीडिया प्रभारी पवन शर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मनरेगा को बंद किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा

**समाज जागरण**
बड़ौत। नगर के दिल्ली रोड स्थित महिला कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष बागपत उर्मिला सिंह ने महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के दिशा निर्देश अनुसार सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए चलाई जा रही मनरेगा के तहत योजना को बंद किया




जा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यालय में काफी आक्रोश पनप रहा है। सरकार को घेरते हुए जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष बागपत उर्मिला सिंह ने कहा कि मनरेगा को किसी भी सूरत में बंद नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस इसके खिलाफ हमेशा धरने प्रदर्शन विरोध प्रकट करती रहेगी। इस मुद्दे को लेकर जिला अध्यक्ष ने अपने कांग्रेस कार्यालय पर एक बैठक की। बैठक में उन्होंने मीडिया के सामने रूबरू होते हुए कहा कि मनरेगा को बंद किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा चाहे हमें इसका कितना भी जबरदस्त विरोध प्रकट क्यों न करना पड़े। हम इसे पीछे नहीं हटेंगे अपने कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर उर्मिला सिंह मीडिया के सामने मनरेगा के मुद्दे को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार को घेरते हुए वातालाप कर रही थी। इस मौके पर उनके साथ सैकड़ो महिलाएं भी मौजूद रही।

# 29 पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण

### बागपत के परिवार परामर्श केंद्र ने सुलझाए मामले

**समाज जागरण**
बागपत। जनवरी 2026 के दौरान आयोजित "परिवार परामर्श केंद्र" में 29 पारिवारिक विवादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। महिला थाना, महिला परामर्श केंद्र और मिशन शक्ति केंद्र ने मिलकर इन मामलों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परामर्श केंद्र में पति-पत्नी के बीच मतभेद, घरेलू कलह, पारिवारिक तनाव, संवाद की कमी और सामाजिक-आर्थिक कारणों से उत्पन्न कुल 29 मामले सामने आए। प्रशिक्षित परामर्शदाताओं, महिला पुलिस कर्मियों और मिशन शक्ति टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। टीम ने उन्हें संवाद, समझ और सहमति के माध्यम से समाधान की ओर प्रेरित किया। काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान परिवार के सदस्यों को आपसी सम्मान, विश्वास और सहयोग के महत्व के



बारे में जागरूक किया गया। उन्हें भविष्य में विवादों से बचने के लिए कानूनी जानकारी भी दी गई। परामर्श के सकारात्मक माहौल के परिणामस्वरूप, सभी 29 परिवारों ने आपसी सहमति से अपने मतभेद भुलाकर साथ रहने का निर्णय लिया। महिला परामर्श केंद्र और मिशन शक्ति टीम के इन प्रयासों से न केवल पारिवारिक विवाद सुलझे, बल्कि टूटते रिश्तों को भी नई दिशा मिली। जनपद प्रशासन और पुलिस विभाग का यह कदम महिला सशक्तिकरण, पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक स्थिरता की दिशा में सराहनीय माना जा रहा है। परिवार परामर्श केंद्र ने यह संदेश भी दिया कि समस्याओं का समाधान हिंसा या टकराव से नहीं, बल्कि संवाद और समझ से संभव है।

# कबड्डी लीग सीजन 2 का समापन

### महिला वर्ग ने में सपोर्ट पुरुष वर्ग में दोघट विजेता बनी

**समाज जागरण**
बागपत। खेकड़ा क्षेत्र के मुबारिकपुर स्थित केटी स्टेडियम में बागपत कबड्डी लीग सीजन 2 का समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में बागपत के जिलाधिकारी अस्मिता लाल मुख्य अतिथि रही। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत वशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद थे। क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। महिला वर्ग में पहला सेमीफाइनल देवकृष्णा (खेकड़ा) और गौरीपुर के बीच हुआ जिसमें देवकृष्णा खेकड़ा विजय रही। दूसरा सेमीफाइनल में नैन स्पोर्ट्स एकेडमी और एसबीएस एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें में नैन स्पोर्ट्स




एकेडमी ने जीत हासिल की। फाइनल मुकाबले में नैन स्पोर्ट्स एकेडमी ने देवकृष्णा खेकड़ा को हराकर महिला वर्ग कि सीजन 2 ट्रॉफी अपने नाम की। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में बिजरोल और दोघट की टीम विजय रही और फाइनल में पहुंची फाइनल मैच में दोघट की टीम ने बिजरौल को पराजित किया और पुरुष वर्ग की टीम ट्रॉफी जीती। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते है। उन्होंने बागपत जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करने पर जोर दिया और आयोजक संस्था के.टी विंग को भविष्य में ऐसे आयोजन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजको ने बताया कि लीग का उद्देश्य युवाओं को अनुशासन टीमवर्क और नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि इस लीग से क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

# अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 का हुआ लाइव प्रसारण

### 2047 के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट- जिलाअध्यक्ष अमिता चपरा जी

### मेडिकल के क्षेत्र में ऐतिहासिक बजट -- डॉक्टर ए.के श्रीवास्तव जी वरिष्ठ चिकित्सक

**समाज जागरण**
शहडोल। अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 का हुआ लाइव प्रसारण रविवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट में जानकारी देते हुए बताया है कि 1 फरवरी 2026 को 80 वें केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया शहडोल नगर के जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट का प्रसारण भाजपा जिला जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी की उपस्थिति में लाइव प्रसारण के माध्यम से एलईडी स्क्रीन पर बजट का लाइव प्रसारण देखने के लिए भाजपा जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता, मंडल अध्यक्ष गण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार गण, जिले के संभ्रांत नागरिक गण, व्यापारी बंधु, डॉक्टर, एडवोकेट, इंजीनियर,चार्टर्ड अकाउंटेंट, किसान, युवाजन, प्रबुद्ध जन, समाज सेवी सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता ने बजट का लाइव प्रसारण देखा व सुना। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लोकसभा सदन के पटेल पर वर्ष 2026-27 आम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत किया गया यह बजट विकसित भारत और युवाओं महिलाओं किसनों और गरीब मजदूरों 2047 विकसित और समृद्ध भारत निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कदम है जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य सड़क पानी एवं भारत को आत्मनिर्भर की दिशा से जोड़ने के लिए केंद्रीय बजट में प्रावधान किया गया है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कही। जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अच्छे बजट के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। मेडिकल के क्षेत्र में ऐतिहासिक बजट -- डॉक्टर ए.के श्रीवास्तव वरिष्ठ चिकित्सक जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ए.के श्रीवास्तव जी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में बजट से क्रांतिकारी बदलाव होगा। मेडिकल के लिए 10000 करोड़ बायो मेडिकल के लिए रखा गया है ,जिसके कारण कैंसर व डायबिटीज व अन्य प्रकार की बीमारियों के लिए सस्ती दवाइयां उपलब्ध होगी और सभी वर्गों को सस्ती चिकित्सा की सुविधा प्राप्त होगी। बजट कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 2026-2027 के केंद्रीय बजट (जो 2027 के वित्तीय वर्ष के लिए है) में महिलाओं के लिए कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं, जिसमें प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास (Girl Hostels) का निर्माण, कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित आवास, तथा उद्यमिता बढ़ाने के लिए SHE-marts और ₹10,000 करोड़ का रटए ग्रोथ फंड शामिल है। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है।उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 में महिलाओं के लिए मुख्य योजनाएं: हर जिले में महिला छात्रावास (Girls Hostels): छात्राओं और कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित व सुलभ आवास सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक जिले में महिला हॉस्टल बनाए जाएंगे। नया आयकर अधिनियम ऐतिहासिक कदम -- सी ऐ -अमित बजाज वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट राकेश शुक्ला ने पेश किए गए बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बजट में नवीन आयकर अधिनियम कई मामलों में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी साबित होगा। यह सबसे बड़ी और ऐतिहासिक घोषणा है। आयकर अधि नियम, 1961 की समग्र समीक्षा का अर्थ है सरल भाषा,कम जटिल धाराएँ,अनावश्यक स्पष्टीकरणों और प्रावधानों की समाप्ति,डिजिटल व फेसलेस प्रणाली केअनुरूप कानून।सबसे महत्वपूर्ण पहलू होगा – ट्रांजिशनल प्रोविजन (संक्रमण प्रावधान) और पुराने मामलों का निपटारा। NRI से संपत्ति खरीद पर PAN आधारित TDS, अत्यंत व्यावहारिक सुधार।अब खरीदार को TAN लेने की आवश्यकता नहीं होगी। संशोधित रिटर्न कम होंगे, नोटिस घटेंगे, अनावश्यक पेनल्टी से राहत मिलेगी। भाजपा कार्यालय में आयोजित केंद्रीय बजट लाइव प्रसारण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा वरिष्ठ चिकि त्सक समाजसेवी डॉ ए,के श्रीवा स्तव, राजेश्वर उदानियां, राजकुमार खरया,गिरधर प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक मनोज गुप्ता जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी, भूपेंद्र मिश्रा, राकेश सोनी राकेश पांडे, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, महेश भागदेव, शिवकुमार गुप्ता, खेड़िया जी, उअअमित बजाज, पत्रकार राघवेंद्र चतुर्वेदी श्री सीरीश नंदन श्रीवास्तव सुनील मिश्रा, अमित गुप्ता बंटी, अंकुश शर्मा, श्री कृष्ण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मृदुल मिश्रा,प्रियम त्रिपाठी,अर्जुन सोनी, अरुण पटेल, आशीष तिवारी,अतुल तिवारी,रवींद्र वर्मा, सौरभ गोले,राकेश कनौजिया, भारत नायक,विपिन तिवारी, एड, अनुराग शुक्ला, नीलम चतुर्वेदी रचना श्रीवास्तव रेखा त्रिपाठी एवं प्रबुद्ध जन, समाजसेवी सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# गली विवाद, युवक ने लाठी-डंडे दिखाए

### सफाई को लेकर झगड़ा, पुलिस कर रही जांच

**समाज जागरण**
बागपत। खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में गली की साफ-सफाई को लेकर हुए विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित प्रवीण शर्मा ने खेकड़ा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने पड़ोसी युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रवीण शर्मा के अनुसार, वह अपने घर के सामने गली में नियमित रूप से साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान एक पड़ोसी युवक वहां आया और जबरन गली को बंद करने का प्रयास करने लगा। जब प्रवीण शर्मा ने इसका विरोध किया, तो आरोपी युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी, जिससे विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपी युवक अपने घर से लाठी-डंडे लेकर मौके पर वापस आ गया। उसने प्रवीण शर्मा और उनके परिवार को डराने-धमकाने का प्रयास किया, जिससे गली में तनाव का माहौल बन गया। घटना के समय मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस घटना के बाद उनके परिवार में भय का माहौल है। उन्होंने खेकड़ा कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रवीण शर्मा ने यह भी कहा कि यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई नहीं करती है, तो वह पुलिस अधीक्षक से शिकायत करेंगे। इस मामले पर खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने जानकारी दी कि उन्हें शिकायती पत्र मिल गया है। वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठा रही है।

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। शनिवार रात पुलिस ने दभेड़ीखुर्द मार्ग से आरिफ निवासी गांव अकबरपुर सुन्हेटी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

## एमडीओ बाबा महाकाल मिनरल्स के कर्मचारियों ने जिला चिकित्सालय उमरिया में 13 यूनिट ब्लड डोनेट कर पेश की मानवता की मिसाल

**समाज जागरण**
उमरिया।जिले के अधिकृत रेत ठेकेदार महाकाल मिनरल्स प्रा. लि. के कर्मचारियों द्वारा मानवता की मिसाल पेश करते हुए स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया गया।इस दौरान कंपनी में कार्यरत कई कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मानसेवा की मिसाल पेश की।रक्तदान शिविर में उत्साह का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर बाबा महाकाल मिनरल्स के कंपनी कन्सल्टेंट अभिषेक निगम ने कहा कि रक्तदान महादान है जिससे कई जाने बचाई जा सकती हैं महाकाल मिनरल्स सदैव सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित है आज हम सभी ने यह संकल्प भी लिया है कि भविष्य में



ऐसी जनहितकारी कार्यों में सक्रियताओं भागीदारी निभाते रहेंगे।वहीं इस सकारात्मक पहल से यह सन्देश प्रसारित होता है कि उद्योग और व्यवसाय के साथ-साथ समाजसेवा भी हमारी जीवन शैली का एक महत्वपूर्ण अंग है।

# चचाई उपकेंद्र क्षेत्र में पम्प लाइन ट्रांसफार्मर को लेकर अनियमितता का आरोप , गरीब किसानों को नहीं मिला लाभ

**समाज जागरण**
अनूपपुर/अनूपपुर संभाग के चचाई उपकेंद्र अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में पम्प लाइन के ट्रांसफार्मर को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बड़का तालाब के पास जिस स्थान पर ट्रांसफार्मर लगाया जाना था, उसे नियत स्थान पर न लगाकर कुछ लोगों ने कथित लेनदेन के माध्यम से अपने निजी खेत में लगवा लिया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर को मूल निर्धारित स्थल से लगभग चार पोल दूर स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे योजना का वास्तविक लाभ उन गरीब



किसानों तक नहीं पहुंच पाया, जिनके लिए यह व्यवस्था की गई थी। प्रभावित किसानों का कहना है कि ट्रांसफार्मर की जगह बदलने से उन्हें अब भी पर्याप्त विद्युत सुविधा नहीं मिल रही है, जबकि कुछ चुनिंदा लोगों को इसका सीधा फायदा पहुंच गया।मामले को लेकर गांव में असंतोष का माहौल है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और ट्रांसफार्मर को पुनः निर्धारित स्थान पर लगाया जाए, ताकि जरूरतमंद और गरीब किसानों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके।

# श्री बालाजी धाम गाँव डोभ पर माघ पूर्णिमा पर विशाल भण्डारे, संकीर्तन, भक्तमेला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी ,1 फरवरी। श्री बालाजी धाम गांव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरूषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह हवन यज्ञ के साथ-साथ 108 बार हनुमान चालीसा पाठ किया जाता है प्रत्येक महीने की पूर्णिमा को दोपहर 12 बजे से 3:30 बजे तक श्री बालाजी का संकीर्तन,भंडारा,भक्त मेला,स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है
धाम पर कथा वाचक पंडित शांति प्रकाश , पंडित विशाल कौशिक द्वारा अखण्ड श्री रामचरितमानस पाठ किया गया जिसका आज सुबह हवन और भोग द्वारा समापन हुआ
आज श्री सुशील गुप्ता (पोपट) मॉडल टाउन रोहतक बतौर मुख्य यजमान सिरकत की और श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया
बालाजी के गुणगान के लिए भजन गायक सतपाल रोहटिया, साहिल सिंह रोहतक,प्रिन्स सुफी रोहतक को आमंत्रित किया गया उन्होंने श्री बालाजी महाराज के सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया भजन कीर्तन की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर झ सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में आँख जाँच, दांत जाँच, कोरियन मशीनों द्वारा एकुप्रेषर, मेडिसन, कान नाक गला व देशी वैध एवं सभी प्रकार की दवाईयां ,चश्मे निःशुल्क दिये जाते हैं
आगे प्रधान जी जानकारी देते हुए बताया कि हर रविवार की भांति आज भी श्री शनि देव मित्र मंडल रोहतक द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड रोहतक से 74वीं पद यात्रा बड़ी धूम धाम से श्री बालाजी धाम पहुंची रास्ते में भक्तों के लिए कई जगह जलपान और भंडारे की व्यवस्था की जाती है
इस अवसर पर अधिवक्ता रमेश खुराना,रमेश गुप्ता,नवीन तनेजा, हर्षित कोचर, दीपक प्रकाश जैन, मन मोहन धारीवाल, पुरुषोत्तम वर्मा, संजय गोयल, राजेश गोयल, सुनील निमाड़ी, कविता निमाड़ी,अमित कौशिक , एवं मण्डल सदस्यगण और भक्त उपस्थति रहें

# संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी का 649 वां अवतार दिवस पर निकाला नगर कीर्तन

**समाज जागरण**







कालांवाली 1फरवरी (सुरेश जोरासिया) संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी का 649 वां अवतार दिवस के शुभ अवसर पर श्री गुरु रविदास सभा व गांव कालांवाली वासियों के सहयोग से नगर कीर्तन निकाला गया । इस नगर कीर्तन में क्षेत्र के सैकड़ों पुरुषों व महिलाओं ने भाग लिया है। श्रीगुरू रविदास की पालकी फूल मालाओं से सजाया गया था। नगर कीर्तन के साथ चल रही सिख संगत द्वारा धन धन गुरु रविदास जी महाराज के जयकारों से आसमान गूंज रहा था।यह नगर कीर्तन गांव कालांवाली में स्थिति श्री गुरु रविदास जी के मंदिर शुरू होकर गांव कालांवाली की गलियों से गुजरता हुआ। नया थाना रोड़ से हरियाणा बस स्टैंड,अनाज मंडी, पुरानी मंडी, डाक्टर मार्केट,पंजाब बस स्टैड से वापस श्री गुरु रविदास मंदिर में समाप्त हुआ। इस नगर कीर्तन में चल रहे श्रद्धालुओं के लिए गांव व शहर में कई स्थानों पर दूध गजरेला,फल, ब्रैड,पकोड़े का लंगर लगाया गया था। इस मौके पर अध्यक्ष अश्विनी नुना उपाध्यक्ष सुरेश जोरासिया नरेश, डा.अशोक डमोलिया, काला, रितिक, लालचंद जोतराम, पंच चांद राम, टेकचंद बलवीर एवं काला मिस्त्री, लाल चंद, जसवंत सिंह अन्य ग्रामवासी मौके पर मौजूद रहे'

# माता अमर कौर चैरिटेबल अस्पताल में मुफ्त आंखों के लेंस का कैंप, 550 मरीजों को फायदा

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 1 फरवरी :संस्था के मुख्य संस्थापक ब्रह्मलीन संत करनैल दास जी जलाल वाले की याद में प्रसिद्ध समाज सेवा संस्था माता अमर कौर विवेक चैरिटेबल सोसायटी जैतो (संत जलाल वालों का नेत्र अस्पताल) में माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर, मुख्य संरक्षक स्वामी ब्रह्म मुनि शास्त्री जी के नेतृत्व में स्थानीय अस्पताल चैना रोड जैतो में एक मुफ्त आंखों का कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन स्वामी ब्रह्म मुनि जी जलाल वाले ,संत ऋषि







राम जी,लीलाधर वरिष्ठ प्रचारक, डॉ.चंद्र शेखर ककड सिविल सर्जन फरीदकोट और माता रजनी देवी (विवेक आश्रम) ने संयुक्त दीप जलाकर किया। इस अवसर पर स्वामी ब्रह्म मुनि जी ने कहा कि इस युग में जिस व्यक्ति में समाज सेवा की भावना है,वह प्रशंसा के योग्य है।उन्होंने सभी दानवीर सज्जनों का धन्यवाद किया और मरीजों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कैंप के दौरान, माता अमर कौर विवेक चैरिटेबल सोसायटी जैतो के अध्यक्ष संत ऋषि राम जी ने बताया कि कैंप के दौरान, आंखों के रोगों के विशेषज्ञ डॉ. दीपक अरोड़ा, डॉ.मोनिका बलियान और डॉ.भूपिंदर पाल कौर ने लगभग 550 मरीजों की जांच की और 290 मरीजों को मुफ्त ऑपरेशन के लिए चुना गया और जांच के बाद संस्थाओं द्वारा मरीजों को मुफ्त दवाएं दी गईं। सोसायटी ने मरीजों को मुफ्त रहने और खाने की सुविधा भी प्रदान की। इस अवसर पर माता रजनी देवी, विवेक आश्रम जैतो, अमित कुमार जिला प्रचारक, दिवांसू मदकिया शहरी कार्यकर्ता, डॉ. रमनदीप सिंह वरिष्ठ नेता भाजपा, विक्की गोयल ए वी वाले, शाम लाल गोयल नेता भाजपा, हरीश तायल, प्रधान सचिव राम सिंह, डी. सी. सिंह, डॉ. मक्खन सिंह करीवाली, मेजर सिंह गोंदारा, जसविंदर सिंह पटवारी, सुरजीत सिंह अरोड़ा रोड़ी कपूरा, महेंद्र सिंह निर्वाण, युवा लेखक व पत्रकार सतविंदर सिंह अंग्रोइया, जगदीश सिंह बाली सिंह, मनी सिंह, बिंदर पाल जैतो, तेजिंदर सिंह बराड़, जगमीत सिंह मलान, हरप्रीत सिंह, अमनदीप सिंह जिगरी, सुखविंदर सिंह सुक्खा, गुरपीत सिंह बाजाखाना, मैडम सुमन, मैडम सुषमा, मैडम करमजीत कौर, मैडम जसवीर कौर मौजूद थे।

# बजट 2026 -27 में देश के लिए भविष्य के प्रति सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता को दशार्ता हैं : नितिन नबीन


**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**



नई दिल्ली,1 फरवरी : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा कर्तव्य भवन में स्थापित कर्तव्य पथ पर प्रस्तुत बजट का तहे दिल से स्वागत करते हैं।वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा लगातार नौवीं बार देश का बजट प्रस्तुत करना भारत सरकार की नीति और सुशासन की निरंतरता का स्पष्ट प्रमाण है। यह बजट माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी पर जनता के अटूट विश्वास को पूरी तरह से दशार्ता है। हमने देखा है कि उनका मार्गदर्शक सिद्धांत "सबका साथ, सबका विकास" इस बजट के हर पहलू में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।इसके अलावा, यह बजट माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा परिकल्पित 2047 तक एक विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ता है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की अर्थव्यवस्था की लगभग 7 प्रतिशत की निरंतर वृद्धि यह दशार्ती है कि हमारी सकल घरेलू उत्पाद (जीएसपी) और जीडीपी लगातार मजबूत हुई हैं, जबकि मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखा गया है। यह इस बात का प्रमाण है कि यह बजट सुविचारित है, समावेशी प्रगति में विश्वास को दशार्ता है, और शिक्षा एवं अवसंरचना से संबंधित परियोजनाओं को मजबूत करने के सरकार के इरादे को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यह युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से इसका उद्देश्य विनिर्माण इकाइयों को बढ़ावा देना और नए रोजगार के अवसर पैदा करना है। सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, खेल और बायोफार्मा जैसे क्षेत्रों को सरकार द्वारा दिया गया समर्थन सराहनीय है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये और बायोफार्मा क्षेत्र के लिए 10,000 करोड़ रुपये के आवंटन के माध्यम से स्थापित मजबूत समर्थन प्रणाली स्पष्ट रूप से नए रोजगार के अवसर पैदा करने पर सरकार के गंभीर फोकस को दशार्ती है।बजट में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के दृष्टिकोण की स्पष्ट झलक मिलती है। इससे हमारे कारीगरों और लघु कुटीर उद्योगों को लाभ होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण के अनुरूप, पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्रों के विकास में सरकार के निरंतर प्रयास भी स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि हम यह भी कह सकते हैं कि 20 नए जलमार्गों के विकास की पहल परिवहन के क्षेत्र में नए आयाम खोलने की दिशा में एक कदम है। परंपरागत रूप से हमने हवाई, सड़क और रेल मार्गों पर ध्यान केंद्रित किया है, लेकिन जलमार्गों का विकास अब प्रगति के बेहतर अवसर प्रदान करता है। पटना और वाराणसी को जहाज मरम्मत केंद्रों के रूप में विकसित करने की योजना से इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।नारियल उद्योग और मत्स्य पालन को दी गई प्राथमिकता सरकार की समावेशी प्रगति की मंशा को स्पष्ट रूप से दशार्ती है, जिसमें सभी क्षेत्रों और समुदायों को साथ लेकर चला जाएगा। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को परिवहन क्षेत्र के लिए बजट आवंटन बढ़ाने के लिए बधाई देता हूं। इसी प्रकार, रक्षा के लिए 7.8 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि राष्ट्र की सुरक्षा अप्रतिबंधित है।यह बजट विकास और प्रगति में समाज के हर वर्ग को शामिल करने के स्पष्ट इरादे को दशार्ता है। चाहे युवा हों, महिलाएं हों, मध्यम वर्ग हो या समाज का कोई अन्य वर्ग, सभी के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश और संसाधन आवंटित किए गए हैं। इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को हार्दिक बधाई देता हूं। यह बजट 2047 तक एक विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम है।

# केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा : प्रो. रामबिलास शर्मा

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



चंडीगढ़ ,1 फरवरी :हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट दूरदर्शिता, संतुलन और समावेशी विकास की भावना के साथ तैयार किया गया है, जिसमें किसान, श्रमिक, व्यापारी, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाएं एवं पिछड़े वर्ग सहित समाज के हर वर्ग का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है।प्रो. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर बुलेट ट्रेन की गति से आगे बढ़ रहा है। यह बजट न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करता है, बल्कि भविष्य की आर्थिक और सामाजिक जरूरतों को भी ध्यान में रखकर बनाया गया है, ताकि देश की 145 करोड़ जनता को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।
उन्होंने कहा कि इस बजट से देश के युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे पलायन की सोच छोड़कर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनेंगे। आम आदमी की जरूरत से जुड़ी वस्तुएं अधिक सुलभ और किफायती होंगी। कैंसर की दवाओं और उपचार से जुड़े उपकरणों पर ड्यूटी में कटौती कर सरकार ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया है, जिससे गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।
प्रो. शर्मा ने आयुर्वेद के क्षेत्र में नए एम्स स्तर केह्न संस्थानों की घोषणा को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी और आयुर्वेदिक शोध व उपचार को मजबूती मिलेगी।उन्होंने आगे कहा कि नए फ्रेट कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा से देश की लॉजिस्टिक्स व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी, परिवहन लागत घटेगी और विकास को तेज गति मिलेगी। यह बजट राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत और समावेशी विकास की मजबूत नींव रखता है।प्रो. रामबिलास शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह केंद्रीय बजट देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा।

# इंफ्रा, कृषि और रोजगार पर फोकस वाला बजट

## विकसित भारत के लिए बजट, लोगों तक विकास की लहर पहुंचेगी: मोहन लाल बड़ौली

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



चंडीगढ़ ,1 फरवरी :भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने केंद्र की मोदी सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बजट को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट करार दिया। मोहनलाल बडौली ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट हरियाणा के विकास को भी नई गति देगा और आने वाले समय में इंफ्रा, कृषि और रोजगार पर बड़ा फोकस रहेगा। श्री बड़ौली ने कहा कि वित्तमंत्री सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए इस बजट में विकास का लाभ सभी समाज के लोगों तक पहुंचाने पर फोकस है। श्री बड़ौली ने जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने वाले बजट की प्रशंसा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण का आभार जताया। बडौली ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की यात्रा को और तेज करेगा। यह युवा शक्ति बजट है। युवाओं की सोच और सपने बजट में शामिल हैं।प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि बजट में आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा मिलेगा तथा निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को मजबूत मजबूती मिलेगी। सामान्य नागरिकों को अधिक सुविधाएं और अवसर बजट में दिया गया है।श्री बड़ौली ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना ही बजट का मूल लक्ष्य है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश गए बजट ने हरियाणा के लिए विकास के नए द्वार खोल दिए हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि कुल बजट आकार लगभग 54 लाख करोड़ रुपये का है, जिसमें पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है। यह पिछले साल से करीब 9 प्रतिशत अधिक है। यह बढ़ोतरी हरियाणा जैसे तेजी से विकसित हो रहे राज्य के लिए वरदान साबित होगी और इंडस्ट्री तथा कृषि आधार विकास की रफ्तार को और रफ्तार मिलेगी।
मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि केंद्रीय बजट में राज्यों को 1.4 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर हिस्सा देने का ऐलान किया गया है। यह राशि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, सड़कें और अन्य इंफ्रा परियोजनाओं को गति देगी।
श्री बड़ौली ने कहा कि 12.2 लाख करोड़ का कैपेक्स पूरे देश में रेल, सड़क, आरआरटीएस (दिल्ली-गुड़गांव-फरीदाबाद जैसे कॉरिडोर), ईवी चार्जिंग नेटवर्क, इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप ( विस्तार और अन्य प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पहले से चल रहे आईएमटी खरखोदा, मानेसर और अन्य क्षेत्रों में नए निवेश आएंगे, जिससे रोजगार के लाखों अवसर पैदा होंगे। आरआईडीएफ और यूआईडीएफ में बढ़ोतरी से ग्रामीण और शहरी इंफ्रा को और मजबूती मिलेगी।बजट में सेमिकंडक्टर मिशन 2.0 के लिए बड़ा प्रावधान किया गया है। हरियाणा का इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत है। यह बजट नए निवेश, स्किल डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजी हब बनाने में मदद करेगा। एमएमएसई, स्टार्टअप और बायोफार्मा पर फोकस से राज्य के युवाओं को आकर्षक रोजगार मिलेंगे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है। बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, फसल विविधीकरण, पानी संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने पर जोर है। रेयर अर्थ मिनरल्स, क्रिटिकल मिनरल्स और बायोफार्मा जैसे क्षेत्रों में नए प्लान से हरियाणा के किसानों और एग्री-इंडस्ट्री को फायदा होगा। राज्य की ह्नमेरा पानी-मेरी विरासतह्न जैसी योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन मिलेगा।
श्री बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार की यह सकारात्मक पहल है कि बजट में मेडिकल टूरिज्म, एआई, स्किल डेवलपमेंट, कार्बन कैप्चर और कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस है। महंगाई नियंत्रण, टैक्स सरलीकरण और मध्यम वर्ग को राहत से हरियाणा के नागरिकों को भी फायदा होगा। बायोफार्मा और लाइफ साइंसेज में 10,000 करोड़ के नए इनिशिएटिव राज्य के हेल्थ सेक्टर को मजबूत करेंगे।
बजट की प्रशंसा करते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि यह बजट विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने में हरियाणा को ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। डबल इंजन सरकार की साझेदारी से राज्य में इंफ्रा, रोजगार, समृद्धि और युवा शक्ति को नई ऊर्जा मिलेगी। केंद्र का यह बजट हरियाणा की प्रगति को और तेज करेगा तथा लोगों तक विकास की लहर पहुंचेगी।

# स्व. प्रहलाद राय गर्ग की स्मृति में निशुल्क कैंसर व अन्य मैडीकल जांच शिविर 8 को

**समाज जागरण**

जैतो, 1फरवरी (रघुनंदन पराशर): रोटरी क्लब जैतो द्वारा मारवाड़ी सभा जैतो के प्रधान व प्रसिद्ध समाज सेवी राज कुमार गर्ग (राजू भाई) द्वारा अपने भाई स्व. प्रहलाद राय गर्ग की स्मृति में 8 फरवरी को सुबह 10-00 बजे से दोपहर 2-00 बजे तक चौधरी चिरंजी लाल धर्मशाला जैतो में आम जनता के स्वास्थ्य को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कैंसर व अन्य मैडीकल जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी रोटरी क्लब के शिविर चेयरमैन ओमप्रकाश (ओमी) पटवारी ने देते हुए बताया कि इस शिविर के आयोजक मारवाड़ी सभा के /प्रधान राज कुमार गर्ग (राजू भाई) व परिवार हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कैंसर चैकअप वैन फरीदकोट के अलावा बच्चों के विशेषज्ञ डा.जिवेश लूना डी.एम. दिल्ली व गायनी विशेषज्ञ डा.नूपर गर्ग डी.एम. दिल्ली पहुंच रहे हैं। इस शिविर में मरीजों को दवाएं मुफ्त में दी जाएगी।

# कुरुक्षेत्र में खो-खो का राष्ट्रीय महाकुंभ शुरु :- राजकुमार सैनी

**समाज जागरण, अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र**

31 जनवरी से 4 फरवरी तक कुरुक्षेत्र के केशव पार्क मे खो खो की नेशनल गेम गेम हो रही है और इसका उद्घाटन करने के लिए कल माननीय मुख्यमंत्री जी यहां पर पहुंचे थे सबसे बड़ी बात है कि 2012 के बाद दूसरी बार हरियाणो में नेशनल गेम हो रही है लगभग 1200 बच्चे यहां पहुंचे हैं




उनके रहने और खाने की व्यवस्था की हुई है हमारी केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार ने 2014 के बाद में बहुत कुछ बदलाव भी किया है खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए उनको मजबूत करने के लिए उनका हौसला बढ़ाने के लिए सरकार का योगदान इसमें अच्छा रहा है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा हम खेलों के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं जितना खेलों में बच्चे रुचि लेंगे बच्चे खेलों में भाग लेंगे उतना नशे से दूर रहेंगे सभी राज्यों से बच्चे यहां भाग ले रहे हैं और 4 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा । इस अवसर पर आने अतिथि एवं खिलाड़ीयो को सम्मानित करते हुए ।

# कुरुक्षेत्र भाजपा ने बजट को बताया 'जनता के प्रति दायित्व', कहा- विकास को देगा नए पंख

**समाज जागरण, अश्विनी वालिया**



कुरुक्षेत्र जिला भाजपा अध्यक्ष तेजेंद्र खेहरा ने रविवार को कुरूक्षेत्र भाजपा जिला कार्यालय गीता कमल के सभागार में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 13वें बजट प्रस्ताव को सुना इस मौके पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, धर्मवीर मिजार्पुर, सुशील राणा, परवीन चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी ललित माटा, जिला उपाध्यक्ष परमजीत कौर भी उनके साथ मौजूद रहे। तेजेंद्र खेहरा ने कहा की कर्तव्य भवन में बना यह पहला बजट भारत सरकार के जनता के प्रति दायित्वों का निर्वहन करता है। उन्होंने कहा है कि निर्माण उधोग, पर्यटन, तीर्थस्थल विकास, मेडिकल टूरिज्म विकास को बढ़ावा देता है। बजट 2026 युवा भारत को नये पंख लगायेगा।
पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने बुजुर्गों की चिकित्सा को बढ़ावा देते हुए, इस बजट 2026 में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा दिया है जिससे मेडिकल क्षेत्र में हजारों नौकरियों का सृजन होगा। ए.वी.जी.सी. के विकास को बढ़ावा देते बजट से लाखों पेशेवरों को नया उत्साह एवं काम मिलेगा। राष्ट्रीय होटल उद्योग के बढ़ने, तीर्थस्थल विकास एवं सांस्कृतिक संरक्षण से हजारों नई नौकरी सृजित होंगी।
धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि खेलों एवं खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देता यह बजट युवा फ्रेंडली है।
सुशील राणा ने कहा कि निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाला नया इन्कम टैक्स एक्ट स्वागत योग्य है। इसमें नान आडिट आय कर रिटर्न भरने वाले सामान्य लोगों को रिटर्न बढ़ने का समय बढ़ाकर वित्त मंत्री ने बड़ी राहत दी है। इसमे नये कर ना लगा कर सरकार ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है।
जिलाध्यक्ष ने कहा कि विदेशी डाटा सेवा सम्बंधी कम्पनियों को भारत में छूट एवं बढ़ावा देकर युवाओं के लिए नई नौकरियों के द्वार खोले हैं।
जिला मीडिया प्रभारी ललित माटा ने कहा कि कैंसर एवं सात अन्य बीमारियों के दवाओं पर से कस्टम ड्यूटी घटाने से मोदी सरकार का संवदेनशील चेहरा सामने आया है। इससे कैंसर मरीजों और उनके परिजनों को थोड़ी राहत मिलेगी।
भाजपा नेत्री परमजीत कौर और रेखा बाल्मीकि ने कहा कि इस बजट में स्मार्टफोन पर छूट से युवाओं को और माइक्रोवेव ओवन सस्ते होने से गृहणियों को लाभ मिलेगा।

# संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक, जो समाज में एकता, भाईचारे एवं आपसी बंधुत्व की प्रेरणा देते हैं : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

**जेपी दलाल ने कहा कि संत रविदास के उपदेशों एवं उनके आदर्शों को हर व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिए**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**




पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बहल के गुरु रविदास मंदिर में गुरु रविदास समाज सुधारक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास एक संत, कवि और दार्शनिक थे।उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक हैं,जो समाज में एकता,भाईचारे एवं आपसी बंधुत्व की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने कहा कि संत रविदास के उपदेशों एवं उनके आदर्शों को हर व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिए। संत रविदास एक ऐसे महान संत एवं अद्वितीय कवि थे, जिन्होंने सामाजिक एकता एवं मानवतावादी मूल्यों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।
संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी भी उन संत में सबसे अग्रणी थे। जिन्होंने भारत में अध्यात्म को बढ़ाया वहीं पाखंड को मिटाने की नींव रखी थी। आज युवाओं को संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी से सिखना चाहिए।
उन्होंने कहा कि सरकार ने महापुरुषों का मान सम्मान बरकरार रखने के लिए हरियाणा में संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार-प्रसार योजना शुरू की हुई है। इस योजना के तहत संतो, महापुरुषों की जयंतियां व शताब्दियां सरकारी स्तर पर मनाई जाती है।
पूर्व कृषि मंत्री ने समिति को एक लाख रुपए अपने निजी खर्चे से देने की घोषणा की।
कृषि मंत्री का सुनील चंदला, ईश्वर सिंह, दिलीप सिंह ठेकेदार, अनिल बीडीसी,उमेद सिंह प्रधान, महेंद्र ठेकेदार, जय सिंह तथा राजेश मास्टर, नंदलाल चांदला ने पगड़ी पहनकर और फूल मालाओं से स्वागत किया।
इस अवसर पर सरपंच साधुराम पणिहार, बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, विकास गिरी महाराज, हनुमान शर्मा सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आरोग्य मेला में पीएचसी खलियारी पर 45 मरीजों को जांच कर दी गई दवा

रविवार को सीएम आरोग्य मेला आयोजन

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी पर रविवार को सीएम आरोग्य मेला में कुल 45 मरीजों को दवा वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलियारी के फार्मासिस्ट अनूप कुमार ने बताया कि मेला में कुल 45 मरीजों को दवा वितरण किया गया है, जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, खांशी, सुगर से सम्बंधित मरीजों का इलाज किया गया है। गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही एएनएम सरस्वती देवी ने बताया कि हमारे यहां कुल 10 महिलाओं का वजन, बीपी, एच बी, एच आईवी का जांच कर उन्हें आईरन , कैल्शियम, फोलिक एसिड दवा दी गई। एक महिला का डिलेवरी भी हुआ है। मेला में लैब टैक्नीशियन सोनाली मरीजों को जांच कर रही हैं, उन्होंने बताया कि 08 मरीजों का जॉच किया गया जिसमें, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, टाईफाइड, शुगर का जॉच किया गया जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं पाया गया है। मेला में सीएचओ सुनीता यादव, फार्मासिस्ट अनूप कुमार मरीजों को दवा वितरण किया गया।

# गोंगपा कार्यकताओं ने जयंती पर संत शिरोमणि रविदास को किया याद

- धरना-प्रदर्शन के माध्यम से गोंगपा कार्यकताओं की समस्याओं का होगा निदानः एडवोकेट संतोष कुमार गौतम
- विजयगढ़ दुर्ग पर आयोजित मेला, सामुहिक विवाह के साथ ही पंचायत चुनाव की तैयारियों पर बनी रणनीति
- तेलगुड़वा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर हुआ आयोजन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) द्वारा रविवार को तेलगुड़वा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि गोंगपा उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार गौतम ने सर्वप्रथम संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया, उसके बाद बारी-बारी से सभी कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यकताओं ने रविदास जी को याद करते हुए उनके मार्ग का अनुशरण करने का संकल्प दुहराया। मुख्य अतिथि गोंगपा के उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार गौतम ने कार्यकताओं को संगठित होकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार में शामिल होने के लिए एकजुटता जरूरी है। एससी/एसटी के लोगों के ऊपर आए दिन हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि धरना-प्रदर्शन के माध्यम से ही अब गोंगपा कार्य कताओं की समस्या का निदान होगा। अध्यक्षता कर रहे गोंगपा के जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विजयगढ़ दुर्ग पर तीन दिवसीय विराट आदिवासी मेले का आयोजन 25 से 27 फरवरी 2026 तक किया गया है। इसमें आदिवासी कन्याओं का सामुहिक विवाह भी होगा। जिसकी तैयारी में अभी से कार्यकर्ता जुट जाएं, ताकि कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हो सके। उन्होंने पंचायत चुनाव के मद्देनजर भी कार्यकताओं को तैयारियों में जुटने का आह्वान किया है। इसी प्रकार अन्य वक्तताओं ने भी विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया है। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला संगठन सचिव हीरालाल मरपच्ची ने किया। इस मौके पर चन्द्रशेखर साहनी, ज्ञानी सिंह पोया, अयोध्या प्रसाद टेकाम, हीरालाल मरकाम, चंद्रदेव चेरो, अर्जुन चेरो, शरद कमरो, रामचंद्र टेकाम आदि पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाले में डूबने से एक युवक की मौत, घर में पसरा मातम

## सुबह बूढ़ी बाढ़ खेत की ओर गए थे पैर फिसलने से नाले में गिर गए

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। रायपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रईया निवासी सतीश पुत्र स्व0 छठू उम्र लगभग 35 वर्ष सुबह बूढ़ी बाढ़ के पास स्थित अपने ही खेत की ओर टहल रहे थे कि अचानक उनका पैर फिसल गया और वे नाले में जा गिरे काफी समय बाद कुछ आस पास के किसानों ने देखा तो शोर मचाने लगे जिससे ग्रामीण इकट्ठा हो गए और शव को बाहर निकाला ग्राम प्रधान विजय कुमार पटेल ने एम्बुलेंस बुलाकर तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगवां वैनी लाया गया जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया ग्राम प्रधान के द्वारा मृतक कि सुचना रायपुर पुलिस को सुचना देकर बुलाया पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल लोढ़ी भेज दिया गया । सतीश अपने पीछे दो बच्चे जो दोनो ही पुत्र है पहले की उम्र 3 वर्ष और दूसरा डेढ़ वर्ष छोड़ गए। सतीश के असामयिक निधन से गांव में मातम छा गया है बूढ़ी मां पत्नी और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# श्रद्धा, आस्था एवं धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी संत शिरोमणि संत रविदास जी महाराज की 649 में जयंती

डीजे और बैंड बाजा की धुन पर बाबा के जयकारों के साथ निकल गयी झांकियां
चौकी प्रभारी रहे हमराहियों के साथ सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**




सोनभद्र। संत शिरोमणि संत रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर रविवार 1फरवरी 2026 को देशभर में कई प्रकार के विशेष कार्यक्रम श्रद्धा एवं आस्था के साथ आयोजित किये गये। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती के शुभ अवसर पर रावट्र्सगंज विकासखंड के मारकुंडी ग्राम पंचायत स्थित कोनियवां टोला के अम्बेडकर चौक, गंगटी, केवटा, सलखन के बिचला टोला में बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी।जयंती पर कई गांवों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने गुरु रविदास जी के उपदेशों और उनके जीवन संदेशों को याद किया।रविवार को गांवों से भव्य झांकियां निकाली गईं। डीजे और बैंड बाजा की धुन पर संत शिरोमणि रविदास बाबा के जयकारों के साथ ये झांकियां अपने निर्धारित स्थल के पास पहुंचीं। यहां भंडारे के साथ कार्यक्रमों का समापन हुआ। कहीं-कहीं तो भव्य मेले का भी आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों गांवों से लोग बाबा रविदास जी की झांकियों के साथ पहुंचे। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी थीं, जहां बच्चों और महिलाओं ने खरीदारी की।संत रविदास का जन्म सन 1376 में माघ पूर्णिमा को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के पास सीर गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। उनकी शिक्षाओं में जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। इस बाबत सुरक्षा की दृष्टि से चौकी प्रभारी गुरमा योगेंद्र पांडेय अपने हमराहियों के साथ सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद नजर आये वहीं मुख्य मार्ग वाराणसी-शक्ति नगर स्थित मारकुंडी में निकले जुलूस से यातायात प्रभावित न हो, स्वयं डटे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धालुओं द्वारा गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उन्हें नमन कर किया गया। श्रद्धालुओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज में समानता, भाईचारा और मानवता को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया।इस अवसर पर प्रसाद का वितरण भी किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।प्रसाद वितरण के दौरान आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।जयंती समारोह में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों और सामाजिक नेताओं ने भी भाग लिया। इस मौके पर बसपा विधान सभा ओबरा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गिरी "टाम बाबा", मसालू गिरी, रामेश्वर शर्मा "बब्बू", अशोक मिस्त्री, अमरनाथ पनिका, बच्चा सिंह, राजेंद्र भारती, दिनेश भारती, बबलू भारती इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# निकली मंगल कलश यात्रा, मंडप में कलश स्थापित

- दो फरवरी को होगा मंडप पूजन, भागवत महात्म्य की होगी कथा
- 8 फरवरी को होगी पूणार्हुति, होगा विशाल भंडारा
- उरमौरा स्थित गायत्री भवन परिसर में किया गया है आयोजन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। उरमौरा स्थित गायत्री भवन परिसर से रविवार को डीजे की धुन पर भक्तगण द्वारा वाराणसी- शक्ति नगर मार्ग पर भक्तिगीतों की धुन पर थिरकते हुए मंगल कलश यात्रा निकाली गई ।इस दौरान जयकारे से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। मंडप में कलश स्थापित किया गया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम के मुख्य यजमान व आयोजक एडवोकेट पवन मिश्र ने बताया कि पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई और मंडप में कलश स्थापित कर दिया गया। आचार्यगण विनय शुक्ल व महेश शुक्ल जी के जरिए श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन, कलश स्थापना, जप आदि कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कथा व्यास मनीष शरण जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में दो फरवरी को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक भागवत महात्म्य की कथा सुनाई जाएगी। इसके बाद क्रमशः हिरण्यकश्यप वध, परिक्षीत श्राप, सती चरित्र व ध्रुव चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीला, गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग, श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। हवन, पूणार्हुति के साथ ही अंतिम दिन 8 फरवरी को विशाल भंडारा होगा। कलश यात्रा में पंडित बद्री प्रसाद मिश्र, सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव, महामंत्री योगेश द्विवेदी, विनोद शुक्ल, राजीव गौतम, आनंद ओझा, पंकज मिश्र, अंशु शुक्ल, राधेश्याम मिश्र, कृष्ण कुमार सिंह, राधाकांत, उमेश मिश्रा, सत्यारमण समेत सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरूष व बच्चे शामिल रहे।

# पुलिस की बड़ी सफलता: दो अपहृत बालिकाओं की सकुशल बरामदगी

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा वर्ष 2014 से अब तक गुमशुदा/लापता बालक-बालिकाओं की प्रभावी खोजबीन एवं बरामदगी के संबंध में दिनांक 19.01.2026 को गोष्ठी आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर व क्षेत्राधिकारी कार्यालय के कुशल नेतृत्व में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस, थाना एएचटी एवं SJPU शाखा की संयुक्त टीम द्वारा गुमशुदा/अपहता बालिकाओं की लगातार खोजबीन की गई। इसी क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पर दिनांक 05.10.2020 को पंजीकृत मु0 अ0सं0- 664/2020 धारा 363 भा0द0वि0 में अपहता (उम्र 16 वर्ष) की व्यापक स्तर पर खोजबीन की गई थी। बरामदगी न होने की स्थिति में मुकदमा उपरोक्त में दिनांक 27. 10.2021 को माननीय न्यायालय में अंतिम रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। इसके बावजूद अपहता की बरामदगी के निरंतर प्रयास जारी रहे। थाना AHT, SJPU एवं चौकी प्रभारी सुकृत द्वारा अपहता के परिवार से सतत संपर्क स्थापित कर अथक प्रयासों के फलस्वरूप अपहता को दिनांक 28.01.2026 को ग्राम दाउ दनगर, जिला औरंगाबाद (बिहार) से सकुशल बरामद कर लिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पर दिनांक 06.08. 2025 को पंजीकृत मु0अ0सं0-799/ 2025 धारा 137(2) बीए नएस में अपहता (उम्र 17 वर्ष) के गुमशुदा होने के संबंध में विवेचना उ0नि0 अमित कुमार सिंह, चौकी प्रभारी कस्बा, थाना रॉबर्ट्सगंज द्वारा की जा रही थी। उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निदेशों के क्रम में स्थानीय पुलिस, थाना AHT एवं SJPU शाखा द्वारा अपहता के परिजनों के समन्वय से अथक प्रयास करते हुए अपहता को दिनांक 31.01.2026 को ग्राम गोदापुर, थाना नगर नेवादा, जिला नेवादा (बिहार) से सकुशल बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा की जा रही है। दोनों अपहता बालिकाओं की सकुशल बरामदगी से उनके परिजनों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है तथा पुलिस बल की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

# पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गोकशी व आर्म्स एक्ट से संबंधित प्रकरण में 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक जनपद अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना घोरावल विनोद यादव के नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि दिनांक 22 .01.2026 को थाना घोरावल पर मु0अ0सं0-10/2026 अन्तर्गत धारा 109(1) बीएनएस, 3/25 आर्म्स एक्ट एवं धारा 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत अभियुक्तगण, चन्द्रशेखर कुमार शर्मा उर्फ चन्द्रशेखा पुत्र ईश्वर शर्मा, निवासी ग्राम मोहनीडीह, थाना मोहनिया, जिला कैमूर (भभुआ), राज्य बिहार, उम्र करीब 24 वर्ष, महेश कोल पुत्र स्व0 बडक, निवासी ग्राम तेन्दुहार, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 42 वर्ष के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष दिशा-निर्देश दिए गए थे। उक्त निदेशों के अनुपालन में थाना घोरावल पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर– अभियुक्त चन्द्रशेखर कुमार शर्मा उर्फ चन्द्रशेखा को दिनांक 31.01 .2026 को समय 17:45 बजे, अभियुक्त महेश कोल को दिनांक 01.02.2026 को समय 08:15 बजे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी उपरांत दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# चोपन पुलिस को बड़ी सफलता - उ0प्र0 गैंगेस्टर अधि0 में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01/26 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधि0 में वांछित अभियुक्त शिवचन्द्र यादव पुत्र हरिकेश्वर यादव निवासी घिवही थाना विण्ढ़मगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 27वर्ष, को आज दिनांक 01.02.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# नाग बाबा मंदिर के प्रांगण में गोवर्धन पूजा बिरहा का किया गया आयोजन

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। कोटा ग्राम पंचायत के टोला भकसिहवां स्थित नागबाबा मन्दिर प्रांगण में रविवार को संत शिरोमणी स्वामी रविदास जयन्ती के अवसर पर विराट गोवर्धन पूजा एव बिरहा मुकाबले का कार्यक्रम दीपू शर्मा कार्यकम समिति मुख्य संयोजक संजय अकेला विरेंद्र यादव प्रभु यादव शिव प्रसाद यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया । जिसके मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा, प्रधानपति पडरछ अमरेश यादव रहे। वहीं श्री कृष्ण भगत पुजारी बाबा अमरेश यादव निवासी बबुआ कैमूर बिहार द्वारा गीता यादव पत्नी महावीर यादव से गोवर्धन पूजा करवा गया। जहां बिहार के कैमूर जिला से चलकर आए श्री कृष्ण भगत पुजारी बाबा अमरेश यादव द्वारा गोवर्धन पूजा के दौरान एक अनोखी परंपरा निभाई जाती है, जहाँ पुजारी खौलते हुए दूध से स्नान किया गया और यह यादव समाज द्वारा की जाने वाली एक आस्था-आधारित पूजा है, जिसमें उबलते दूध की मटकियों से स्नान कर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा प्रकट किया गया और क्षेत्र के उन्नति हेतु प्रार्थना की गई । वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि यह कार्यक्रम इस ग्रामीण इलाकों के लोगों के आस्था व हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ है जिसे हर वर्ष बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है हम कार्यक्रम आयोजित करने वाले टीम सहित कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों आभार व धन्यवाद व्यक्त करते हैं वहीं बिरहा मुकाबला : रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा जो रात तक होगा, जिसमे देवरिया के गायक धर्मेंद्र सोलंकी और प्रयागराज की गायिका सुमित्रा नंदानी द्वारा बिरहा गायन की प्रस्तुति दिया जाएगा। इस दौरान प्रहलाद चेरो प्रधान कोटा, पूर्व चेयर मैन चोपन विजय कुमार अग्रहरी, रमेश यादव (बागी बलिया), लोकेश प्रजापति आतिश चंद्रवंशी रामचन्द्र गोंड पूर्व प्रधान शिव प्रसाद यादव विजय यादव विरेंद्र यादव अर्जुन यादव रवि प्रजापति सुरज शर्मा राकेश साहनी अवधेश साहनी कृपा शंकर गोंड के साथ गांव के ग्रामीण सामिल रहें।

# ग्राम पंचायत चरगड़ा में महासंग्राम क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन

**विजय शंकर पाण्डेय/समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। आज ग्राम पंचा यत चरगड़ा में आयोजित महासंग्राम क्रिकेट प्रतियोगिता का सकुशल एवं उत्साहपूर्ण समापन हुआ। इस प्रतियोगिता ने क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य किया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित किया। प्रति योगिता के फाइनल मुकाबले में बड़ौला की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि कड़े संघर्ष के बाद नगवां की टीम उपविजेता रही। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। समापन समारोह के अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रधान मु यूसुफ ने सभी प्रतिभागी टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को नशे और गलत मार्ग से दूर रखकर स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण जन, खेल प्रेमी और गणमान्य नाग रिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे सफल और अनु करणीय बताया। अंत में आयोजकों ने सभी टीमों, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार ग्राम पंचायत चरगड़ा में महासंग्राम क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन खेल, सौहार्द और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# लोढ़ी टोल प्लाजा पर बवाल: महिला अधिवक्ता से विवाद के बाद टोल कर्मियों पर मारपीट का आरोप, तीन घायल

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लोढ़ी टोल प्लाजा पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब टोल कर्मियों और एक महिला अधिवक्ता पक्ष के बीच विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतार को लेकर पूछताछ करने पर शुरू हुई कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और मारपीट तक जा पहुँची। घटना में महिला अधिवक्ता के तीन साथी/परिजन घायल हो गए। घायलों में एक महिला समेत दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है, जबकि एक अन्य को प्राथमिक उपचार दिया गया। मामले की सूचना मिलते ही जनपद के वकीलों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव एवं महामंत्री योगेश दुबे तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। वकीलों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पीड़ित महिला अधिवक्ता ने टोल प्लाजा कर्मियों के खिलाफ सदर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा एवं सदर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बाद में मेडिकल कॉलेज जाकर स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, वहीं इस घटना को लेकर अधिवक्ता समुदाय में रोष व्याप्त है।

# अटल आवासीय विद्यालय में आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। विंध्याचल मंडल के अटल आवासीय विद्यालय गुरमुरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 कक्षा 6 व 9 में प्रवेश हेतु आवेदन प्राप्त किए जाने के संबंध में प्रधानाचार्य बिनोद कुमार मंडल ने बताया कि विद्यालय में अटल आवासीय समिति उत्तर प्रदेश लखनऊ बीओसीडब्ल्यू बोर्ड द्वारा अपेक्षाकृत कम आवेदन प्राप्त होने के दृष्टिगत अधिक आवेदन प्राप्त किए जाने के उद्देश्य से आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी तक हो गई है। आवेदनों का सत्यापन 25 फरवरी तक होना है प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 26 से 28 फरवरी प्रवेश परीक्षा की तिथि 6 मार्च इसके बाद परीक्षा परिणाम की घोषणा 18 मार्च को होगी काउंसिल एवं आनबोर्डिंग प्रक्रिया 20 मार्च से 29 मार्च तक चलेगी।नए शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ 1 अप्रैल से शुरू हो जाएगा।

# ट्रैक्टर पर सवार होकर आ रहे युवक गिरकर गंभीर रूप से हुआ घायल इलाज दौरान हुआ मौत

**अनिल कुमार अग्रहरि/समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के चढ़ाई पर रविवार के देर शाम अपने ट्रैक्टर में सवार होकर डाला बाजार की ओर आ रही थी अचानक नीचे गिरकर घायल हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक गोरादह कोटा निवासी 30 वर्षीय पार्वती पत्नी रविन्द्र ट्रैक्टर पर बैठकर माइका से अपनी बहन व बहनोई संग डाला आ रही थी उसी दौरान महिला डाला चढ़ाई पर अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिरकर घायल हो गई जिसके बाद साथ के अन्य साथियों द्वारा आनन फानन में घायल महिला को एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने घायल की स्थिति नाजुक देखते हुए चोपन अस्पताल रेफर कर दिया और डाला पुलिस और ऐम्बुलेंस को सूचना दी गई। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस ने घायल महिला 30 वर्षीय पार्वती को उपचार हेतु एंबुलेंस से चोपन भेज दिया गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल महिला की चोपन अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# संत शिरोमणि के दर्शन को उमड़ा 10 लाख श्रद्धालुओं का सैलाब

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। रविदास जयंती के अवसर पर संत शिरोमणि की जन्मस्थली पर सीर गोवर्धनपुर में भव्य और ऐतिहासिक उत्सव देखने को मिला। पूरा क्षेत्र भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। देश के कोने-कोने के साथ ही विदेशों से पहुंचे श्रद्धालुओं और एनआरआई भक्तों ने जन्मस्थली को हमिनी पंजाबह का रूप दे दिया। हर ओर हजय गुरुदेव, तन गुरुदेवह के जयकारे गूंजते रहे और भंगड़े की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते दिखे। भोर से ही गुरु दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। दर्शन के लिए करीब तीन किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। अनुमान के अनुसार 10 लाख से अधिक श्रद्धालु और अनुयायी सीर गोवर्धनपुर पहुंचे हैं। वहीं 10 चार्टर्ड विमानों से करीब 1000 से अधिक एनआरआई भक्त काशी आए हैं।



**भोर में बदला गया 150 फीट ऊंचे ह्यहरिह्ल निशान का चोला**

रविदास जयंती यानी माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित लगभग 150 फीट ऊंचे ह्यहरिह्ल नाम की रविदासी पताका का चोला परंपरागत रूप से बदला गया। श्रद्धालु देर रात से ही इस ऐतिहासिक क्षण की तैयारी में जुट गए थे। जैसे ही सुबह करीब 5 बजे चोला बदलने की प्रक्रिया शुरू हुई, लाखों श्रद्धालु अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर तालियां बजाने लगे, झूमने लगे और गुरु का नाम स्मरण करने लगे।

चोला बदलने के दौरान पुष्पवर्षा की गई। लगभग दो कुंतल फूल अलग-अलग स्थानों पर रखे गए थे, जिनकी वर्षा श्रद्धालुओं पर की गई। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो श्रद्धालु आस्था की गंगा में डुबकी लगा रहे हों। पूरे वातावरण में भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

**भजन-कीर्तन, लंगर और सेवा का विराट आयोजन**

मंदिर परिसर में लगातार भजन-कीर्तन का आयोजन चलता रहा। महिलाएं कतारबद्ध होकर कीर्तन करती रहीं। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने लंगर की ओर रुख किया, जहां कई दिनों से लगातार लंगर सेवा चल रही है। लाखों की संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण कर चुके हैं।

बताया जा रहा है कि लंगर के लिए छह से अधिक भट्ठियों पर रोटियां बनाई गईं। करीब 20 लाख से अधिक रोटियां और लगभग 15 क्विंटल नमक की खपत हुई। करीब 10 हजार से अधिक सेवादार व्यवस्था संभालने में लगे रहे और लगभग 9 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की सेवा की।

**टेंट सिटी, सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारी**

पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश समेत अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं के लिए लगभग 150 टेंटों की टेंट सिटी बनाई गई है, जहां हजारों श्रद्धालुओं का ठहराव है। संत रविदास जयंती को देखते हुए मेला क्षेत्र में अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित की गई है।

सुरक्षा व्यवस्था में छह इंस्पेक्टर, 115 पुरुष दरोगा, 35 महिला दरोगा, 225 पुरुष सिपाही, 45 महिला सिपाही और दो कंपनी पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आग से सुरक्षा के लिए दो फायर स्टेशन भी बनाए गए हैं।

**स्वर्ण मंदिर की ओर बढ़ता संकल्प**

मुख्य सत्संग पंडाल में संगत द्वारा भारी दान भी किया गया। पंजाब के एक भक्त ने 20 लाख रुपये और पंचकूला (हरियाणा) की संगत ने पांच लाख रुपये का चेक मंदिर ट्रस्ट को सौंपा। इसके अलावा गोपनीय दान भी बड़ी मात्रा में हुए।

इन दानराशियों से मंदिर को स्वर्णमंदिर के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। मंदिर के गुंबद को स्वर्णमंडित किया जा चुका है, प्रवेश द्वार पर सोने का कवर और सोने का दीपक लगाया गया है। मंदिर में अब तक करीब 200 किलोग्राम से अधिक सोने का उपयोग हो चुका है।

**गुरु दरबार आने का इंतजार करते हैं अनुयायी**

श्रद्धालुओं का कहना है कि हर साल वे गुरु के दरबार में आने का इंतजार करते हैं और अगले वर्ष फिर अपनी मन्नत पूरी करने के लिए यहां पहुंचेंगे। एक ओर शब्द-कीर्तन, दूसरी ओर दर्शन-पूजन तो दूसरी ओर चोला बदलने के दिव्य दृश्य के दौरान सीर गोवर्धनपुर पूरी तरह से रैदासियों का शहर बन गया।

# विधायक डॉ. अवधेश सिंह के जन्मदिन पर नट बस्ती में सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम

**समाज जागरण शिव तिवारी**
**बड़ागांव, वाराणसी**

पिंडरा/वाराणसी, 1 फरवरी 2026। पिंडरा विधानसभा क्षेत्र संख्या 384 के माननीय विधायक डॉ. अवधेश सिंह के जन्मदिन के अवसर पर ग्रामसभा चकखरावन स्थित नट बस्ती में सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुँचाना और विधायक के सेवा भाव को जन-जन तक पहुँचाना रहा।



इस अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल, खिचड़ी एवं केक का वितरण किया गया। सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली, जिससे आयोजन को व्यापक समर्थन मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल पटेल उपस्थित रहे। साथ ही भारतीय जनता पार्टी संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इनमें पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, वर्तमान मंडल अध्यक्ष आशीष प्रकाश सिंह, अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष स्वामीनाथ चतुर्वेदी, मंडल महामंत्री शिव रतन गिरी, मंडल महामंत्री मुकेश पांडे तथा मीडिया प्रभारी आनंद दुबे (पिंटू) प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त शक्ति केंद्र प्रभारी शिव तिवारी, शक्ति केंद्र संयोजक बसंत पटेल, शक्ति केंद्र संयोजक अनिल तिवारी, बूथ अध्यक्ष अनिल मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक अमित मिश्रा, बूथ अध्यक्ष संदीप कुमार, बूथ अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, बूथ अध्यक्ष अशोक चौबे एवं ग्राम प्रधान राकेश पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विधायक डॉ. अवधेश सिंह द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। वहीं ग्रामीणों ने इस सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रामेश्वर महादेव मंदिर में माघी पूर्णिमा पर भक्तों ने किया दर्शन पूजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। रामेश्वर महादेव मंदिर में माघी पूर्णिमा पर भक्तों ने वरूणा में स्नान कर देव विग्रहों का दर्शन -पूजन किया। आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों



से भक्तजन आकर दर्शन पूजन के बाद दान पुन्य किया। रोहनियां विधायक डॉ0 सुनील पटेल ने भी रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजन दर्शन किया।

रामेश्वर महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य प0 अन्नू तिवारी के अनुसार माघ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को माघी पूर्णिमा कहते हैं। इस दिन स्नान,दान,व्रत और पूजा करने से जीवन मे सुख समृद्धि आती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस दिन गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति और पापों का नाश होता है। माघ मास को देवमास इसलिये कहा जाता है कि इस दिन देवता गण पृथ्वी पर विचरण करते हैं। आज हजारों भक्तजनों ने मन्दिर में दर्शन पूजन कर दान पुन्य किया।

# कमिश्नर वाराणसी रसुलपुर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का अवलोकन कर दलित सोनकर बस्ती में पहुँच लिया हालचाल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी पिंडरा विकास खण्ड के रसुलपुर ग्राम पंचायत में मंडलायुक्त एस0 राजलिंगम दोपहर पहुंचकर विकास कार्यो का अवलोकन करते हुए दलित सोनकर बस्ती में ग्रामीणों का हाल चाल लिया।



मंडलायुक्त सर्वप्रथम ग्राम सचिवालय रसुलपुर का ग्राम प्रधान कैलाश यादव के साथ अवलोकन किया और मीटिंग हाल, पुस्तकालय ,सीएससी सेन्टर ,स्वास्थ कक्ष सहित अन्य कक्षाकक्ष व सुविधाओं की जानकारी ली। वहाँ उपस्थित बच्चाराम यादव, भीम यादव, विनोद यादव,जमील अहमद सहित ग्रामीणों से वार्ता कर विकास योजनाओं से लोगों को मिलने वाले लाभ के बाबत जानकारी ली।ग्राम सचिवालय के समीप अन्नपूर्णा भवन, बारात घर ,नन्दघर का अवलोकन किया और जानकारी ली। आदर्श अमृत सरोवर को देखने के बाद सीएसआर फंड से मॉर्निंग वॉक के लिए बने पाथवे को देखने के बाद सीएसआर फंड से इन्टरलाकिग लगाने व एक अस्पताल के लिए भी प्रस्ताव बनाने हेतु मोबाइल से सीडीओ से वार्ता की।

इसके बाद पँचशिवाला शिवमंदिर के पास मौजूद संसाधनों ,12 फीट ऊंची निर्मित शिवलिंग निर्माण की भी जानकारी ली। पंचकोशी मार्ग के किनारे दलित सोनकर बस्ती का निरीक्षण किया। साफ सफाई पर्याप्त न होने की स्थित में रोस्टर बनाकर प्रधान व सचिव प्रभुप्रकाश सुरेखा से नियमित सफाई का कार्य कराने का निर्देश दिया। सोनकर बस्ती में सुखा देवी, अर्जुन सोनकर, ,रवि सोनकर व अन्य से सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी ली।

ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए बेहतर कार्यो की सराहना की और कहा कि जो भी समस्याएं हैं उसका समाधान जल्द कराई जाएगी।

# संत रविदास समतामूलक समाज की स्थापना के लिए सदैव संघर्षशील रहे: त्रिभुवन राम विधायक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी समानता एवम प्रेम का सन्देश देने वाले महान समाज सुधारक, दार्शनिक, महाकवि संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास की 649 वीं जयंती पर विधायक अजगरा त्रिभुवन राम ने भोपापुर व बाबतपुर में सम्बोधित करते हुए कहा कि संत रविदास उन प्रथम संतों में से थे जिन्होंने जातिवाद,भेदभाव और छुआछूत का खुलकर विरोध किया तथा एक समतामूलक समाज की स्थापना के लिए सदैव संघर्षशील रहे।




मध्यकाल की भक्तिधारा के अंतर्गत रविदास जी एक महान संत होने के साथ विलक्षण कवि भी रहे जो मानवीय एकता व समानता की सत्संग कूजित शिक्षा के साथ सामान्य मनुष्य की मुक्ति के आकांक्षी रहे।अपने पदों व साखियों में वे अपने समय की श्रम शक्तियों के साथ हैं। उनकी सर्वाधिक ऊर्जा अपने समय के पाखंड से लड़ने में खर्च हुई। रविदास हमारी सांस्कृतिक व सामाजिक विरासत हैं। जाति के दम्भ के बीच उन्होंने उपेक्षित लोगों में सामाजिक परिवर्तन का एक विश्वास जगाया बल्कि अपने समय की भक्ति कविता को भी ऊंचाइयां प्रदान की। बनारस व पंजाब के उपेक्षित लोगों में समानता का विश्वास जगाया।

विधायक त्रिभुवन राम ने हरहुआ ब्लाक के भोपापुर व बाबतपुर में संत रविदास जी व बाबा साहब के मूर्ति पर माल्यार्पण किया और निकली 50 झांकियों के बीच लोगो का उत्साहवर्धन किया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विचार व्यक्त की। बाबतपुर में अपने विधायक निधि से मन्दिर परिसर में बाउंड्रीवाल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर दलित समाज से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्तओं ने मानव मानव एक समान,बाबा जी की जयजयकार का उद्घोष किया वही डीजे पर खुशी में इजहार किया।

कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा वाराणसी रामप्रकाश सिंह'बीरू' भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय हरहुआ मण्डल अध्यक्ष अशुतोष मिश्रा 'अजय',अरुणेंद्र सिंह, अपरबल सिंह,अनिल पांडेय,राणा चौहान ,शिवाजी सिंह ,मनोज पटेल ,आशीष कुमार,अरुण तिवारी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# खामोशी तोड़ें, सुरक्षित बचपन चुनें

## बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण पर कार्यशाला का आयोजन

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच देहात इंडिया एवं जस्ट राइट्स के सफल निर्देशन में बहराइच स्थित होटल रीजेंसी में बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देहात टीम से मो इमरान (जिला समन्वयक) जी द्वारा बच्चों के प्रति बढ़ते अपराधों को



रोकने और उन्हें सुरक्षित माहौल देने के उद्देश्य से बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित सभी बालिकाओं को इच्छानुसार कौशल के आधार पर आवश्यक कौशल से जुड़ने हेतु संतुष्टि कराई गई।

कार्यशाला में सतीश श्रीवास्तव ( सी डब्ल्यू सी अध्यक्ष) जी ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही 'गुड टच और बैड टच' के बीच के अंतर को समझाना बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि बच्चों में यह विश्वास जगाना चाहिए कि वे अपने साथ हुई किसी भी असहज घटना को बिना डरे अपने माता-पिता के साथ साझा कर सकें।

वही पर किशोरी लाल चौधरी (पारिवारिक न्यायालय वक्ता) ने पॉक्सोअधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में रिपोर्ट दर्ज करना अनिवार्य है और कानून दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पीड़ित बच्चे की पहचान गुप्त रखना कानूनी रूप से अनिवार्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में देहात टीम से अदनान अंसार,अमरेश कुमार,देवेश,रचना मिश्रा,विंध्यवासिनी सहित बालिकाएं एवं परिजन की अहम भूमिका रही।

# चार नाबालिग नेपाली लड़कियां मुक्त, 02 तस्कर गिरफ्तार

## मानव तस्करी के विरुद्ध 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की बड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती श्री अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमांडेंट 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा (उ.प्र.) के कुशल दिशा-निर्देशन में दिनांक 31 जनवरी 2026 को 62वीं वाहिनी अंतर्गत समवाय गुज्जरगौरी द्वारा मानव तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्रवाई को अंजाम दिया गया। आसूचना शाखा, 62वीं वाहिनी से प्राप्त एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि समवाय गुज्जरगौरी के कार्यक्षेत्र में 02 भारतीय व्यक्ति मोटर साइकिलों के माध्यम से 04 नेपाली नाबालिग लड़कियों को नेपाल से भारत की ओर मानव तस्करी/देह व्यापार के उद्देश्य से ले जा रहे हैं।






सूचना मिलते ही समवाय गुज्जरगौरी एवं पुलिस थाना सिरसिया की संयुक्त प्रचालन पार्टी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम भचकाई, जनपद श्रावस्ती (उ.प्र.) में संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान 02 भारतीय मानव तस्करों को मौके पर ही पकड़ा गया तथा उनके कब्जे से 04 नेपाली नाबालिग लड़कियों को सकुशल मुक्त कराया गया। मौके से प्रयुक्त मोटर साइकिलें भी जब्त की गईं।

मुक्त कराई गई सभी नेपाली लड़कियों एवं पकड़े गए व्यक्तियों को NGO Dehat India की उपस्थिति में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु पुलिस थाना सिरसिया, जनपद श्रावस्ती (उ.प्र.) के सुपुर्द किया गया है।

इस संयुक्त अभियान में 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, उत्तर प्रदेश पुलिस एवं NGO Dehat India के मध्य उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला।

यह कार्रवाई मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराध के विरुद्ध सशस्त्र सीमा बल की सतत सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया एवं मानवीय दायित्व को सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है।

# प्राइमरी हेल्थकेयर और सार्वजनिक स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर में कम फंडिंग

## पैरामेडिकल स्टाफ को मजबूत करना सकारात्मक है, लेकिन बजट एक मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर खोया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

लखनऊ केंद्रीय बजट 2026 बड़े पैमाने पर बुनियादी सार्वजनिक स्वास्थ्य जरूरतों को नजरअंदाज करता है। जबकि फार्मास्यूटिकल्स और आयुष पर ध्यान दिया गया है, वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर में फंडिंग कम रही। घरेलू मेडिकल उपकरणों के लिए बहुत कम प्रावधान किया गया है और वास्तविक स्वास्थ्य आवंटन में मुश्किल से ही कोई बढ़ोतरी हुई है। पैरामेडिकल स्टाफ को मजबूत करना सकारात्मक है, लेकिन बजट एक मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर चूक गया।

इस साल के यूनियन बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटन में मामूली बढ़ोतरी की गई है (पिछले वित्तीय वर्ष के 99859 करोड़ रुपये से बढ़कर 104559 करोड़ रुपये), जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता का प्रभाव पैदा बनता है। हालांकि, पिछले पांच सालों में बजट ट्रेंड्स की करीब से जाँच करने पर पता चलता है कि वास्तविक रूप में स्वास्थ्य खर्च में लगातार गिरावट आई है, खासकर जब इसे महंगाई और बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल जरूरतों के हिसाब से एडजस्ट किया जाता है। केंद्रीय सरकार के वित्तीय खातों पर CAG ऑडिट रिपोर्ट्स में बताया गया है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आवंटन और सप्लीमेंट्री ग्रांट्स में भी बार-बार काफी ज्यादा कमी देखी गई है, जो हाल के सालों में 11 से 14 प्रतिशत के बीच रही है।

नीतिगत के आश्वासन के बावजूद, GDP के हिस्से के तौर पर स्वास्थ्य पर बजट आवंटन स्थिर बना हुआ है। पिछले तीन सालों से, स्वास्थ्य पर बजट आवंटन 0.31% (2023-24) से 0.29% (2024-25 और 2025-26) के बीच रहा है; जो स्वास्थ्य पर GDP का कम से कम 5% खर्च करने की लंबे समय से चली आ रही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से बहुत कम है। इस लगातार कम निवेश ने पूरे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर, मानव संसाधन और जरूरी सेवाओं को कमजोर कर दिया है।

जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया ( JSAI) ने कहा कि यह यूनियन बजट प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तरह से नजरअंदाज करता है, जो नागरिकों, खासकर मिडिल क्लास और हाशिये पर पड़े लोगों की पहली जरूरत है। यह बजट मेडिकल टूरिज्म और आयुर्वेद प्रोडक्ट्स के निर्यात को बढ़ावा देता है और फार्मा सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ का आवंटन करता है, जिसमें एक्सपोर्ट पर खास ध्यान दिया गया है। इससे सच में यह सवाल उठता है कि यह बजट किसके लिए है।

नए ठक्टल्रअठर, आयुर्वेद सेंटर और कैंसर/दुर्लभ बीमारियों की दवाओं पर टैक्स में छूट का स्वागत है—लेकिन बिना रेगुलेशन के; मरीजों को फिर भी कीमत चुकानी पड़ सकती है। बजट में जामनगर में WHO सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन को अपग्रेड करने का प्रावधान है।

स्वास्थ्य बजट में साफ तौर पर बढ़ोतरी पिछले पाँच सालों में असल खर्च में आई कमी को छिपाती है। सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च GDP के 5% के वादे से काफी कम है।

**जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया (JSAI) की मांग:**

- GDP के कम से कम 5% तक पब्लिक हेल्थ खर्च में बढ़ोतरी की जाए
- हेल्थ सेस को सिर्फ जन स्वास्थ्य के लिए इस्तेमाल किया जाए
- स्वास्थ्य से जुड़े रेवेन्यू की रिपोर्टिंग और इस्तेमाल में पूरी पारदर्शिता
- सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिए राज्यों की वित्तीय क्षमता को मजबूत करना
- कलेक्शन जन स्वास्थ्य देखभाल में, लगातार निवेश का विकल्प नहीं हो सकते।

# साहसिक साइकिल यात्रा का आयोजन, एडवोकेट सुशील कुमार रावत ने दिखाई हरी झंडी.....

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ,मोहनलालगंज क्षेत्र के बिंदौआ गांव में स्थित प्रकृति भारती सेवा समर्पण संस्थान के छात्रों द्वारा रविवार को एक साहसिक एवं प्रेरणादायी साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील कुमार रावत ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों के उत्साह और अनुशासन की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के लिए आवश्यक बताया।



साइकिल यात्रा में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान छात्रों ने अनुशासित ढंग से लंबी दूरी तय की और क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों से होते हुए पुनः अपने संस्थान परिसर, प्रकृति भारती सेवा समर्पण संस्थान, बिंदुआ पहुंचकर यात्रा का समापन किया। पूरी यात्रा के दौरान छात्रों में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला।

संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि इस साइकिल यात्रा का उद्देश्य छात्रों में साहस, आत्मविश्वास, शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ सामाजिक एकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान मार्ग में स्थानीय लोगों ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम के समापन पर संस्थान प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक और जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/ विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के कोन भरुहवा गांव में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। नव युवक समिति कोन भरुहवा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जयंती समारोह को लेकर गांव में सुबह से ही उत्सव का माहौल बना रहा। युवा समाजसेवी एवं ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी नदिहार के सुजीत पटेल ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने संत गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुजीत पटेल ने कहा कि संत गुरु रविदास एक महान समाज सुधारक थे। संत रविदास की जयंती युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करती है। हर साल की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिन्होंने भेदभाव रहित समाज की परिकल्पना की थी। उनके विचार आज भी समाज को सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा



कि संत रविदास द्वारा दिया गया समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास का जीवन संघर्ष, सादगी और सेवा का प्रतीक रहा है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज से कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। सुरेंद्र मौर्य ने बिरहा गीत गाकर संत रविदास की जयंती पर लोगों का मन मोह लिया लोग तालियां बजाने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी मौर्य ने किया। इस मौके पर समिति के राहुल, मुकेश कुमार, प्रवेश विश्वकर्मा, संदीप कुमार, अरुण मौर्य, संजय मौर्य, श्याम नारायण मौर्य ,गिरिजा मास्टर, शंभू मास्टर, कल्लू भारती, रमेश, समाजसेवी राजदीप पटेल उर्फ (राजू) सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# विदेश में बैठे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के पिता शमशेर सिंह की तबीयत बिगड़ी, मुक्तसर पुलिस ने बठिंडा अस्पताल में कराया भर्ती

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

बठिंडा,1 फरवरी :विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के पिता शमशेर सिंह की अचानक तबीयत बिगड़ गई। शमशेर सिंह को मुक्तसर पुलिस ने एक मामले के संबंध में गिरफ्तार किया हुआ था। पेट से जुड़ी गंभीर समस्या के चलते उन्हें बठिंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे मुक्तसर पुलिस की टीम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शमशेर सिंह को बठिंडा लेकर पहुंची। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने उनका मेडिकल परीक्षण किया, जिसके बाद उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया।अस्पताल सूत्रों के मुताबिक शमशेर सिंह को पेट में तेज दर्द और कमजोरी की शिकायत है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त मेडिकल जांच भी करवाई जा सकती है।उधर, अस्पताल परिसर के बाहर पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुक्तसर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी अस्पताल में मौजूद हैं, ताकि कानूनी प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा न आए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून के तहत पूरी कार्रवाई की जा रही है और डॉक्टरों की सलाह के अनुसार आगे का निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का नाम कई बड़े आपराधिक मामलों से जुड़ा हुआ है और वह फिलहाल विदेश में फरार है। ऐसे में उसके पिता की गिरफ्तारी और अब उनकी तबीयत बिगड़ने की खबर को लेकर इलाके में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।फिलहाल शमशेर सिंह का इलाज जारी है और पुलिस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# शहडोल को मिलेगी विकास की नई रफ्तार, विधायक शरद कोल की पहल से मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक दौरा

**समाज जागरण शहडोल**

जिले के लिए 8 फरवरी का दिन विकास के लिहाज से बेहद अहम और ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। भाजपा विधायक शरद कोल, व्यवहारी के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री मोहन यादव शहडोल पहुंच रहे हैं। यह पहला अवसर होगा जब मुख्य मंत्री शहडोल जिले में पूरा दिन बिताते हुए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों का लोकार्पण और घोषणाएं करेंगे। इस पूरे दौरे का श्रेय विधायक शरद कोल की सतत कोशिशों, दूरदृष्टि और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को जाता है, जिनके प्रयासों से शहडोल को विकास की नई गति मिलने की पूरी संभावना है।

मुख्यमंत्री का यह दौरा केवल औपचारिक नहीं, बल्कि ठोस विकास कार्यों और भविष्य की बड़ी योजनाओं की नींव रखने वाला माना जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत जैतपुर विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका धनपुरी में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित वाटर पार्क के लोकार्पण से होगी। यह वाटर पार्क न केवल क्षेत्र के लोगों के लिए मनोरंजन का नया केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। हालांकि वाटर पार्क का लोकार्पण कार्यक्रम का एक हिस्सा है, लेकिन असली फोकस जिले की आधारभूत जरूरतों को मजबूत करने वाली बड़ी परियो जनाओं पर रहेगा। सबसे महत्वपूर्ण घोषणा उस महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना को लेकर होने की उम्मीद है, जिससे 2700 हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी। इस परियोजना के लिए विधायक शरद कोल बीते दो वर्षों से लगातार भोपाल जाकर प्रयास करते रहे, अधिकारियों से समन्वय किया और सरकार के समक्ष जिले की जरूरतों को मजबूती से रखा। अब मुख्यमंत्री द्वारा इसकी विधिवत घोषणा की संभावनाओं ने किसानों में नई उम्मीद जगा दी है। यदि यह परियोजना धरातल पर उतरती है तो इसका सीधा लाभ हजारों किसानों को मिलेगा और शहडोल का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल सकता है। इसके साथ ही एक बड़े विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। यह सब स्टेशन शहडोल, जयसिंहनगर और जैतपुर क्षेत्र के लिए आने वाले लगभग चार दशकों तक स्थायी और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। वोल्टेज की समस्या, बार-बार बिजली कटौती और औद्योगिक गतिविधियों में आने वाली बाधाएं काफी हद तक समाप्त होंगी।

यह परियोजना औद्योगिक विकास, व्यापार और घरेलू उपभोक्ताओं—सभी के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं रहेगा। वे माता शबरी देवी मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। यह सहभागिता क्षेत्र की आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता को भी सम्मान देने का प्रतीक होगी। कुल मिलाकर, यह दौरा शहडोल के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलने वाला है। विकास कार्यों की यह श्रृंखला स्पष्ट संकेत देती है कि जिले को अब उपेक्षा नहीं, बल्कि प्राथमिकता मिल रही है।

इसके पीछे सबसे बड़ा योगदान विधायक शरद कोल का है, जिन्होंने लगातार प्रयास कर शहडोल की आवाज सरकार तक पहुंचाई। आने वाले समय में इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहडोल को निश्चित रूप से विकास की नई गति मिलेगी और जिला एक नए दौर में प्रवेश करेगा।

# कौन होगा भाजपा का अगला संगठन महामंत्री

**समाज जागरण विजय तिवारी**

भोपाल ।मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की जिम्मेदारी बदले जाने के बाद सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है। पार्टी के भीतर यह सवाल सबसे ज्यादा चर्चा में है कि हितानंद की जगह अब संगठन की कमान किसे सौंपी जाएगी। इस एक बदलाव ने संगठन और सरकार, दोनों स्तरों पर राज नीतिक तापमान बढ़ा दिया है। संगठन का अगला मुखिया कौन बनेगा और शर्मा की जगह कौन लेगा, इसे लेकर अंदरखाने लगातार बैठकों और समीकरणों का दौर चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह बदलाव अचानक नहीं बल्कि संगठनात्मक रणनीति के तहत किया गया है। हितानंद शर्मा को मध्य क्षेत्र का सह-बौद्धिक प्रमुख बनाया गया है और उनका केंद्र जबलपुर रखा गया है। चंबल अंचल से आने वाले हितानंद शर्मा संघ पृष्ठभूमि के मजबूत संगठनकर्ता माने जाते हैं। वे लंबे समय तक विद्या भारती से जुड़े रहे हैं और इसी वैचारिक अनुशासन के कारण संगठन में उनकी पकड़ मजबूत रही है। प्रदेश संगठन महामंत्री रहते हुए उन्होंने न केवल संगठन को कसावट दी, बल्कि चुनावी रणनीति को माइक्रो-लेवल तक पहुंचाया। बूथ सशक्तिकरण अभियान के दौरान जिस तरह से तकनीकी नवाचार, डेटा मैनेजमेंट और जमीनी नेटवर्क को एक साथ जोड़ा गया, उसे भाजपा संगठन में एक प्रभावी मॉडल के रूप में देखा गया। विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत और लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटों पर विजय के पीछे हितानंद शर्मा की पर्दे के पीछे की भूमिका को अहम माना जाता है। संगठन के भीतर यह भी माना जाता है कि उन्होंने मंडल स्तर तक लगातार प्रवास कर संगठन को सक्रिय बनाए रखा। अब उनके स्थानांतरण के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्रदेश संगठन महामंत्री की कुर्सी पर अगला चेहरा कौन होगा। इस मुद्दे पर पार्टी के भीतर कई धाराएं सक्रिय दिखाई दे रही हैं। एक ओर शिवराज सिंह चौहान खेमे की नजर इस पद पर बनी हुई है। माना जा रहा है कि शिवराज खेमे के कुछ पुराने और अनुभवी संगठनकर्ता इस जिम्मेदारी के लिए प्रयासरत हैं, ताकि संगठन और सरकार के पुराने संतुलन को बनाए रखा जा सके। दूसरी ओर मुख्यमंत्री मोहन यादव के खेमे की सक्रियता भी बढ़ी है। मुख्यमंत्री बनने के बाद मोहन यादव धीरे-धीरे संगठन पर अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में यह चर्चा भी जोरों पर है कि वे अपने भरोसेमंद और वैचारिक रूप से मजबूत चेहरे को आगे बढ़ाने का प्रयास कर सकते हैं, जिससे सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो सके। इन सभी अटकलों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका सबसे अहम मानी जा रही है। भाजपा में संगठन महामंत्री का चयन परंपरागत रूप से संघ की सहमति और मार्गदर्शन से होता रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि संघ किसी ऐसे नाम पर मुहर लगाएगा जो अनुशासन, कैडर मैनेजमेंट और वैचारिक प्रतिबद्धता के मानकों पर पूरी तरह खरा उतरता हो। यही कारण है कि कई नामों पर मंथन चल रहा है, लेकिन अंतिम फैसला संघ की सहमति के बिना संभव नहीं माना जा रहा। इसी बीच यह संभावना भी जताई जा रही है कि पार्टी नेतृत्व केंद्र से किसी अनुभवी संगठनात्मक चेहरे को मध्य प्रदेश भेज सकता है। बड़े राज्य होने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए केंद्रीय नेतृत्व संगठन में नई ऊर्जा और संतुलन के लिए बाहरी विकल्प पर भी विचार कर सकता है। संगठनात्मक बदलावों के क्रम में तीन प्रचारकों की जिम्मेदारियों में भी फेरबदल किया गया है। सुरेंद्र मिश्रा को पूर्व सैनिक सेवा परिषद, मुकेश त्यागी को ग्राहक पंचायत और ब्रजकिशोर भार्गव को क्षेत्र गौ सेवा प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। इन बदलावों को भी संगठन की आगामी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

फिलहाल पार्टी की ओर से संगठन महामंत्री के नाम को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इतना साफ है कि हितानंद शर्मा की जगह किसे जिम्मेदारी मिलती है, यह फैसला आने वाले समय में मध्य प्रदेश भाजपा की दिशा और रणनीति तय करेगा। संगठन का अगला सरताज कौन होगा, इस पर सियासी निगाहें टिकी हुई हैं और प्रदेश की भाजपा राजनीति फिलहाल निर्णायक मोड़ पर खड़ी नजर आ रही है।

# केंद्रीय बजट 2026 - विकसित भारत 2047 की तस्वीर को प्रस्तुत करता है।

**समाज जागरण**

देश का केंद्रीय बजट लगातार उन्नत अर्थव्यवस्था को प्रदर्शित कर रहा है। वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट में इस बात की झलक मिलती है, कि देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था में से एक है। बजट 4 प्रमुख वर्गों पर केंद्रित है- गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता ये चारों अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इस बजट में आम लोगों को राहत मिली है। खेल उपकरण, डायबिटीज और कैंसर की दवाएं, लेदर प्रोडक्ट्स, मोबाइल फोन, ईवी बैटरियां, माइक्रो वेव ओवन और सोलर पैनल सस्ते हुए हैं। जिससे इलाज, टेक्नोलॉजी और रोजमर्रा के खर्च में कमी आने की उम्मीद है। इस बजट में ए आई आधारित तकनीक के लिए सबसे ज्यादा फोकस किया गया है जो नई पीढ़ियों को रोजगार देगी और देश के अन्य वर्गों को इससे कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। आम जनमानस के जीवन में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी।

इस बजट में नगर निगमों द्वारा बॉन्ड जारी करने पर 100 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रस्तावित है। खेल क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए खेलो इंडिया मिशन शुरू किया जा रहा है। रटए के लिए 10,000 करोड़ रुपये का कोष रखा गया है। एवीजीसी क्षेत्र के विस्तार के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट




ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज को 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स स्थापित करने में मदद मिलेगी। सरकार का अनुमान है, कि राजकोषीय घाटा 2026-27 में 4.3% रह सकता है और कर्ज-जीडीपी अनुपात 55.6% प्रस्तावित है। कार्बन अवशोषण योजना के लिए 20,000 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो कि हमारी उन्नत अर्थव्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है। पर्यटन और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, अराकू वैली और पश्चिमी घाट को इको-फ्रेंडली बनाया जाएगा। ओडिशा, कर्नाटक और केरल में कछुआ ट्रेल्स बनाई जाएंगी। कृषि क्षेत्र में ह्यभारत विस्तारह्न नामक बहुभाषी अकटूल शुरू किया जाएगा, जिससे किसानों को स्मार्ट और आसान जानकारी मिलेगी। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल से मिलने वाले ब्याज को आयकर और ळऊ्र से मुक्त कर दिया गया है। पशु चिकित्सा कॉलेज, अस्पताल और लैब के लिए पूंजी सब्सिडी योजना का प्रस्ताव है। साथ ही क्लाउड सेवाओं को 2047 तक टैक्स फ्री करने की घोषणा की गई। कुल मिला कर यह कहा जा सकता है, कि यह बजट विकसित भारत 2047 की तस्वीर को प्रस्तुत करता है। ...... डॉ. विजय कुमार दीक्षित सहायक प्राध्यापक- वाणिज्य इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्व विद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) अमर कंटक, मध्यप्रदेश

# जनपद पंचायत बुढ़ार में भ्रष्टाचार का 'बड़ा खेला', 25 लाख की पुलिया में लग रही अवैध रेत और घटिया सामग्री

**समाज जागरण**

शहडोल। जनपद पंचायत बुढ़ार के अंतर्गत ग्राम पंचायत घुनघुटा और गोडिनबूढ़ा में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी खजाने को खुलेआम चूना लगाया जा रहा है। अतरौठी के जंगली नाले पर बन रही ड्ट25 लाख की लागत वाली पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। आरोप है कि यहाँ न केवल घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है, बल्कि जनपद में वर्षों से जमे एक रसूखदार बाबू और अघोषित ठेकेदारों की जुगलब ंदी ने पंचायत राज व्यवस्था को बंधक बना लिया है।

**कमीशन का गणित और बाबू की 'महेरवानी'**



स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत में पिछले 25 वर्षों से एक ही कुर्सी पर जमे बाबू रामजस पटेल का इस पूरे खेल में अहम किरदार बताया जा रहा है। आरोप है कि सरपंचों पर अनावश्यक दबाव बनाकर 'उमेश शर्मा' नामक अघोषित ठेकेदार को काम दिलाया जाता है। इस 'कृपा' के बदले स्वीकृत राशि का 10 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के तौर पर वसूले जाने की चचाएं गर्म हैं। मानकों की अनदेखीः बिना रॉयल्टी की रेत और सस्ता लोहा मौके पर हो रहे निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैंः अवैध उत्खननः पुलिया निर्माण में जंगल के नालों से चोरी की गई मिट्टी युक्त रेत खपाई जा रही है। हाल ही में जैतपुर पुलिस द्वारा जब्त किए गए रेत के ट्रैक्टर इसी भ्रष्टाचार की कड़ी माने जा रहे हैं। घटिया मटेरियलः निर्माण में क्रकमार्का लोहे के बजाय स्थानीय स्तर का लोहा और बाजार की सस्ती सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भविष्य में बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। कागजी ट्रेडर्सः 'उमेश ट्रेडर्स' के पास न गोदाम है न दुकान, फिर भी बिना रॉयल्टी वाली रेत के पक्के बिल पंचायतों में धड़ल्ले से लगाए जा रहे हैं। ईमानदार इंजीनियरों पर ट्रांसफर की गाज भ्रष्टाचार का आलम यह है कि जो तकनीकी अधिकारी गलत काम का विरोध करते हैं, उन्हें रसूख के दम पर हटा दिया जाता है। गोडिनबूढ़ा पंचायत में जब एक इंजीनियर ने कम गहराई वाले कॉलम का मूल्यांकन करने से इनकार किया, तो कथित तौर पर बाबू की मदद से उनका तबादला करवाकर चहेते इंजीनियर की नियुक्ति करवा दी गई।

कलेक्टर और उएड से कार्रवाई की उम्मीद अब बड़ा सवाल यह है कि क्या शहडोल कलेक्टर केदार सिंह और जिला पंचायत उएड शिवम प्रजापति इस संगठित भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएंगे? क्या 25 सालों से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारी की संपत्ति की जांच होगी? ग्रामीणों ने मांग की है कि घुनघुटा, कुम्हेडिन साखी और गोडिनबूढ़ा जैसी पंचायतों में हुए कार्यों की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए।

# बजट 2026 बिजुरी में गूंजा 'विकसित भारत' का संकल्प

## मंत्री दिलीप जायसवाल बोले- यह आत्मनिर्भरता का नया अध्याय

**समाज जागरण**

इंट्रो -मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने केंद्रीय बजट को 'भरोसे का दस्तावेज' करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की जमकर सराहना की। नगर पालिका बिजुरी में बजट के लाइव प्रसारण के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने दो टूक कहा कि यह केवल एक साल का आय-व्यय नहीं बल्कि आगामी दशक के भारत की स्वर्णिम इबारत है। उन्होंने बजट को विकास वाद का नया अध्याय बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने तकनीकी नवाचार और स्वदेशी निर्माण पर जो दांव लगाया है वह भारत को अमेरिका और चीन जैसी महा शक्तियों की कतार में सबसे आगे खड़ा कर देगा। मंत्री जी के अनुसार, यह बजट गाँव की पगडंडी से लेकर ग्लोबल मार्केट तक भारत की धमक को सुनिश्चित करने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। बिजुरी। केंद्रीय











वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट का लाइव प्रसारण रविवार को नगर पालिका बिजुरी में उत्साह पूर्वक देखा गया। प्रदेश सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जाय सवाल की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा नेताओं और आम जनमानस ने बजट की बारीकियों को समझा और इसे ऐतिहासिक करार दिया ।सत्ता और

**संगठन के दिग्गजों की मौजूदगी**

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, डोला नगर परिषद उपाध्यक्ष रवि शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में पार्षद और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंत्री श्री जायसवाल ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि यह बजट गाँव, गरीब और किसान को मुख्यधारा से जोड़ते हुए देश को वैश्विक शक्ति बनाने वाला है।

**बिजुरी में बजट का लाइव शो**

नगर पालिका परिषद में बड़ी स्क्रीन पर बजट का सीधा प्रसारण हुआ जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय जनता ने वित्त मंत्री का संबोधन सुना।

**लघु उद्योगों को मिलेगी संजीवनी**

मोदी सरकार का यह बजट अंत्योदय' की परिकल्पना को साकार करता है। इसमें हर हाथ को काम और हर क्षेत्र को सम्मान देने का वादा है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि बजट में छोटे उद्योगों के लिए किए गए प्रावधानों से अनूपपुर जैसे जिलों में स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

**महिला सशक्तिकरण पर जोर**

नपा अध्यक्ष सहबीन पनिका ने बजट को महिलाओं के अनुकूल बताते हुए कहा कि लखपति दीदी और अन्य योजनाओं से आधी आबादी का आर्थिक स्तर सुधरेगा।

**मध्यम वर्ग को बड़ी राहत**

पूर्व उपाध्यक्ष सतीश शर्मा और मंडल अध्यक्ष रविंद्र रिंकू शर्मा ने टैक्स सुधारों की सराहना करते हुए इसे मध्यम वर्ग के लिए सुकून भरा बजट बताया।

**कार्यकताओं में उत्साह**

विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा और जिला मंत्री भूपेंद्र महरा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बजट की जनहितैषी नीतियों का स्वागत किया।

**यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर पार्षद लक्ष्मी शुक्ला, कलावती सिंह, गुंजन साहू सहित सभी वार्डों के पार्षद, महामंत्री कैलाश कोल, के.पी. शुक्ला, राहुल पनिका और भारी संख्या में गणमान्य नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देह दान कर दूसरों के लिए मिसाल बन गई श्रीमती लीलम्मा

**समाज जागरण**




बिलासपुर 31 जनवरी। देवलोक गमन एक शाश्वत सत्य है। किंतु कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनकी मृत्यु दूसरों के लिए एक उदाहरण बन जाती है। देह दान कर एक ऐसी ही मिसाल बन गई हैं श्रीमती के जी लीलम्मा। बिलासपुर के नूतन कॉलोनी, सरकंडा निवासी श्रीमती केजी लीलम्मा (पति स्वर्गीय पी.एस. नायर) ने जीवन के अंतिम क्षणों से पूर्व परिजनों से स्वेच्छा से देहदान करने की इच्छा व्यक्त की थी। और 30 जनवरी को जब श्रीमती लीलम्मा ने अपने जीवन की अंतिम सांस ली तो परिवार जनों ने उनकी इच्छा के अनुसार उनकी पार्थिव देह को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स बिलासपुर के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति को सौंप दी। डॉ. मूर्ति ने इस पुनीत कार्य के संपादन के लिए शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिक्षा जांगड़े को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिसके बाद विभाग द्वारा सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद देहदान को विधिवत स्वीकार कर लिया। इस मौके पर श्रीमती लीलम्मा के पुत्र एस भारतीयन (मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक बिला सपुर) और डॉ श्रीमती सुप्रिया भारतीयन सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सिम्स एमबी बीएस प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपने अध्ययन की शुरूआत (कैडै वरिक ओथ) के अवसर पर यह शपथ ली की यह हमारे चिकित्सा जीवन के प्रथम गुरु हैं। हम इनके शरीर का पूरे सम्मान, श्रद्धा एवं मयार्दा के साथ अध्ययन कर एक कुशल एवं संवेदनशील चिकित्सक बनने का प्रयास करेंगे। यह परंपरा विद्यार्थियों में न केवल मानवीय संवेदनशीलता का संचार करती है, बल्कि देहदाता के प्रति गहन श्रद्धा और आभार भी व्यक्त करती है। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति, नोडल अधिकारी डॉ भूपेंद्र कश्यप डॉ. शिक्षा जांगड़े, डॉ अमित कुमार डॉ निलेश महोबिया, श्रीमती संज्ञा टंडन ( अरपा रेडियो) तथा दिवंगत श्रीमती लीलम्मा के परिजन उपस्थित रहे।

# अवैध कोयला उत्खनन से हो सकता है कभी भी हादसाः चीनी सुरक्षा विभाग शीघ्र दे ध्यान

**समाज जागरण**

अमलाई ।मौत के साए में आम जनजीवन कोयला कंपनी औद्योगिक सुरक्षा बल सिर्फ और सिर्फ सुरक्षा के नाम पर दिखावा कर रही है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमि टेड द्वारा ओपन कास्ट खुली खदान डी सेक्टर से कोयला निकासी और अपनी उत्पादन क्षमता के अलावा आसपास के रिहायशी इलाके में रहने वाले गरीब तबके के लोगों के पापी पेट के लिए जीवन यापन करने वाले रंजीत दफाई सिद्ध बाबा शांति नगर से महज 50 मीटर की दूरी पर कुछ रुपयो की कमाई की चाहत पर अपनी जान को जोखिम में डालकर पहाड़ नूमा ओबी मिट्टी के ढेर पर सुरंग नूमा खदान बनाकर प्रबंधन द्वारा निकाली जा चुकी कोयले की बची हुई शेष कोयले को निकालने के लिए लोगों के द्वारा एसईसीएल द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर सुरक्षा के अभाव में कोयला निकासी व चोरी की जाती है ।बेरोजगारी और गरीबी ऐसी व्यवस्था है कि अपनी जान हथेली



पर लेकर इंसान अपने परिवार के साथ पहले एकत्रित ओबी मिट्टी पर आधी दूर चढ़कर उसमें होल किया जाता है और फिर कोयले की छटाई की जाती है। जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है ।साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत ई सेक्टर में कोयला कंपनी प्रबंधन की सुरक्षा की निगरानी कर रहा औद्योगिक सुरक्षा बल की नजरों के सामने ऐसा हो रहा है जबकि औद्योगिक सुरक्षा बल कैंप ई सेक्टर कोयला खदान से महेश 100 मीटर की दूरी पर है। ऐसे में प्रतीत होता है कि कोयला कंपनी की सुरक्षा जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाले एस आई एस एफ सुरक्षा इंतजाम को लेकर नाकाम साबित हो रही है इससे पूर्व भी कई घटनाएं हो चुकी फिर भी एसईसीएल सोहागपुर कोयला प्रबंधन सुरक्षा इंतजाम को लेकर मूकदर्शक की भूमिका निभा रही है ।अमलाई नगर के समाजसेवी पार्षद पवन चीनी द्वारा बताया गया कि इस प्रकार खुले तौर पर सुरक्षा अभाव में कोयला कंपनी के द्वारा आम जनजीवन से बेखबर होकर जिंदगी के सौदे करने में व्यस्त है जबकि एस ईसीएल सेक्टर में कोयला निकासी करने के लिए गरीब परिवार के लोग अपनी जान जोखिम पर डाल रहे ऐसे में स्थानीय प्रशासन और कोयला कंपनी प्रबंधन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। पार्षद ने कहा कि इस संबंध में सुरक्षा विभाग को त्वरित ध्यान देना चाहिए जिससे गंभीर हादसा ना हो सके।

# विकसित भारत के संकल्प को सशक्त और साकार करने वाला है यह बजटःअशुतोष अग्रवाल

**समाज जागरण**



उमरिया। भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा आज 1 फरवरी को संसद में आम बजट पेश किया गया है। जिसका लाइव प्रसारण उमरिया जिला मुख्यालय स्थित ई टावर के हाल में किया गया जहां भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्र वाल सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता और व्यापारी गण मौजूद रहे। लाइव प्रसारण के दौरान उपस्थित तमाम लोगों ने बजट को देश की आर्थिक प्रगति, निवेश, उद्योग, रोजगार सृजन और सबका साथ-सबका विकास की भावना को सशक्त करने वाला बताया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि भारत सरकार का यह बजट विकसित भारत के संकल्प को सशक्त और साकार करने की दिशा में दूरदर्शी एवं जनहितैषी है। इसमें युवा, किसान, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नए अवसर सृजित किए गए हैं, जिससे आत्मनिर्भर भारत की नींव और मजबूत होगी। केंद्रीय बजट में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, जलमार्ग विकास, पर्यटन, खेल, आयुष, मेडिकल टूरिज्म, एमएसएमई, कार्बन कैप्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं रोजगार से जुड़े प्रावधान देश की दीर्घकालीन विकास रणनीति का मजबूत आधार हैं। भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा कि यह बजट गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को समर्पित बजट है, जो सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक सशक्तिकरण को आगे बढ़ाता है। जिले के प्रत्येक मंडलों में भी लाइव प्रसारण को सुना और देखा गया है। जिसमें जन प्रतिनि धीगण, भाजपा पदाधिकारी, व्यापारी और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। लाइव प्रसारण के दौरान भाजपा के महामंत्री दीपक छतवानी राधेलाल कोल, उपाध्यक्ष अमित सिंह, राकेश दद्दर्शी, विष्णु भारती, सुनील खटीक, आशुतोष तिवारी, धर्मेंद्र गुप्ता, दिलीप प्रजापति, दीपक गुप्ता, कपूरिया बाई, सुशील गौतम, नितिन बासनी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। चंदिया मंडल में केंद्रीय बजट के लाइव प्रसारण के दौरान जिला मंत्री पंकज तिवारी,चंदिया मंडल के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी,नगर परिषद चंदिया के अध्यक्ष परषोत्तम कोल, नगर परिषद के उपाध्यक्ष अनुपम चतुवेर्दी,किसान मोर्चा के महामंत्री राकेश यादव जी,पार्षद एवं पूर्व महामंत्री अखिल अग्रवाल,मंडल महामंत्री रत्नाकर शर्मा शाहिद अन्य लोग उपस्थित थे।

# सख्ती के दावों के उलट जमीनी हकीकत–अनूपपुर में बेलगाम ओवरलोडिंग, बढ़ती दुर्घटनाएं और फलता अवैध कारोबार

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले में यातायात नियमों के पालन और अपराध नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक सख्ती के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हालात इन दावों से मेल नहीं खाते जब से विनोद दुबे की पदस्थापना हुई है, तब से व्यवस्था के ढांचे पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं ओवरलोड वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जांच और निगरानी कमजोर पड़ती दिख रही है, वहीं दुर्घटनाओं की संख्या में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है अमरकंटक में हाल ही में हुई दर्दनाक दुर्घटना ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक युवक रोड डिवाइ डर से टकराने के बाद लंबे समय तक तड़पता रहा, समय पर प्रभावी सहायता और ट्रैफिक प्रबंधन के अभाव में अंततः उसकी मौत हो गई यह घटना न केवल यातायात प्रबंधन की विफलता को दर्शाती है, बल्कि आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की भी गंभीर कमजोरी उजागर करती है कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल यहीं समाप्त नहीं होते जैतहरी क्षेत्र में एसटीएफ जबलपुर द्वारा 6



कुंटल गांजा पकड़े जाने की बड़ी कार्रवाई ने स्थानीय स्तर पर निगरानी और खुफिया तंत्र की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं यदि इतनी बड़ी खेप बाहरी एजेंसी द्वारा पकड़ी जाती है, तो यह संकेत करता है कि स्थानीय स्तर पर अवैध गतिविधियां या तो नजरअंदाज हो रही हैं या प्रभावी नियंत्रण में नहीं हैं इसके साथ ही रामपुर खड़ा, बदरा और कोयलांचल क्षेत्र में अवैध गांजा कारोबार के फलने -फूलने की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इन इलाकों में संगठित नेटवर्क सक्रिय हैं, जिनके तार विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बताए जाते हैं इसके बावजूद ठोस और निरंतर कार्रवाई का अभाव साफ नजर आता है यह उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा सड़क सुरक्षा, जागरू कता और अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों को आम जन सराहनीय मानता है हालांकि, उनके अधीनस्थ अमले की कार्यशैली और जमीनी क्रियान्वयन उन प्रयासों पर पानी फेरते प्रतीत हो रहे हैं नतीजतन, सख्ती के सरकारी आंकड़े और वास्तविक स्थिति के बीच खाई बढ़ती जा रही है जानकारों का कहना है कि यदि ओवरलोडिंग पर सख्त रोक, अवैध मादक पदार्थों के नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार और जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया नहीं अपनाई गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है वर्तमान परिदृश्य गहन जांच, स्पष्ट जवाबदेही और निरंतर निगरानी की मांग करता है, ताकि कानून का भय स्थापित हो और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके

# बजट 2026-27 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) 2.0 के शुभारंभ की घोषणा

## आईटी/आईटीईएस के लिए उच्च सीमा और प्रतिस्पर्धी लाभ के साथ नए सेफ हार्बर प्रावधान लागू किए जाएंगे

**इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के लिए बजट आवंटन बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये किया जाएगा**

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया। इस बजट में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण उपायों की घोषणा की गई। वित्त मंत्री ने उपकरण और सामग्री उत्पादन, पूर्ण स्टैक भारतीय बौद्धिक संपदा (आईपी) डिजाइन करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने के लिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) 2.0 के शुभारंभ की घोषणा की। इसका मुख्य उद्देश्य प्रौद्योगिकी और कुशल कार्यबल के विकास के लिए उद्योग-नेतृत्व वाले अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्रों को विकसित करना होगा। इसके लिए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आईएसएम 1.0 ने भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र की क्षमताओं का विस्तार किया है और आईएसएम 2.0 इसी पर आधारित होगा। अप्रैल 2025 में 722,919 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू की गई इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) को लक्ष्य से दोगुने निवेश की प्रतिबद्धताएं पहले ही मिल चुकी हैं। अब इस गति का लाभ उठाने के लिए परिव्यय को बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। भारत के विकास के इंजन के रूप में आईटी क्षेत्र को समर्थन देने और स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से, बजट 2026-27 में आईटी/आईटीईएस के लिए उच्च सीमा और प्रतिस्पर्धी लाभ के साथ नए सुरक्षित हार्बर प्रावधानों का प्रस्ताव किया गया है। भारत सॉफ्टवेयर विकास सेवाओं, आईटी-सक्षम सेवाओं, नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग सेवाओं और सॉफ्टवेयर विकास से संबंधित अनुबंध अनुसंधान एवं विकास सेवाओं में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है। इन व्यावसायिक क्षेत्रों की परस्पर संबद्धता को ध्यान में रखते हुए, बजट में इन सभी सेवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं की एक श्रेणी के अंतर्गत एक समूह में रखने का प्रस्ताव है, जिसमें सभी के लिए लागू होने वाला 15.5 प्रतिशत का समान सुरक्षित मार्जिन होगा। आईटी सेवाओं के लिए सेफ हार्बर का लाभ उठाने की सीमा को भी 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है।

आईटी सेवाओं के लिए सेफ हार्बर को एक स्वचालित नियम-आधारित प्रक्रिया द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, जिसमें किसी कर अधिकारी द्वारा आवेदन की जांच और स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी।

एक बार किसी आईटी सेवा कंपनी द्वारा आवेदन किए जाने के बाद, उसी सेफ हार्बर को कंपनी की इच्छानुसार लगातार 5 वर्षों की अवधि तक जारी रखा जा सकता है। इसके अलावा, आईटी सेवा कंपनियों के लिए जो अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौता (एपीए) करना चाहते हैं, एकतरफा एपीए प्रक्रिया को तेज करने और इसे 2 साल की अवधि के भीतर पूरा करने का प्रस्ताव रखा गया है। करदाता के अनुरोध पर इस 2 साल की अवधि को 6 महीने तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही, एपीए में प्रवेश करने वाली कंपनी को उपलब्ध संशोधित लाभ की सुविधा को उसकी सहयोगी कंपनियों तक भी बढ़ाने का प्रस्ताव है। महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को सक्षम बनाने और डेटा केंद्रों में निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, बजट 2026-27 में भारत से डेटा सेंटर सेवाओं का उपयोग करके वैश्विक स्तर पर ग्राहकों को क्लाउड सेवाएं प्रदान करने वाली किसी भी विदेशी कंपनी को 2047 तक कर में छूट देने का प्रस्ताव किया गया है। हालांकि, उसे भारतीय ग्राहकों को सेवाएं एक भारतीय पुनर्विक्रेता कंपनी के माध्यम से प्रदान करनी होंगी। इसके अलावा, भारत से डेटा सेंटर सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी के संबद्ध होने की स्थिति में कंपनी की लागत पर 15 प्रतिशत की सुरक्षित छूट का भी प्रस्ताव किया गया है।

शिक्षा से रोजगार और उद्यम तक के क्षेत्र में एक उच्चस्तरीय स्थायी समिति का भी प्रस्ताव किया गया है, जो विकसित भारत के मुख्य चालक के रूप में सेवा क्षेत्र पर केंद्रित उपायों की सिफारिश करेगी। यह समिति एआई सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के रोजगार और कौशल आवश्यकताओं पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करेगी और इसके अनुरूप उपाय प्रस्तावित करेगी।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा बजट 2026-27 सरकार की एक मजबूत एवं अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था के निर्माण के संकल्प को और सुदृढ़ करता है: रक्षा मंत्री

**"पूंजी अधिग्रहण बजट" में वृद्धि से सैन्य क्षमताओं में और वृद्धि होगी"**

**"ईसीएचएस आवंटन में वृद्धि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के सरकार के संकल्प का प्रमाण है"**

**"बजट सुरक्षा-विकास-आत्मनिर्भरता संतुलन और प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करता है"**

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र को 7.85 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के बाद यह बजट देश की एक मजबूत और फुलप्रूफ सुरक्षा प्रणाली बनाने के सरकार के संकल्प को और मजबूत बनाता है। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने बल देकर कहा कि बजट सुरक्षा-विकास-आत्मनिर्भरता संतुलन में वृद्धि करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा बलों को पूंजी मद के अंतर्गत 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं और इसमें से 1.85 लाख करोड़ रुपये पूंजी अधिग्रहण के लिए निर्धारित किए गए, जो कि वित्त वर्ष 2025-26 के पूंजी अधिग्रहण बजट से लगभग 24 प्रतिशत अधिक है। इससे भारत की सैन्य क्षमताओं में और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण इस बजट का एक महत्वपूर्ण भाग है। पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण और उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के लिए 12,100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजटीय अनुमान से 45.49 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने इसे पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सरकार के संकल्प का प्रमाण बताया। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया "उत्कृष्ट" बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा, 'बजट जनता की भावनाओं और उम्मीदों पर खरा उतरता है। यह समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए पर्याप्त प्रावधानों के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री के संकल्प के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है।' श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, एक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा लगातार गति पकड़ रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि "युवा शक्ति संचालित बजट" बजट "आकांक्षा को उपलब्धि में बदलने" और "क्षमता को प्रदर्शन में बदलने" का प्रयास करता है।

# केंद्रीय बजट 2026-27: एकीकृत कार्यक्रमों, मेगा पार्कों और निर्यात सुविधा के माध्यम से रोजगार-प्रधान वस्त्र क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन

केंद्रीय बजट 2026-27 में श्रम प्रधान वस्त्र क्षेत्र पर विशेष बल दिया गया है, क्योंकि इसमें रोजगार सृजन, निर्यात, ग्रामीण आजीविका और टिकाऊ विनिर्माण में इसकी महत्व पूर्ण भूमिका है। फाइबर से लेकर फैशन तक, ग्रामीण उद्योगों से लेकर वैश्विक बाजारों तक, संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए एक व्यापक और एकीकृत नीतिगत ढांचे की घोषणा की गई है। वस्त्र क्षेत्र के लिए एकीकृत कार्यक्रम सरकार ने प्रतिस्पर्धात्मकता, आत्मनिर्भरता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए वस्त्र क्षेत्र के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम का प्रस्ताव किया है जिसमें निम्नलिखित पांच उप-घटक शामिल हैं: (क) राष्ट्रीय रेशा योजना: रेशा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक रेशों, मानव निर्मित रेशों और आधुनिक युग के रेशों को समर्थन प्रदान करेगी। इस पहल से घरेलू स्तर पर रेशों की उपलब्धता बढ़ेगी, आयात पर निर्भरता कम होगी और उन्नत वस्त्र सामग्री में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। (ख) वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना: इस घटक का उद्देश्य मशीनरी, प्रौद्योगिकी उन्नयन और साझा परीक्षण एवं प्रमाणन केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत सहायता के माध्यम से पारंपरिक वस्त्र समूहों का आधुनिकीकरण करना है। इस योजना से उत्पादकता, गुणवत्ता अनुपालन और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में वृद्धि होने की उम्मीद है। (ग) राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प कार्यक्रम: हथकरघा एवं हस्तशिल्प के लिए मौजूदा योजनाओं को एक किया जाएगा और एक एकीकृत राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत मजबूत किया जाएगा ताकि बुनकरों और कारीगरों को लक्षित एवं प्रभावी सहायता सुनिश्चित की जा सके, उनकी आय में सुधार हो और भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का संरक्षण किया जा सके। (घ) टेक्स-इको पहल: इस पहल का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ वस्त्र और परिधान निर्माण को बढ़ावा देना है, जिससे भारतीय वस्त्र उद्योग अंतरराष्ट्रीय स्थिरता मानकों और उभरते हरित बाजार अवसरों के अनुरूप हो सके। (ई) समर्थ 2.0: उन्नत कौशल कार्यक्रम उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के साथ गहन सहयोग के माध्यम से वस्त्र कौशल तंत्र का आधुनिकीकरण करेगा, जिससे मूल्य श्रृंखला में उद्योग के लिए तैयार कुशल जनशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### मेगा टेक्सटाइल पार्क और तकनीकी वस्त्र

सरकार ने एकीकृत अवसंरचना, बड़े पैमाने पर दक्षता और मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, चुनौतीपूर्ण तरीके से मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की भी घोषणा की है। ये पार्क तकनीकी वस्त्रों के विकास को भी बढ़ावा देंगे जो औद्योगिक, चिकित्सा, रक्षा और अवसंरचना अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण उच्च क्षमता वाला क्षेत्र है।

### महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल

खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूत करने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वैश्विक बाजार से संपर्क स्थापित करना, ब्रांडिंग, सुव्यवस्थित प्रशिक्षण, कौशल विकास, गुणवत्ता सुधार और प्रक्रिया आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना है। इससे बुनकरों, ग्राम उद्योगों, ग्रामीण युवाओं को लाभ होगा और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल को बढ़ावा मिलेगा।

### वस्त्र और संबद्ध क्षेत्रों के लिए निर्यात प्रोत्साहन उपाय

बजट में वस्त्र, चमड़ा और समुद्री उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं: शुल्क-मुक्त आयातित कच्चे माल का उपयोग करके निर्मित वस्त्र, चमड़े के वस्त्र, चमड़े या सिंथेटिक जूते और अन्य चमड़े के उत्पादों के निर्यातकों के लिए निर्यात दायित्व अवधि को 6 महीने से बढ़ाकर 12 महीने कर दिया गया है।

इस उपाय से निर्यातकों को परिचालन में अधिक लचीलापन, अनुपालन में आसानी और कार्यशील पूंजी प्रबंधन में सुधार होगा। टीआरईडीएस के माध्यम से वस्त्र उद्योग के सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए नकद सहायता वस्त्र उद्योग के सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए नकद तक पहुंच को और मजबूत करने के लिए, सरकार ने व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली (टीआरईडीएस) की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए प्रमुख उपायों की घोषणा की है, जिसके तहत पहले ही 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सुविधा प्रदान की जा चुकी है। सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से खरीद के लिए मुख्य उद्यम इकाइयों केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) द्वारा टीआरईडीएस का अनिवार्य उपयोग;

टीआरईडीएस पर इनवॉइस डिस्काउंटिंग के लिए सीजीटीएमएसई के माध्यम से क्रेडिट गारंटी सहायता;

सरकारी खरीद संबंधी प्राप्तियों के लिए त्वरित और सस्ते वित्तपोषण को सक्षम बनाने के लिए जैम को टीआरईडीएस से जोड़ना;

द्वितीयक बाजारों को मजबूत करने और नकदी बढ़ाने के लिए परिसंपत्ति-समर्थित प्रतिभूतियों के रूप में टीआरईडीएस प्राप्य राशियों की शुरूआत।

### चैंपियन एसएमई का सृजन और सूक्ष्म उद्यमों को समर्थन देना:

भविष्य के चैंपियन तैयार करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एक समर्पित सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास कोष शुरू किया गया है, जो चुनिंदा मानदंडों के आधार पर उद्यमों को प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

आगे केंद्रीय बजट 2026-27 में भारत को वैश्विक वस्त्र निर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने की स्पष्ट रणनीतिक दृष्टि झलकती है, साथ ही इस बजट में समावेशी विकास, स्थिरता

और व्यापक रोजगार सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। वस्त्र मंत्रालय इन पहलों के समयबद्ध और प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्यों, उद्योग, सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, कारीगरों और कौशल विकास संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण और अगले 25 वर्षों के रोडमैप को दशार्ने वाले बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक अभिनंदन किया

## मैन्युफैक्चरिंग से इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य से टूरिज्म, ग्रामीण क्षेत्रों से अक, स्पोर्ट्स से तीर्थों तक, विकसित भारत बजट देश के युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के सपनों को पूरा करने वाला

**विकसित भारत बजट में मोदी सरकार ने वित्तीय समझ के साथ विकास को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है**

**बजट 2026-27 के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी ने सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार का संकल्प है**

**यह बजट न सिर्फ हर क्षेत्र, वर्ग और नागरिक को सशक्त बनाने का एक स्पष्ट ब्लूप्रिंट है, बल्कि उसे प्रोत्साहन देने का एक जमीनी विजन भी है**

**विकसित भारत बजट शिक्षा से स्वरोजगार तक मोदी जी के विजन का सशक्त प्रतिबिंब**

**कोविड के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शी आर्थिक नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार दी है**

**बजट में पूंजीगत व्यय के लिए ₹12.2 लाख करोड़ आवंटित कर प्रधानमंत्री मोदी जी के future-ready भारत के विजन को गति दी गई है**

**नए रेल कॉरिडोर, राष्ट्रीय जलमार्ग और बेहतर कनेक्टिविटी से टियर 2 और टियर 3 शहरों में रोजगार में वृद्धि होगी**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण और अगले 25 वर्षों के रोडमैप को दशार्ने वाले बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हर भारतवासी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया।

प्लेटफॉर्म पर पोस्ट्स की श्रंखला में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा मैन्युफैक्चरिंग से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, स्वास्थ्य से लेकर टूरिज्म तक, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर अक तक, स्पोर्ट्स से लेकर तीर्थों तक, विकसित भारत बजट हर गाँव, हर कस्बे और हर शहर के युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के सपनों को शक्ति देकर उन्हें पूरा करने वाला बजट है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण और अगले 25 वर्षों के रोडमैप को दशार्ने वाले इस बजट के लिए पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी और वितंत मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हर भारतवासी की ओर से हार्दिक अभिनंदन। श्री अमित शाह ने कहा, मैं विकसित भारत बजट द्वारा रखे गए शानदार मील के पत्थर के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई देता हूं, जिसमें मोदी सरकार ने वित्तीय समझ के साथ विकास को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को जोरदार तरीके से दोहराया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राजकोषीय घाटे को 4.5% से नीचे रखने के लक्ष्य को पूरा करता है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा बजट 2026-27 के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी ने सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार का संकल्प है। इस बजट में न सिर्फ हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का एक स्पष्ट ब्लूप्रिंट है, बल्कि उसे प्रोत्साहन देने का एक जमीनी विजन भी है, जो उसे हर कदम पर मदद करेगा। विकसित भारत बजट एक ऐसे भारत के निर्माण का विजन है, जो विश्व में हर क्षेत्र में अग्रणी हो। श्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट भारत को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में दशार्ता है जो अपनी ताकत पर भरोसा रखते हुए एक उभरते हुए आर्थिक पावर सेंटर के तौर पर अपनी नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शी आर्थिक नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार दी है। श्री शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट भारत को वैश्विक मंच पर सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य के तौर पर मजबूत करने के प्रयासों को गति देता है, जिसमें पारंपरिक से लेकर नए जमाने के सभी सेक्टर शामिल हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विकसित भारत बजट में पूंजीगत व्यय के लिए ₹12.2 लाख करोड़ आवंटित कर प्रधानमंत्री मोदी जी के भविष्य के लिए तैयार भारत के विजन को गति देने का काम किया गया है, जहाँ विकास बड़े शहरों से आगे तक पहुँचता है। उन्होंने कहा कि नए रेल कॉरिडोर, राष्ट्रीय जलमार्ग और बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से टियर 2 और टियर 3 शहरों तक पहुँचने का लक्ष्य नौकरियों में वृद्धि को बढ़ावा देगा, जिससे भारत की आकांक्षाएँ नई ऊँचाइयों पर पहुँचेंगी। श्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट, भारत में कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व गति देगा। उन्होंने कहा कि आज बजट में सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई है, जिनका लक्ष्य हमारे देश के प्रमुख आर्थिक और जनसंख्या केंद्रों में शहरों के बीच कनेक्टिविटी को तेज गति देना और यात्रा के समय को कम करना है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज के स्वप्न को साकार करने की दिशा में विकसित भारत बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना की शुरूआत का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और बुनकरों, किसानों तथा हथकरघा उद्योग को नया संबल प्राप्त होगा। तटीय क्षेत्रों में कोकोनट प्रमोशन स्कीम से 3 करोड़ किसानों को लाभ, काजू-कोको के उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ावा व चंदन संरक्षण का निर्णय यह दशार्ता है कि मोदी जी किसानों की समृद्धि और कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। श्री अमित शाह ने कहा कि MSMEs को भारत की ग्रोथ स्टोरी का चैंपियन बनाते हुए विकसित भारत बजट प्रधानमंत्री मोदी जी के उस विजन को साकार करता है, जिसमें ₹10,000 करोड़ के ग्रोथ फंड के साथ एक स्पष्ट त्रिपक्षीय फ्रेमवर्क के जरिए जमीनी स्तर से अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रावधान टियर 2 और टियर 3 शहरों में MSMEs को स्ट्रक्चर्ड प्रोफेशनल मदद के जरिए अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा विकसित भारत बजट में पशुधन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का एक दूरदर्शी निर्णय लिया गया है। पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने, वेटरनरी सेंटरों और ट्रेनिंग सेंटरों के विस्तार से पशुधन आधारित अर्थ व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्र के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी देने, 500 सरोवरों के विकास से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने जैसे निर्णय मोदी सरकार के किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। श्री अमित शाह ने कहा विकसित भारत बजट में मोदी सरकार द्वारा धोलावीरा सहित 15 पुरातात्विक स्थलों को सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में विकसित करने का निर्णय भारत की प्राचीन संस्कृति को वैश्विक मंच पर स्थापित करेगा। पूर्वोत्तर के 5 राज्यों में बौद्ध सर्किट के निर्माण, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और अराक्कू घाटी में माउंटेन ट्रेल्स तथा ओडिशा, कर्नाटक और केरल में टर्टल ट्रेल्स विकसित करने से इन क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी और इको-टूरिज्म को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना से युवाओं को कौशल और रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा पर्यटन क्षेत्र को भी नई मजबूती मिलेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा विकसित भारत बजट शिक्षा से स्वरोजगार तक मोदी जी के विजन का सशक्त प्रतिबिंब है। बड़े औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर के आसपास 5 यूनिवर्सिटी टाउनशिप्स के विकास से एजुकेशन-इंडस्ट्री इंटीग्रेशन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, चार टेलिस्कोप इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के निर्माण व अपग्रेडेशन से अनुसंधान को नई गति मिलेगी। नेशनल डिजाइन इंस्टिट्यूट, 15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में AVGC लैब्स की स्थापना तथा एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट एंड एंटरप्राइज हाई-पावर्ड कमेटी का गठन नई पीढ़ी को कौशल-संपन्न बनाकर हर क्षेत्र में अग्रणी भारत के निर्माण के संकल्प को दशार्ता है। श्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट हमारे युवाओं की शक्ति के उपयोग से देश को समृद्धि के एक नए युग में ले जा रहा है, जिसके लिए 15,000 स्कूलों में कंटेंट क्रिएशन ट्रेनिंग शुरू की गई है, और सस्ते स्पोर्ट्स सामान देने के लिए खास पहल की गई है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर, IT, टेक्सटाइल, हॉस्पिटैलिटी, टूरिज्म, कॉर्पोरेट कंप्लायंस में युवाओं के करियर को लॉन्च कर, बजट उनकी तरक्की की गाड़ी को आगे बढ़ा रहा है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विकसित भारत बजट नए कनेक्टिविटी कॉरिडोर खोलकर कनेक्टिविटी में बढ़ोतरी के अगले स्तर पर जा रहा है। उन्होंने कहा कि 20 नए नेशनल वॉटरवे और फ्रेट कॉरिडोर जो पूर्व में डंकुनी को पश्चिम में सूरत से जोड़ेंगे, वे व्यापार और वाणिज्य के लिए समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। श्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत बजट, स्वस्थ भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि 10,000 करोड़ रुपये की बायोफार्मा शक्ति योजना, 1,000 ट्रायल साइट्स, 17 कैंसर की दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में छूट, दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण, मानसिक स्वास्थ्य के लिए NIMH ANS-2 पहल और 5 मेडिकल टूरिज्म सेंटर हेल्थकेयर को और ज्यादा सुलभ बनाएंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा मोदी सरकार महिलाओं को शिक्षित, समृद्ध बनाकर सशक्त करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। विकसित भारत बजट में हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल खोलने की योजना, हमारी बहनों को बेहतर और सुरक्षित शिक्षा का अवसर दिलाएगी। वहीं, मोदी सरकार लखपति दीदी बनाने के बाद अब महिलाओं के लिए SHE Marts खोलने जा रही है। यह रिटेल आउटलेट महिलाओं को एंटरप्राइज ओनर बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार बनेंगे। साथ ही रौं-टं१' बैज की लॉन्चिंग से महिलाओं को आसान फाइनेंसिंग सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी।

# रक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय बजट 2026-27 में 7.85 लाख करोड़ रुपये का सर्वकालिक उच्च आवंटन किया, जो वित्त वर्ष 2025-26 के बजटीय अनुमानों से 15 प्रतिशत अधिक है

## पूंजी शीर्ष के तहत रिकॉर्ड २.19 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए; पूंजी अधिग्रहण बजट में २४ प्रतिशत की बड़ी वृद्धि

**निजी कंपनियों सहित घरेलू उद्योगों के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये आवंटित संचालन तत्परता कोबनाए रखने हेतु उच्च बजटीय आवंटन**

**पूर्व सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वा स्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित करने में सरकार की प्रतिबद्धता मजबूत; ईसीएचएस के लिए 12,100 करोड़ रुपये आवंटित,वित्त वर्ष 2025-26 के इए से 45.49% अधिक**

**रक्षा मंत्री के अनुसार, केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के दृष्टिकोण को और मजबूती प्रदान करेगा**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्रीय बजट में, रक्षा सेवाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपये की अभूतपूर्व राशि का आवंटन प्राप्त हुआ है। यह आवंटन अगले वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित जीडीपी का 2% है और वित्त वर्ष 2025-26 के बजटीय अनुमानों (बीई) से 15.19% की महत्वपूर्ण वृद्धि दशार्ता है। कुल रक्षा बजट केंद्र सरकार के व्यय का 14.67 प्रतिशत है और मंत्रालयों में सबसे अधिक है। सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और उनकी नियमित आवश्यकता के वित्तपोषण के अलावा, महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा हुआ आवंटन उन वित्तीय आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद किए गए हथियारों और गोला-बारूद की आपातकालीन खरीद के कारण उत्पन्न हुई । पूंजी और राजस्व। रक्षा बजट का एक बड़ा हिस्सा 2.19 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए आवंटित किया गया है, जबकि 1.80 लाख करोड़ रुपये वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान के रूप में आवंटित किया गया था। इस बढ़े हुए प्रावधान के माध्यम से, सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में रणनीतिक बदलाव के साथ सशस्त्र बलों और उनकी क्षमताओं को दुनिया के उच्चतम मानकों में बदलने के अपने संकल्प की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय को किए गए कुल आवंटन में से 27.95% का हिस्सा पूंजीगत व्यय के लिए, 20.17% का हिस्सा भरण-पोषण और परिचालन तैयारियों पर राजस्व व्यय के लिए, वेतन और भत्तों पर राजस्व व्यय के लिए 26.40%, रक्षा पेंशन के लिए 21.84% और नागरिक संगठनों के लिए 3.64% है। सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण - एक रणनीतिक उद्देश्य वित्त वर्ष 2026-27 के लिए, रक्षा बलों के लिए पूंजी मद के तहत बजटीय आवंटन 2,19, 306.47 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान से 21.84 प्रतिशत अधिक है। इसमें से 1.85 लाख करोड़ रुपये पूंजी अधिग्रहण के लिए निर्धारित किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2025-26 के पूंजी अधिग्रहण बजट से लगभग 24 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में, आधुनिकीकरण के बजट में भारी वृद्धि एक रणनीतिक अनिवार्यता है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, तीसरी तिमाही यानी दिसंबर 2025 तक, रक्षा मंत्रालय ने 2.10 लाख करोड़ रुपये के अनुबंध पूरे किए हैं और अब तक 3.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के लिए आवश्यकता की स्वीकृति की मंजूरी दी है। पूंजी अधिग्रहण के तहत आगामी परियोजनाएं सशस्त्र बलों को अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान, स्मार्ट और घातक हथियारों, जहाजों/ पनडुब्बियों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन, विशेषज्ञ वाहनों आदि से लैस करेंगी।

### आत्मनिर्भरता पर जोर

वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में रुकावट और विदेशी विक्रेताओं की तुलना में घरेलू आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने ने आयात प्रतिस्थापन की आवश्यकता पर फिर से जोर दिया है और न केवल निर्वाह के लिए बल्कि भविष्य के आधुनिकीकरण के लिए स्वदेशीकरण की ओर बढ़ रहा है। इसके अनुरूप, बजटीय नीतियों के माध्यम से घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए धन निर्धारित करने की रक्षा मंत्रालय की नीति को वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान घरेलू उद्योगों के माध्यम से खरीद के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये यानी पूंजीगत अधिग्रहण बजट का 75 प्रतिशत निर्धारित करके और मजबूत किया गया है।

# एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के तौर पर कार्यभार संभाला

एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने 01 फरवरी 2026 को भारतीय वायु सेना के पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और वह 11 जून 1988 को भारतीय वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त कर चुके हैं। एयर ऑफिसर मिग-21, मिग-23, मिग-27, जगुआर और सुखोई-30 एमकेआई के सभी वेरिएंट के लिए योग्य हैं। उन्होंने 3200 से अधिक घंटे का दुर्घटना/घटना मुक्त उड़ान अनुभव प्राप्त किया है। तीन दशकों से अधिक के करियर में, एयर ऑफिसर ने विभिन्न कमांड और स्टाफ नियुक्तियों पर काम किया है। उन्होंने मिग-27 स्क्वाड्रन, टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (टीएसीडीई) की कमान संभाली है और वह फ्रंटलाइन बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग थे। वह एक फाइटर स्ट्राइक लीडर, एक इंस्ट्रूमेंट रेटिंग इंस्ट्रक्टर एंड एग्जा



मिनर (आईआरआईई) हैं, उन्होंने यूके में एडवांस कमांड एंड स्टाफ कोर्स और बांग्लादेश में नेशनल डिफेंस कॉलेज से पढ़ाई की है। उन्होंने जापान और दक्षिण कोरिया के दूतावास में रक्षा अताशे के रूप में कार्य किया है। उन्होंने एयर कमोडोर, वायु सेना निरीक्षण निदेशालय (डीएएसआई), वायु सेना मुख्यालय में सहायक वायु सेना प्रमुख (प्रशिक्षण) और वायु रक्षा कमांडर, मुख्यालय डब्ल्यूएसी की नियुक्ति की है। पूर्वी वायु कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पद संभालने से पहले, वह मुख्यालय ईएसी में सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। उनकी विशिष्ट सेवा के सम्मान में, उन्हें 2008 में वायु सेना पदक (वीएम) और 2018 में अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) से सम्मानित किया गया। एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने एयर मार्शल सूरत सिंह का स्थान लिया है, जो राष्ट्र के प्रति 39 वर्षों की विशिष्ट और समर्पित सेवा के बाद 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए।

# अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों में आक्रोश, 10 फरवरी से हड़ताल की चेतावनी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज अंचल के प्रांगण में 01 फरवरी 2026 को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कर्मचारियों ने विभागीय उदासीनता पर नाराजगी जताई और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

जिला सचिव और राजस्व कर्मचारी संजीत कुमार ने बताया कि बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार 02 फरवरी को राज्य संघ के संयुक्त मोर्चा एवं पटना जिला संघ की कार्यकारिणी संबंधित विभाग में जाकर अधिकारियों से मुलाकात करेगी और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेगी। मुख्य सचिव की अनुपस्थिति में अन्य प्रभारी पदाधिकारी से बात करने का प्रयास किया जाएगा।

आंदोलन के अगले चरण में 03 फरवरी को सभी जिला इकाई संघ अपने-अपने जिलों में काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। 05 फरवरी को प्रस्तावित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम के लिए प्रशासन से अनुमति ली जाएगी। 04 फरवरी को अवकाश के बावजूद कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे और अपनी एकजुटता एवं विरोध दर्ज कराएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत 05 फरवरी को कार्य बहिष्कार करते हुए अपने-अपने जिलों में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इसके बाद 06 फरवरी को पुनः विभाग से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा और आंदोलन की रणनीति हर स्तर पर सशक्त की जाएगी। 07 एवं 08 फरवरी को कर्मचारी सामान्य रूप से कार्य करेंगे और विभाग की ओर से किसी सकारात्मक उत्तर या लिखित आश्वासन की प्रतीक्षा करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि विभाग से कोई उत्तर या पत्राचार प्राप्त नहीं होता है, तो 09 फरवरी को पटना में अनुमति प्राप्त कर एक दिवसीय धरना आयोजित किया जाएगा। इसके समन्वय की जिम्मेदारी पटना कार्यकारिणी को राज्य संघ के सहयोग से सौंपी गई है।

संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि 10 फरवरी तक विभाग द्वारा मांगों पर कोई ठोस एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी विभागीय प्रशासन की होगी।

बैठक में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें राहुल रंजन, आशुतोष कुमार, सचिन कुमार, सचिन ठाकुर, संजीत कुमार (जिला सचिव), संतोष कुमार, पवन कुमार, हंसराज साहनी, मिथिलेश झा (जिला अध्यक्ष), जैकी प्रसाद मंडल इत्यादी शामिल थे। सभी ने आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# पटना के बिहटा में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, छह लोगों की मौत, दो घायल रेफर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के परेव लेखन टोला पुल के पास रविवार की रात्रि लगभग दो बजे के आसपास एक तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की टेंपो के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में छह लोग की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज पटना में चल रहा है। इधर घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस की टीम मौके पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया। साथ ही पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सभी टेंपो में सवार मनेर में हो रहे उर्स मेला को देखकर अपने घर भोजपुर जा रहे थे। इसी दौरान बिहटा थाना क्षेत्र के परेव लेखन टोला गांव स्थित पुल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे के दौरान ऑटो में सवार छह लोगों की मौत हो गयी जबकि दो सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पहुंची। जहां घायलों की इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर किया गया। साथ ही पुलिस ने सभी मृतको के शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अस्पताल भेज दिया। सभी मृतक छह लोग भोजपुर जिला के रहने वाले हैं और आसपास के गांव के ही बताई जा रहे हैं मौत के बाद परिवार में मातम छा गया है। घटना को लेकर बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि रविवार की रात्रि दो बजे के आसपास पुलिस को सूचना मिली कि परेव लेखन टोला पुल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी ही। टक्कर लगने के बाद घटनास्थल पर पांच लोगों की मौत हो चुकी थी। जबकि तीन लोग घायल थे जिन्हें इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर किया गया। लेकिन अभी सुबह में इलाज के दौरान एक और की मौत हो गई। जबकि दो लोग का इलाज चल रहा है। सभी मृतक भोजपुर जिला के रहने वाले हैं और मनेर में चल रहे उर्स मेला को देखकर सभी अपने घर लौट रहे थे। मृतक की पहचान भोजपुर के आरा स्थित चिक टोली निवासी 33 वर्षीय गुड्डू, 30 वर्षीय मो इम्तियाज उर्फ बुलेट, 22 वर्षीय मो सहजाद, दौलतपुर निवासी मो शहजाद का 3 वर्षीय पुत्री शफना एवं डेढ़ वर्षीय पुत्र मो अस्फी के रूप में की जा रही है। वहीं एक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जिसका व घायलों का नाम पता नही चल पाया है। घटना के बाद मृतकों के गांव में मातम छाया हुआ है। वही तेज रफ्तार में अनियंत्रित होने से हुई घटना को लेकर स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि वाहन की गति नियंत्रित नही रहने से प्रतिदिन हादसा हो रहा है। प्रशासन के सामने से गुजरनेवाली वाहनों की गति अधिक होती है जिसे देखकर नही अनदेखी की जाती है। जिसका खामियाजा आम जनों को भुगतना पड़ रहा है।

# गजना धाम परिसर में मनाई गई संत शिरोमणि रविदास की जयंती

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ गजना धाम मंदिर परिसर में संत शिरोमणि रविदास की 649 वीं जयंती समारोह पूर्वक आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं संचालन भृगुनाथ सिंह ने किया ।कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के







चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप जलाकर वंदन किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला।इस आयोजन में संत रविदास के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें उनके सामाजिक और धार्मिक योगदान शामिल हैं। वक्ताओं ने संत रविदास की शिक्षाओं और उनके संदेश को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास भक्ति आंदोलन के महान संत कवि थे, जिनका जन्म वाराणसी के पास हुआ और जो मोची का काम करते थे; उन्होंने जाति-पाति का खंडन कर सामाजिक समानता और निर्गुण ईश्वर की भक्ति का संदेश दिया, और उनके भजन गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं, जिससे वे रविदासिया पंथ के संस्थापक और समाज सुधारक के रूप में पूजे जाते हैं। कहा जाता है कि माघ मास की पूर्णिमा को जब रविदास जी ने जन्म लिया वह रविवार का दिन था जिसके कारण इनका नाम रविदास रखा गया ।गजना धाम न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि संत रविदास की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं जिसमें संगोष्ठी, कवि सम्मेलन और अन्य कार्यक्रम शामिल हैं। मौके पर मुखिया अमोद कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया टूना सिंह,करेश पासवान, कांग्रेस अध्यक्ष संतन सिंह,श्यामबिहारी सिंह, औरंगाबाद से आरएसएस के अरुण कुमार सिंह ,अधिवक्ता श्रीकांत अग्रवाल, रमजान अली,राजकुमार रजक,अरुण मेहता, कर्मदेव मुखिया, मिथिलेश चंद्रवंशी सहित गजनाधाम न्यास समिति के अन्य सदस्य एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# पटना पुलिस ने किया एम्बुलेंस लूट कांड का खुलासा, चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत खगौल लख के पास एम्बुलेंस चालक के साथ मारपीट कर एम्बुलेंस और मोबाइल लूट की घटना का पटना पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के निर्देशन में की गई त्वरित कार्रवाई में फॉर्च्यूनर सवार चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि लूटी गई एम्बुलेंस, चालक का मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर वाहन भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार 31 जनवरी 2026 को सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों ने खगौल लख के पास एक एम्बुलेंस चालक और उसके दो सहयोगियों के साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हुए एम्बुलेंस रजिस्ट्रेशन संख्या वढ23ळ 4521 और चालक का मोबाइल फोन लूट लिया है। इस मामले में एम्बुलेंस मालिक के लिखित आवेदन पर फुलवारी शरीफ थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने विशेष छापामारी दल का गठन किया और तकनीकी अनुसंधान व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या इफ25ख 8872 की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विजय कुमार को हिरासत में लिया। उसकी निशानदेही पर अगमकुआं थाना क्षेत्र से फॉर्च्यूनर वाहन बरामद किया गया। आगे की छापामारी में खगौल लख के पास से लूटी गई एम्बुलेंस और एम्बुलेंस चालक का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया। जबकि घटना में शामिल अन्य तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय कुमार उम्र 26 वर्ष पिता श्री कान्त राय, वर्तमान पता बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी कंकड़बाग थाना अगमकुआं पटना, अरविन्द कुमार उम्र 22 वर्ष पिता दिनेश पासवान निवासी मिल्की थाना कृष्णागढ़ जिला भोजपुर, मनीष कुमार उम्र 20 वर्ष पिता धन्नु राम निवासी अगिआँव थाना अगिआँव जिला भोजपुर और पवन कुमार उम्र 19 वर्ष पिता लक्ष्मण सिंह निवासी गोपाल के बथान थाना जगदीशपुर जिला भोजपुर के रूप में की गई है। इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह ने बताया कि अपराधियों ने फॉर्च्यूनर वाहन से आकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने त्वरित और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि लूट और हिंसक घटनाओं में शामिल अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पटना जिले के पालीगंज में देखा भारतीय बजट का लाइव प्रसारण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज स्थित पम्पम मैरेज हॉल में रविवार को भाजपा की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन कर दिल्ली स्थित लोकसभा में पेश किया गया भारतीय बजट 2026 का लाइव प्रसारण देखा गया।

जानकारी के अनुसार रविवार को दिल्ली स्थित लोकसभा में वित मंत्री निर्मला सीतारमन की ओर से भारतीय बजट 2026 पेश किया गया। जिसका लाइव प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से पूरे देश के बिभिन्न स्थानों पर देखा गया। इसी क्रम में पटना जिले के पालीगंज स्थित पम्पम मैरेज हॉल में भाजपा की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो भाजपा कार्यकताओं सहित अन्य लोगो ने भाग लिया। वही मौके पर मौजूद सभी लोगो ने दूरदर्शन के माध्यम से लोकसभा में पेश की जा रही भारतीय बजट 2026 का सीधा प्रसारण देखा।

मौके पर भाजपा के पटना जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार, क्षेत्रीय प्रभारी सह पूर्व जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, जिला उपाध्यक्ष कुमुद रंजन निकेश, पालीगंज विधानसभा संयोजक नारायण कुमार, कार्यक्रम संयोजक अंशुमन कुमार मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार उर्फ सिंधु, शाही जी , उतम कुमार, अभिमन्यु कुशवाहा, युवा मोर्चा सनतम कुमार, राजु कुमार, पिन्टु कुमार, बिट्टु कुमार व रामकृष्ण शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम कचहरी सचिव की मौत, परिवार को आर्थिक मदद की मांग

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखण्ड के कंकेर पंचायत के ग्राम कचहरी सचिव मो हाफिज अंसारी का निधन बीमारी एवं पैसे के अभाव में हो गया है। संघ के जिला अध्यक्ष शंकर ठाकुर ने आरोप लगाया है कि पैसा की कमी के कारण उनका इलाज नहीं हो पाया। सचिव का मानदेय कम होने और 5 महीने से नहीं मिलने के कारण परिवार की स्थिति खराब है। अध्यक्ष ने मांग की है कि सचिव की पत्नी को नौकरी दी जाए, ग्राम पंचायत सचिव का मानदेय बढ़ाया जाए और तत्काल आर्थिक मदद दी जाए। ग्राम कचहरी सचिव संघ के सदस्य रोहीत कुमार, संतोष देवी, पार्वती देवी, निलम देवी, पुष्पा देवी, अरुणजय, संजय, सारस्वती देवी, विनय गुप्ता, कुमद देवी और अर्जुन ने मांग का समर्थन करते हुए शोक व्यक्त किया है।

# नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 56 लाख की शराब जब्त

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़। गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुगढ़ पुलिस ने शनिवार तड़के 3 बजे छापामारी कर नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया। कार्रवाई में करीब 56 लाख रुपये मूल्य की नकली विदेशी शराब (वाहन समेत) जब्त की गई।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने नरकी पंचायत के पिपरा टोला स्थित बंशी मांझी उर्फ फद्दी मांझी के खाली मकान एवं दो पिकअप वैन से भारी मात्रा में नकली शराब बरामद की। साथ ही शराब तस्करी में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने बताया कि चलानिया गांव स्थित कृष्णा साव के मकान से शराब निर्माण में प्रयुक्त लिक्विड, रिफिलिंग मशीन, नकली लेबल व अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। इस मामले में 18 नामजद व 3 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 18/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार तस्करी गिरोह का नेटवर्क झारखंड से बिहार तक फैला हुआ था। छापामारी दल में विष्णुगढ़ थाना के कई पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# हजारीबाग सांसद ने पदमा मंडल की दो बालिकाओं को वैवाहिक प्रयोजन हेतु लहंगा भेंट किया

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**



पदमा -हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से पदमा मंडल अंतर्गत दो जरूरतमंद बालिकाओं को उनके वैवाहिक कार्य के लिए लहंगा भेंट किया गया। इस पहल से दोनों परिवारों में खुशी का माहौल देखा गया।

लहंगा भेंट पाने वालों में ग्राम भंडरा निवासी प्रियंका कुमारी (पिता कैलाश प्रजापति) तथा ग्राम सरैया निवासी पूजा कुमारी (पिता बासुदेव पासवान) शामिल हैं। यह सहयोग बेटियों के सम्मान और उनके नए जीवन की शुरूआत को संबल देने वाला माना जा रहा है।

लहंगा भेंट कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार मेहता, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश कुमार पाण्डेय, भाजपा नेता प्रकाश ओझा, पदमा प्रखंड उपप्रमुख सत्येन्द्र कुमार राणा, सरैया पंचायत की मुखिया शांती देवी और भाजपा वरिष्ठ नेता महेंद्र कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान सुधीर प्रजापति, सतीष पासवान, गणेश साव, संजय साव, निरंजन साव एवं मनोज यादव भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान दोनों बालिकाओं के माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इस सहयोग के लिए दोनों परिवारों ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पटना में हथियार लहराने की वीडियो वायरल होने पर युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के भूसौला दानापुर में पूजा पंडाल के पास कट्टा लहराते युवक का वीडियो व्हाट्सएप के माध्यम से वायरल होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक सरस्वती प्रतिमा स्थापित पंडाल के समीप गाने की धुन पर अपने साथियों के साथ हथियार लहरा रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने बीती रात छापामारी कर भूसौला दानापुर पोखर के पास से युवक को धर दबोचा। गिरफ्तार युवक की पहचान आलोक कुमार, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता संजय राय, निवासी भूसौला दानापुर पोखर, थाना फुलवारी शरीफ, जिला पटना के रूप में की गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वीडियो में लहराया गया कट्टा उसने अपने साथी आयुष कुमार, निवासी भूसौला दानापुर पुलिया टोला से लिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही हथियार के स्रोत और अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कहा है कि धार्मिक आयोजनों में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# केंद्रीय बजट पर झारखंड कांग्रेस का हमला, विनोद कुशवाहा ने बताई जनविरोधी बजट।


**मिंटू कुमार मतदाता दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार 9वीं बार पूर्णकालिक केंद्रीय बजट पेश किए जाने को लेकर झारखंड कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने इस बजट की जमकर आलोचना करते हुए इसे आम जनता, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग के लिए निराशाजनक बताया है। विनोद कुशवाहा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया यह बजट पूरी तरह से कॉरपोरेट और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बजट है, जबकि देश की बहुसंख्यक आबादी आज भी महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में न तो बेरोजगार युवाओं के लिए कोई ठोस योजना है और न ही किसानों की आय बढ़ाने को लेकर कोई प्रभावी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के बावजूद आम जनता को कोई राहत नहीं दी गई। खाद्य पदार्थों, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। बजट में इन मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया गया है, जिससे आम आदमी की परेशानियां और बढ़ेंगी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि झारखंड जैसे खनिज संपन्न लेकिन आर्थिक रूप से पिछड़े राज्य के लिए इस बजट में कोई विशेष पैकेज या योजना नहीं रखी गई, जिससे राज्य के विकास को गति मिल सके। उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। विनोद कुशवाहा ने आगे कहा कि मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बजट में अपेक्षित वृद्धि नहीं की गई है, जो गरीब और वंचित वर्ग के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी बजट का हर स्तर पर विरोध करेगी और जनता की आवाज को सड़क से संसद तक उठाएगी। अंत में उन्होंने कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास के नारे से कोसों दूर है और आने वाले समय में इसका सीधा असर आम जनता की जिंदगी पर नकारात्मक रूप से पड़ेगा।

# बजट 2026: आम आदमी को राहत, विकास विरोधियों को जवाब:डॉ. जटाशंकर पांडे

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ :भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, बुद्धिजीवी मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सह शिक्षाविद डॉ. जटाशंकर पांडे ने बजट 2026 को आम आदमी के पक्ष में लिया गया ऐतिहासिक और निर्णायक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल सरकार का आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि उन ताकतों को करारा जवाब है जो वर्षों तक गरीब, किसान और मध्यम वर्ग को केवल नारों में उलझाए रखती रहीं।

डॉ. पांडे ने कहा कि बजट 2026 ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता सत्ता बचाना नहीं, बल्कि जनता का जीवन बेहतर बनाना है। महंगाई नियंत्रण, खाद्य सामग्री, दवाइयों, शिक्षा और इलाज को सस्ता करने के प्रावधान यह साबित करते हैं कि सरकार आम परिवारों की रसोई और जरूरतों को समझती है, जबकि विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि किसानों को अब केवल वोट बैंक नहीं, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ मानते हुए खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने की ठोस नीति लागू की गई है। बीज, खाद, सिंचाई और फसल बिक्री की मजबूत व्यवस्था उन दलों के लिए जवाब है, जिन्होंने किसानों को कर्ज और आत्महत्या के दलदल में छोड़ा।

डॉ. पांडे ने युवाओं को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो लोग आज बेरोजगारी का रोना रोते हैं, उन्होंने अपने शासनकाल में युवाओं को सिर्फ आंदोलन और नारे दिए। बजट 2026 में स्टार्टअप, लघु उद्योग और स्किल ट्रेनिंग के जरिए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की स्पष्ट दिशा दिखाई गई है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता को लेकर भी यह बजट मील का पत्थर है। स्वयं सहायता समूहों और छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहन देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की नीति, दिखावे की नहीं बल्कि जमीनी बदलाव की सोच को दर्शाती है।

डॉ. पांडे ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए प्रावधान यह बताते हैं कि सरकार भविष्य की पीढ़ी में निवेश कर रही है। गांव से लेकर शहर तक सड़क, बिजली, पानी और डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने का संकल्प यह साफ करता है कि यह सरकार विकास में भेदभाव नहीं करती।

अंत में उन्होंने कहा कि बजट 2026 ने यह तय कर दिया है कि देश अब तुष्टिकरण और भ्रम की राजनीति से नहीं, बल्कि विकास, राष्ट्रहित और आत्मनिर्भर भारत के रास्ते आगे बढ़ेगा।

# करणी सेना गोविंदपुर के अध्यक्ष बने प्रमोद सिंह

**अभय कुमार मिश्रा,दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर झारखंड 01 फरवरी 2026:क्षत्रिय करणी सेना द्वारा संगठन विस्तार की कड़ी में रविवार को गोविंदपुर इकाई के अध्यक्ष पद पर प्रमोद सिंह को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। यह निर्णय संगठन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की सहमति से लिया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय करणी सेना के प्रदेश सचिव कमलेश सिंह ने औपचारिक रूप से इसकी घोषणा करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद सिंह को भगवा वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रमोद सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गोविंदपुर क्षेत्र में संगठन और अधिक मजबूत होगा। प्रदेश सचिव कमलेश सिंह ने कहा कि क्षत्रिय करणी सेना समाजहित, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना ही इसका उद्देश्य है। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। मौके पर मौजूद चन्द्रशेखर सिंह, बलराम सिंह,राधेशयाम सिंह,संजय सिंह,उदय सिंह,मनोज सिंह,अशोक सिंह,शंभु सिंह,कृष्णा सिंह,पवन सिंह,भानु सिंह,आशुतोष सिंह व अन्य मौजूद थे ।

# महाशिवरात्रि पर मधुरा में लगेगा ऐतिहासिक मेला, भव्य दंगल प्रतियोगिता की तैयारी शुरू

**समाज जागरण मनोज कुमार साह**

गोड्डा मेहरमा प्रखंड के मधुरा गांव स्थित मेला मैदान में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले के आयोजन को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यमुना प्रसाद सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी हर साल की तरह भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले को आकर्षक और व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा ग्रामीणों को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

मेला संरक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से महाशिवरात्रि के



अवसर पर मधुरा मेला मैदान में स्वर्गीय चूल्हाई सिंह की स्मृति में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। इसके साथ ही भव्य मेला भी लगाया जाता है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार भी परंपरा को कायम रखते हुए भव्य मेले के साथ दंगल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब सहित कई राज्यों के महिला एवं पुरुष पहलवान अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। बैठक में राजेंद्र चौबे,लाल बहादुर सिंह, हर किशोर सिंह, राजेश सिंह, रिंकू सिंह, रितेश, अंकित, शिवम सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।